हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी


श्री गंगोत्री धाम के लिए मां गंगा की पालकी यात्रा निकली

## चारधाम यात्रा का आज से शुभारंभ

# अक्षय तृतीया पर गंगोत्री और यमुनोत्री जी के खुलेंगे कपाट

## मां गंगा की उत्सव डोली का श्री गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान

एजेंसी ▶▶ देहरादून

अक्षय तृतीया पर गंगोत्री और यमुनोत्री जी के कपाट खुलने के साथ ही बुधवार से पवित्र चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। मंगलवार को शीतकालीन प्रवास स्थल मुखवा में विधि-विधान से पूजा अर्चना के बाद पतित पावनी मां गंगा की उत्सव डोली श्री गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान कर गई है। बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर शुभ मुहूर्त में श्री गंगोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। केदारनाथ और यमुनोत्री पैदल मार्ग पर इस बार 4300 से अधिक घोड़े खच्चर संचालक अपनी सेवा देंगे। केदारनाथ धाम जाने के लिए तीर्थयात्रियों को गौरीकुंड से करीब 18 किलोमीटर लंबा पैदल रास्ता तय करना पड़ता है। केदारनाथ धाम के लिए अब तक 2493 संचालकों ने पांच हजार से ▶▶ शेष पेज 4 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

IPL आज का मुकाबला
चेन्नई – पंजाब
शाम 7.30 बजे से

## खबर संक्षेप

### मंडी में किसान को वाहन ने कुचला, मौत




**नीमच।** यहां औषधि कृषि उपज मंडी में सो रहे किसान को लोडिंग मैजिक वाहन ने दो बार कुचल दिया। गाड़ी चढ़ाने के बाद ड्राइवर को अहसास हुआ कि नीचे कुछ आ गया। इसके बाद उसने गाड़ी रिवर्स ले ली। इससे वह दोबारा उसकी चपेट में आ गया। किसान की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह 6 बजे की है। बनी गांव से मोहनलाल (52) रविवार शाम को अश्वगंधा की उपज लेकर मंडी पहुंचे थे। उनकी बस छूट गई। वे मंडी में ही सो गए थे। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

### पति ने हंसिए से काटी पत्नी की नाक, गंभीर



**मुरैना।** जिला में एक पति ने गुस्से में आकर धारदार हंसिए से पत्नी पर जानलेवा हमला किया। इस हमले से पत्नी की नाक कट गई। प्रहार को रोकने के प्रयास में महिला के हाथ भी गंभीर रूप से जख्मी हो गए। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के आजाद नगर की है। पति-पत्नी के बीच हुई इस जानलेवा लड़ाई की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस की टीम पहुंच गई। पुलिस ने घायल अवस्था में महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। नाजायज संबंधों को लेकर पति-पत्नी के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था।

### जैन स्थानक पर किया पथराव, टूटे शीशे



**उज्जैन।** शहर में सोमवार रात को अज्ञात हमलावरों ने जैन स्थानक पर पत्थरबाजी की। इससे भवन के शीशे टूट गए। अरविंद नगर स्थित जैन समाज के समता भवन स्थानक में उदयपुर से आई साध्वी प्रज्ञा, साध्वी प्रेक्षा, साध्वी प्रणति, साध्वी प्रशस्ति ठहरी हुई हैं। गनीमत ये रही कि स्थानक में सो रही इन साध्वियों को चोट नहीं लगी। मंगलवार सुबह जैन समाज के लोगों को तोड़फोड़ की खबर लगी तो स्थानक के बाहर भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए चिमनगंज मंडी थाने में शिकायती आवेदन दिया है। स्थानक ट्रस्ट के शुभम सूर्या ने बताया कि विवाद सोमवार शाम को हुआ।


## पूर्व कमांडो हामिद मूसा निकला पहलगाम हमले का मास्टर माइंड, पाक रक्षा मंत्री के एक्स अकाउंट पर 'ताला'

### पाक के खिलाफ 'बड़े एक्शन' से पहले ताबड़तोड़ बैठकें, पीएम से फिर मिले राजनाथ, जयशंकर, डोभाल और तीनों सेना प्रमुख

# पीएम ने सेना के हाथ खोले, कहा-आतंकी और उनके आकाओं को पूरी तरह कुचल दें

*मंगलवार शाम को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। राजनाथ सिंह की पीएम मोदी से यह चौथी मुलाकात थी। सीडीएस अनिल चौहान समेत तीनों सेनाओं के प्रमुख ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। यह बैठक करीब ढाई घंटे तक चली।*



*बुधवार को चार बड़ी बैठकें हैं। सात दिन में दूसरी बार सीसीएस की बैठक है। इससे लगी हुई कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स ( सीसीपीए), कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) और फिर कैबिनेट की बैठक है।*

### पीएम ने कहा कि सेनाएं कार्रवाई का टारगेट व वक्त तय करें


एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पाकिस्तान के साथ सीमा पर तनाव के बीच दिल्ली में बड़ी हलचल है। मंगलवार शाम को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, एनएसए अजित डोभाल पीएम नरेंद्र मोदी से मिलने प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। राजनाथ सिंह की पीएम मोदी से यह चौथी मुलाकात थी। तीनों सेनाओं के प्रमुख ने भी इस बैठक में हिस्सा लिया। यह बैठक करीब ढाई घंटे चली। इसके बाद पीएम मोदी ने तीनों सेनाओं के ▶▶ शेष पेज 4 पर


हामिद मूसा

बैठक के बाद संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पीएम से मिलने उनके आवास पर पहुंचे

### 48 पर्यटक स्थल बंद, जम्मू-कश्मीर सरकार ने खूफिया सूचना के बाद लिया फैसला



पहलगाम हमले के बाद घाटी में 87 में से 48 पर्यटक स्थल बंद कर दिए गए हैं। सुरक्षा एजेंसियों की सिफारिश पर जम्मू-कश्मीर की उमर सरकार ने यह फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार पहलगाम हमले के बाद घाटी में कुछ स्लीपर सेल सक्रिय हो गए हैं, उन्हें उनके आकाओं ने गतिविधि शुरू करने के निर्देश दिए हैं।

### संघ प्रमुख के साथ पीएम मोदी की बैठक अहम



*आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की है। यह मुलाकात पहलगाम आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में हुई है। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक आतंकी हमले के सिलसिले में हुई। बताया जा रहा है कि गृह मंत्री अमित शाह भी भागवत के साथ बैठक में मौजूद थे। पाकिस्तान से संबंध रखने वाले आतंकवादियों द्वारा 22 अप्रैल को किए गए आतंकी हमले के बाद, सरकार द्वारा जवाबी कार्रवाई के विकल्पों पर विचार किए जाने के बीच प्रधानमंत्री आवास पर दोनों नेताओं (शाह और भागवत) ने अपने विचार साझा किए। आरएसएस को केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा का वैचारिक मार्गदर्शक माना जाता है, इसलिए यह बैठक मायने रखती है। यह मुलाकात इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि, आरएसएस के वर्षों के इतिहास में संभवतः पहली बार कोई सर संघचालक प्रधानमंत्री से मिलने उसके आवास पहुंचे हैं। अब तक प्रधानमंत्री और संघ प्रमुखों की बैठक अलग-अलग कार्यक्रमों में ही होती रही है।*

### अब रक्षा मंत्री ख्वाजा जहर कहां उगलेगा?



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मोहम्मद आसिफ का एक्स अकाउंट भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ख्वाजा लगातार जहर उगल रहे थे। ख्वाजा आसिफ ने भारत के सैन्य हमले के डर को भी कबूल किया था।

### 'अल्लाह हू अकबर' का नारा लगाने वाले से पूछताछ



*राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने 22 अप्रैल को पहलगाम हमले की जांच के लिए मुजम्मिल को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुज्जमिल से पूछा गया कि गोलियां चलने के बाद उसने तीन बार अल्लाह हू अकबर क्यों बोला।*

### कूटनीतिक मोर्चे पर भी पाक को घेरने की तैयारी

कूटनीतिक मोर्चे पर भी भारत पाकिस्तान को वैश्विक मंचों पर अलग-थलग करने की रणनीति बना रहा है। विदेश मंत्रालय ने कई देशों के साथ संपर्क साधा है, और नीदरलैंड जैसे देशों ने इस हमले की निंदा करते हुए भारत के साथ एकजुटता दिखाई है। पाकिस्तान को फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में डालने की मांग भी जोर पकड़ रही है।

#### एक नकाबपोश बैरक में घुसा व भाग गया

## थाने में घुसकर प्रधान आरक्षक को गोली मारी, हालत 'गंभीर'

एसपी विवेक सिंह देखने पहुंचे

पुलिसकर्मी के शरीर में एक और भी इंजुरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

सतना में एक प्रधान आरक्षक को थाने के भीतर घुसकर गोली मार दी गई। सीने में गोली लगने के बाद घायल को देर रात रीवा के संजय गांधी अस्पताल लाया गया। जिसे आईसीयू में रखा गया है। जिसकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है। जैतवारा थाना के मुंशी प्रिंस गर्ग ड्यूटी के बाद खाना खाने की तैयारी कर रहे थे। तभी एक नकाबपोश बैरक में घुस गया, इससे पहले कि मुंशी कुछ समझ पाते बदमाश ने कट्टे से गोली चला ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### भोपाल लव जिहाद कांड में एक और जांच

## राष्ट्रीय महिला आयोग ने बनाई तीन सदस्यीय कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एक निजी कॉलेज में छात्राओं को लव जिहाद में फंसाकर दुष्कर्म और ब्लैकमेल के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष विजया रहाटकर ने गंभीरता को देखते हुए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति 3 मई से लेकर 5 मई, 2025 को भोपाल दौरा करेगी तथा मामले की जानकारी लेकर, एक विस्तृत रिपोर्ट आयोग को सौंपेगी। जांच समिति में झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर को अध्यक्ष का जिम्मा सौंपा गया है। इसके अलावा अधिवक्ता जबलपुर उच्च न्यायालय की सदस्य निर्मला नायक और राष्ट्रीय महिला आयोग अवर सचिव आशुतोष पांडेय को सदस्य ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ समिति तीन दिन भोपाल में दौरा करेगी

#### कई छात्र-छात्राएं गफलतबाजी का शिकार

## परीक्षा कराए बिना परिणाम घोषित कर दिए रादुविवि ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुविवि) ने एक बार फिर अपनी लचर कार्यप्रणाली से शैक्षणिक जगत को हैरान कर दिया है। 27 अप्रैल 2025 को बीबीए प्रथम वर्ष के परिणाम धड़ाधड़ घोषित कर दिए गए, जबकि ओपन इलेक्टिव विषय डेटा एनालिसिस एंड विजुअलाइजेशन थ्रू स्प्रेडशीट की परीक्षा कराना ही भूल गए थे। आनन-फानन में अब 3 मई 2025 को सुबह 7 से 10 बजे तक इस परीक्षा के आयोजन का ऐलान किया गया है। गफलतबाजी का सिलसिला यहीं नहीं थमा, बीबीए द्वितीय वर्ष की परीक्षाएं 26 अप्रैल 2025 को पूरी घोषित कर दी गई थीं और परिणाम जारी करने की तैयारी भी कर ली गई थी, पर अब पता चला कि रूरल बैंकिंग ऑफ इंडिया ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ अब परीक्षाओं की नई तारीखें दी गईं

#### सागर के सानौधा से हिंदू लड़की को भगा ले गया था

## आरोपी अनस की दुकान और मकान पर चलाया बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सागर

सागर जिले के सानौधा गांव में पिछले दिनों हिंदू लड़की को भगा ले जाने वाले आरोपी अनस के घर और दुकान को तोड़ने की कार्रवाई मंगलवार की सुबह से शुरू हो गई।

अतिक्रमण में बनाए गए निर्माण को ढहाने के लिए जिला प्रशासन सहित राजस्व विभाग के अधिकारी और भारी पुलिस बल को मौके पर तैनात किया गया है। 19 अप्रैल को हुए उपद्रव के बाद मंगलवार को राजस्व विभाग का अमला दलबल के साथ पहुंचा और सरकारी जमीन पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू हुई। सानौधा पुलिस और परसोरिया नायब तहसीलदार के नेतृत्व में टीम बुलडोजर के साथ अतिक्रमण हटा रही है। सानौधा का अनस लड़की की ▶▶ शेष पेज 4 पर


■ 19 अप्रैल को हुआ था भारी उपद्रव

#### भाजपा विधायक लोधी के तेवर बरकरार, बोले

## गुलामी मंजूर नहीं, परेशान किया तो पीएम मोदी के पास जाऊंगा

### पार्टी ने प्रीतम लोधी को भोपाल किया था तलब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछोर विधायक प्रीतम लोधी एक बार फिर मुखर हुए हैं। उन्होंने साफ शब्दों में दोहराया कि परेशान करोगे तो चुप नहीं बैठूंगा। लोधी ने यह भी कहा कि जरूरत पड़ने पर पीएम नरेंद्र मोदी के पास भी जाउंगा। उन्होंने यहां तक कह दिया कि गुलामी मंजूर नहीं। भाजपा विधायक प्रीतम लोधी ने 23 अप्रैल को वीरांगना अवंतीबाई लोधी के बलिदान दिवस पर पिछोर से शिवपुरी तक जन जागरूकता यात्रा निकाली। इसके बाद माधव चौक पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी ही सरकार और प्रशासन को घेरा। अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए विधायक ने भरे मंच से कहा कि अधिकारियों ने कार्यकर्ताओं ▶▶ शेष पेज 4 पर



#### मंदिर के शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना वास्तुकला की दृष्टि से महत्वपूर्ण

इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई

## अयोध्या में रामलला के धाम पर ऊंचाइयों को छूता 42 फीट लंबा ध्वज दंड स्थापित

***इस दौरान ध्वज दंड निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों की नक्काशी करने वाले ठेकेदार नरेश मालवीय, पत्थरों के कार्य का सुपरविजन करने वाले चंद्रशेखर सोमपुरा के साथ एक बड़ी टीम मौजूद रही***



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

भक्ति, श्रद्धा और शिल्प कला के अद्भुत संगम के बीच मंगलवार को वैशाख शुक्ल द्वितीया के अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर 42 फीट लंबा ध्वज दंड विधिपूर्वक स्थापित किया गया। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना न केवल वास्तुकला की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह अयोध्या के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव में भी एक नया अध्याय जोड़ता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए अत्यंत भावुक करने वाला रहा, जो अब रामलला के भव्य धाम ▶▶ शेष पेज 4 पर

### विशाल क्रेनों की मदद से ऊंचाई तक पहुंचाया गया

इस कार्य में लार्सन एंड टूब्रो और टाटा ट्रस्ट के इंजीनियरों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ट्रस्ट के इंजीनियर ट्रस्टी अनिल मिश्रा, ध्वज दंड के निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पत्थरों पर उत्कृष्ट नक्काशी करने वाले नरेश मालवीय और सुपरविजन का कार्य देख रहे चंद्रशेखर सोमपुरा सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना के दौरान तकनीकी टीम ने दो विशाल क्रेनों की सहायता से इसे ऊंचाई ▶▶ शेष पेज 4 पर

### नृपेंद्र मिश्रा बोले- 5 जून को पूरा हो जाएगा राम मंदिर का कंस्ट्रक्शन



23 मई और 5 जून की तिथियों का अपना ज्योतिषीय योग है इसलिए 23 मई को स्थापना करने और 5 जून को पूजा संपन्न होने के बाद राम दरबार को आम लोगों के लिए खोलने का निर्णय किया गया है। राम मंदिर का निर्माण कार्य 5 जून को पूरा हो जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने यह जानकारी दी। मंदिर परिसर में महर्षि वाल्मीकि, श्री वशिष्ठ जी, अहिल्या जी, निषादराज महाराज, शबरी माता और अगस्त्य मुनि के मंदिर भी 5 जून के बाद आम लोगों के लिए खोल दिए जाएंगे। छह मंदिरों की पूजा 5 जून को की जाएगी।

## सांप्रदायिक सदभाव को बिगाड़ने की कोशिश का मामला भी दर्ज

# पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़कर मारपीट करने वाले आरोपियों का निकाला गया जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी से मारपीट कर वर्दी फाड़ने वाले 2 आरोपियों का हबीबगंज इलाके में जुलूस निकाला गया। इस दौरान आरोपियों से नारे लगाते हुए सुना गया कि पुलिस पर हाथ उठाना पाप है, पुलिस हमारी बाप है।

पुलिस अधीक्षक रेलवे राहुल कुमार लोढ़ा के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके से एक आरोपी को पकड़ा था। इसके बाद फरार 2 आरोपियों को दबिश देकर मंगलवार को गिरफ्त में ले लिया गया। घटना शनिवार-रविवार दरमियानी रात करीब डेढ़ बजे की है। रानी कमलापति स्टेशन परिसर की पार्किंग में एक कार में महिला सहित तीन युवक शराब पीते हुए पाए गए थे। मौके पर ड्यूटी पर तैनात प्रधान आरक्षक नजर दौलत खान ने जब उन्हें रोका, तो आरोपियों ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। इतना ही नहीं, उनकी वर्दी तक फाड़ दी और धार्मिक आधार पर आपत्तिजनक टिप्पणी की। एक आरोपी जीतेन्द्र यादव को पकड़ लिया गया था और अन्य दो आरोपी महिला के साथ फरार हो गए थे। जीआरपी ने आरोपियों की तलाश के लिए एक विशेष टीम गठित की, जिसने लगातार लांबाखेड़ा, करोंद, भानपुर इलाकों में उनके ठिकानों पर दबिश दी। मंगलवार को आरोपियों को पकड़कर उनसे एक स्कॉर्पियो गाड़ी भी जब्त की गई है। घटना के वक्त आरोपी स्कार्पियो में बैठे थे। वहीं आरोपियों के साथ मौजूद रही महिला पर भी धारा 151 के तहत कार्रवाई की गई है।

### सांप्रदायिक आधार पर भीड़ को भड़काने की कोशिश की थी




आरोपियों में पकड़े गए दिलीप अहिरवार ने घटनास्थल पर भीड़ को भड़काने के इरादे से पुलिसकर्मी पर सांप्रदायिक टिप्पणी भी की थी और आसपास मौजूद भीड़ को भड़काने की कोशिश की थी। आरोपियों पर सरकारी कर्मचारी पर हमला के अलावा सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश का मामला भी दर्ज किया गया है।

### सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ था वायरल

पुलिसकर्मी से मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ था। पकड़े गए आरोपियों में 35 वर्षीय दिलीप अहिरवार निवासी निशातपुरा, 32 वर्षीय जीतेन्द्र यादव और अमन यादव शामिल हैं।

### आरोपियों की जमानत खारिज

आरोपी दिलीप अहिरवार और जितेंद्र यादव को विशिष्ट रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे के न्यायालय में पेश किया था। जीआरपी के विशेष लोक अभियोजक देवेंद्र यादव ने जमानत आवेदन को निरस्त करने का अनुरोध किया। विशिष्ट रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे ने जमानत आवेदन को निरस्त कर आरोपियों को 11 मई तक जेल भेज दिया।

### रिटायर्ड डीजीपी बोले, पुलिस पर हमला संगीन अपराध



राजधानी सहित पूरे प्रदेश में पुलिस अमले के बुरे हाल है। स्थिति यह है कि आए दिन पुलिस पर हमला हो रहा है। आखिर क्या बात है कि पुलिस पर गुंडे हावी हो रहे हैं? रानी कमलापति स्टेशन पर खुले आम पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़कर मारपीट करने वाले आरोपी भले ही पकड़ लिए गए हों, लेकिन लगातार हो रही इन घटनाओं में प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिटायर्ड डीजीपी एनके त्रिपाठी का कहना है कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए तैनात है। पुलिस पर ही हमला होना संगीन अपराध है। इस तरह के मामलों को सख्ती से निपटने की जरूरत है। पुलिस जवान ही अपराधियों की धरपकड़ के लिए जाते हैं। ऐसे में जब उन पर अटैक की स्थिति बनती है तो ऐसी परिस्थितियों में उच्च अधिकारियों का भी सहयोग जरूरी है। ताकि पुलिसकर्मियों का मनोबल बना रहे। हमलावरों को पकड़ने भर से कुछ नहीं होगा, उनको न्यायालय से सजा दिलाने की पूरी कोशिश भी होनी चाहिए।

# वाटर प्लस टीम ने पर्यटन स्थलों और नालों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत वाटर प्लस सर्वे मंगलवार को भी जारी रहा। दिल्ली से आई 10 सदस्यीय सर्वे टीम ने जोन 21 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। हालांकि टीम सोमवार से ही सर्वे में जुटी है, लेकिन मंगलवार को टीम ने बड़ा तालाब, लिंक रोड-2, न्यू मार्केट, पॉलिटेक्निक चौराहा, सयाद्री परिसर, डिपो चौराहा, भारत माता चौराहा और कमला पार्क जैसे प्रमुख स्थानों का दौरा किया। इस दौरान टीम ने वाटर बॉडीज, सार्वजनिक स्थान, पर्यटन स्थल, नाले-नालियों की स्थिति को देखा, उनके फोटो लेकर साइट पर अपलोड किए और मौके पर मौजूद आम लोगों से पब्लिक फीडबैक भी लिया।

### दूसरे दिन टीम बड़ा तालाब, न्यू मार्केट, कमला पार्क पहुंची

#### जोन-21 में 15 पर्यटन स्पॉट

जोन 21 के तहत 15 पर्यटन स्थल आते हैं, इसी कारण टीम का विशेष फोकस इस क्षेत्र पर बना हुआ है। फिलहाल जोन 21 में सर्वे का कार्य पूरा नहीं हुआ है और उम्मीद है कि टीम बुधवार को भी यहां निरीक्षण करेगी। सिटी प्रोफाइल के तहत जोन सात, आठ, 10, 18, 19 और 21 को चुना गया है। इसलिए सर्वे टीम का प्रमुख ध्यान इन्हीं क्षेत्रों पर केंद्रित है।

#### दो दर्जन जगहों पर देखी हकीकत

मंगलवार को टीम ने करीब 25 स्थानों का निरीक्षण किया। वाटर प्लस सर्वे के तहत तालाबों, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, सुलभ शौचालयों और नालों की सफाई की स्थिति को बारीकी से परखा। इसे देखते हुए नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया है। सर्वे की प्रक्रिया अगले आठ दिन और जारी रहेगी।

महानिरीक्षक पंजीयन ने शुरू की जांच, एसडीएम से मांगी फिजिकल रिपोर्ट

# सहारा समूह की पांच प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री में स्टांप चोरी, एसडीएम से मांगा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में सहारा समूह की प्रॉपर्टी को लेकर जांच चल रही है। जिसको लेकर पिछले दिनों आईजी पंजीयन ने भोपाल के कोलार स्थित मक्सी गांव में पांच प्रॉपर्टी की बिक्री में स्टांप चोरी को लेकर जांच शुरु की है। जिसके बाद कोलार एसडीएम से इन प्रॉपर्टी का फिजिकल वेरिफिकेशन का प्रतिवेदन तलब किया है। जिसको लेकर कोलार एसडीएम को तीन बार पत्र भेजा गया है, लेकिन वेरिफिकेशन का प्रतिवेदन नहीं मिला है।

पंजीयन विभाग ने मेसर्स सिनपा रियल स्टेट प्राइवेट लिमिटेड ग्राम मक्सी स्थित पांच रजिस्ट्री, जिसमें 3 जनवरी 2022, दूसरी 17 जनवरी 22, तीसरी 8 फरवरी 22, चौथी और पांचवीं 10 मार्च 22 को की गई थी। इन रजिस्ट्री में स्टांप चोरी को लेकर विभाग जांच कर रहा है। पटवारी और तहसीलदार के प्रतिवेदन के आधार पर ही पता चलेगा कि रजिस्ट्री में स्टांप ड्यूटी की चोरी की गई है या नहीं।

### तीन बार लिखा एसडीएम को पत्र

स्टांप शुल्क को लेकर आईजी पंजीयन ने इन प्रॉपर्टी की बारीकी से जांच की जानी है। जिसको लेकर निर्माण, सड़क से लगे खसरे, आवासीय, व्यवसायिक, डायवर्जन को लेकर प्रतिवेदन मांगा है। जिसमें पटवारी और तहसीलदार से फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद प्रतिवेदन मांगा गया है। वरिष्ठ जिला पंजीयक ने 11 फरवरी और 21 फरवरी और 10 मार्च को पत्र दिया गया है, लेकिन अब तक प्रतिवेदन नहीं मिला है।

### शैल कंपनियों में जमा कराए रुपए

बताया जाता है कि भोपाल स्थित जमीन बेचकर सेबी-सहारा रिफंड खाते में रुपए जमा कराने के नियम का भी उल्लंघन किया गया है। सहारा ग्रुप ने ये रुपए सहारा इंडिया रियल एस्टेट लिमिटेड, सहारा हाउसिंग इन्वेस्टमेंट कार्पोरेशन और निजी शैल कम्पनियों के खातों में जमा कराए हैं।

### दो दिन में भेज देंगे प्रतिवेदन

सहारा समूह से जुड़ी पांच प्रॉपर्टी के खसरे सहित अन्य जानकारी को लेकर पंजीयन विभाग ने जानकारी मांगी है, जिसके संबंध में विभाग का पत्र मिला है। तहसीलदार को दो दिन में प्रतिवेदन देने को कहा गया है।

**आदित्य जैन, एसडीएम कोलार**









भोपाल
बुधवार, 30 अप्रैल 2025
वैशाख मास शुक्ल पक्ष-03
वर्ष : 12, अंक : 29
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 41
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




haribhoomi.com



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### 52वें सीजेआई बने जस्टिस बीआर गवई



नई दिल्ली। न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई को मंगलवार को भारत का अगला प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) नियुक्त किया गया। न्यायमूर्ति गवई 14 मई को सीजेआई का पदभार संभालेंगे। मौजूदा सीजेआई न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का 13 मई को कार्यकाल समाप्त हो रहा है। जस्टिस गवई उनकी जगह लेंगे। वह देश के दूसरे दलित मुख्य न्यायाधीश हैं।

### मदर डेयरी ने दो रुपए बढ़ाए दूध के दाम



नई दिल्ली। मदर डेयरी ने बुधवार से दूध की कीमतों में प्रति लीटर दो रुपए तक की बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। यह निर्णय बढ़ती इनपुट लागत की भरपाई के लिए लिया गया है। नई दरें 30 अप्रैल 2025 से दिल्ली-एनसीआर सहित सभी बाजारों में लागू होंगी। दुग्ध उत्पादकों से दूध की खरीद कीमतों में चार से पांच रुपए प्रति लीटर की वृद्धि हुई है।

### तबादलों में नियम व शर्तें सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की पूर्व में जारी नियमों के तहत होंगी

# 1 से 30 मई तक होंगे तबादले, विभागों को इस पर 'अपनी नीति' बनाने की छूट

**विभागवार पदों व संवर्ग में यदि संख्या 200 है तो 20 फीसदी, 201 से 1000 तक 15 फीसदी, 1001 से 2000 तक में 10 फीसदी और 2001 से अधिक में महज 5 फीसदी ही तबादले होंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

मप्र के सभी विभागों में तबादले एक मई से 30 मई के बीच में हो सकेंगे। कैबिनेट ने मंगलवार को तबादले पर लगे प्रतिबंध को शिथिल करते हुए एक महीने के लिए छूट दी है। यह तबादला स्वैच्छिक व प्रशासनिक स्तर पर होगा।

विभागवार पदों व संवर्ग में यदि संख्या 200 है तो 20 फीसदी, 201 से 1000 तक 15 फीसदी, 1001 से 2000 तक में 10 फीसदी और 2001 से अधिक में महज 5 फीसदी ही ताबदले होंगे। तबादले में नियम व शर्तें सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) की पूर्व में जारी नियमों के तहत होंगी। हालांकि, विभाग चाहे तो अलग से तबादला नीति जारी कर सकते हैं। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें करीब एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पेज 4 पर

*महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की मंजूरी के बाद एरियर राशि सहित राज्य शासन पर कुल 3500 करोड़ रुपए का व्यय भार अनुमानित*




### शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों, परिवार पेंशनरों को देय महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत को भी मिली मंजूरी

- ▸▸ शासकीय सेवकों को एरियर्स पांच किस्तों में मिलेगा
- ▸▸ यूपीएस स्कीम के लिए भी समिति गठित हुई
- ▸▸ कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना को भी मिली मंजूरी

#### 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी को मिली मंजूरी

बैठक में राज्य शासन के सातवें वेतनमान प्राप्त कर रहे शासकीय सेवकों को एक जुलाई 2024 से 3 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 53 प्रतिशत एवं एक जनवरी 2025 से 2 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए कुल 55 प्रतिशत के मान से महंगाई भत्ता में वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह छठवें वेतनमान के कार्मिकों एव निगमों, मंडलों, उपक्रमों के राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति पर राज्य शासन में कार्यरत पांचवें एवं चौथे वेतनमान के तहत कार्मिकों को समानुपातिक आधार पर महंगाई भत्ता में वृद्धि के लिए वित्त विभाग को अधिकृत किया गया। कैबिनेट ने इस मसौदे को भी मंजूरी दी गई।

#### एरियर्स का भुगतान इस अनुसार होगा

*कैबिनेट से मिली मंजूरी के अनुसार एक जुलाई 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक की एरियर राशि का भुगतान जून 2025 से अक्टूबर 2025 तक पांच किस्तों में किया जाएगा। इसमें प्रथम किस्त भुगतान जून 2025, द्वितीय किश्त का भुगतान जुलाई 2025, तृतीय किस्त भुगतान अगस्त 2025, चतुर्थ किस्त भुगतान सितंबर 2025, पांचवी किस्त भुगतान अक्टूबर 2025 में किया जाएगा। इसी तरह एक जनवरी 2024 से 30 सितंबर 2024 की अवधि में सेवानिवृत, मृत शासकीय सेवकों के संबंध में उन्हें, नामांकित सदस्य को एरियर राशि का भुगतान एकमुश्त किए जाने का निर्णय लिया गया। राज्य शासन के पेंशनर्स, परिवार पेंशनर्स को एक मार्च 2025 से सातवें वेतनमान के तहत 53 प्रतिशत एवं छठवें वेतनमान के तहत 246 प्रतिशत पेंशन राहत स्वीकृत करते हुए छत्तीसगढ़ शासन के पत्र दिनांक 12 मार्च 2025 पर सहमति प्रदान करने का निर्णय लिया गया।*

## ◆ अहमदाबाद में अवैध बस्ती ध्वस्त, अवैध बांग्लादेशी पकड़ाए

**करीब 2 हजार पुलिस बल तैनात रहा**



### गुजरात के इतिहास का ये सबसे बड़ा बुलडोजर एक्शन

**अहमदाबाद।** गुजरात में अहमदाबाद प्रशासन ने चंदोला झील क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। पुलिस की उपस्थिति में अवैध अतिक्रमण हटाए जा रहे हैं। पुलिस कमिश्नर ज्ञानेंद्र सिंह मलिक ने कहा कि हाल ही में पुलिस ने तीन दिन पहले एक बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया, 180 से अधिक अवैध बांग्लादेशियों की पहचान की गई है, यह प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने व्यापक व्यवस्था की है, लगभग 2,000 ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बादल, आंधी और बारिश के बाद 4 डिग्री तक गिरेगा तापमान

## सबसे अधिक दिन का पारा गुना में 43.5 डिग्री, 8 जिले भी तपे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में मंगलवार को मामूली घट-बढ़ के साथ दिन का पारा सामान्य के करीब रहा। विशेषकर प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में गर्मी का असर अधिक रहा।

वहीं, दोपहर बाद एक दर्जन के करीब जिलों में तेज हवाओं के साथ कहीं-कहीं बौछारें पड़ीं। सबसे अधिक दिन का पारा गुना में 43.5 डिग्री रहा। साथ ही रतलाम, धार, खंडवा, रायसेन, उज्जैन, खजुराहो, नरसिंहपुर और टीकमगढ़ में भी पारा



43 डिग्री तक रहने से तेज गर्मी रही। हालांकि, सीधी और में बारिश के बाद पारा 4 से 11 डिग्री तक गिरा है। बालाघाट में बारिश के साथ ओले गिरने के बाद तापमान में 11.2 डिग्री की कमी आई। पारा सबसे कम 25.9 डिग्री ▸▸ शेष पेज 4 पर





Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj - Phase -II, New Delhi - 110070, India. | CIN: L35911DL1984PLC017354 | For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorised outlet or call our toll-free no.: 1800 266 0018 or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. **Finance offer is at sole discretion of the financer, subject to its respective T&Cs. Offers are valid in select states for a limited period or till stock lasts. For more details, please visit your nearest authorized Hero outlet. Ex-showroom prices are applicable in Madhya Pradesh. #Offer Valid on HF DLX kick and Self Variants. $Green Bonus is applicable Pan India on select Hero products and bonus amount may vary as per model/variant. *Terms & Conditions apply.

अधिकृत डीलरः भोपाल: वरेण्यम हीरो (प्रभात पेट्रोल पंप, रायसेन रोड 9289922466, जे.के. रोड 8959905381), साँई हीरो (डी.आई.जी. बंगला, बैरसिया रोड) 9289922685, यूनाईटेड हीरो (कोहेफ़िज़ा) 9289923150, बैतूल: खण्डेलवाल हीरो 9289922624, सीहोर: मंत्री हीरो (कन्हैयालाल मंत्री पेट्रोल पंप, इंदौर नाका) 9522257567, ब्यावरा: आनंद हीरो 9289922871, गुना: गगन हीरो 9289922358, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, होशंगाबाद: पुण्यशिला हीरो 9289922360, हरदा: राहुल हीरो 9289922491, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, सागर: सेन्ट्रल हीरो (भगवानगंज, मक्रोनिया) 9289922376, टीकमगढ़: आनंद हीरो 9289923112, छतरपुर: आनंद हीरो (झाँसी रोड 9289922374, पन्ना रोड 7389238472), ग्वालियर: तनुष्का हीरो (सिटी सेन्टर 9289922371, मुरार 4099928, कम्पू 4072000), तरन अंगद हीरो (फूलबाग 9289922483, सखियाँ विलास 2438534), भिन्ड: शिवम हीरो 9289922787, दतिया: शिव हीरो 9289923172, मुरैना: गगन हीरो 9289922678, श्योपुर: आशीष हीरो 9289922832, शिवपुरी: रघुवंशी हीरो 9289922571, अशोक नगर: आरव हीरो 9821743269, इंदौर: पटवा अभिकरन हीरो (पलासिया स्क्वायर) 9289922352, वी.एन. हीरो (एयरपोर्ट रोड) 9289923061, सुखमणी हीरो (अन्नपूर्णा रोड) 9289922719, संस्कार हीरो (विजय नगर) 9289922824, सपना संगीता हीरो (भवरकुआँ) 9289923211, बड़वानी: शर्मा हीरो 9289922742, बुरहानपुर: श्रीजी हीरो 9289922372, देवास: खुराना हीरो (ए.बी. रोड 9289922488, गंगानगर 9993596392), धार: साक्षी हीरो 9289922618, हाट पिपलिया: श्रीराम हीरो 9289923154, झाबुआ: नाकोड़ा हीरो 9289922679, कुक्षी: अन्नपूर्णा हीरो 9289922749, खण्डवा: ठक्कर हीरो 9289923018, खरगोन: निमाड़ हीरो 9289922378, महू: लक्ष हीरो 9289923176, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, सनावद: राजेश हीरो 9289922774, एसोशिएट डीलर: आष्टा: श्री रघुवीर मोटर्स 9893018553, 7428594671, बगदोना: आर्यन्स इन्टरप्राईज़ेज 7428594665, बरेली: श्री सूर्योदय हीरो 9826832251, 9098960970, भोपाल: मानिक मोटर्स 8827379110, बंडा: श्रुति मोटर्स, 7879573737, नसरुल्लागंज: जीवन मोटर्स 9977926838, गंजबासोदा: ध्रुव इन्टरप्राइज़ेज 9826867673, इटारसी: रेवा मोटर्स 9425630406, जतारा: शारदा माँ ऑटोमोबाईल 9111231539, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 9425436890, पिपरिया: राज मोटर्स 7576454997, नरसिंहगढ़: गुरुकृपा मोटर्स 9303416007, 7428595910, पचोर: प्रिंस ऑटोमोबाईल्स 9755131010, रायसेन: युवराज मोटर्स 7828500001, 7428595899, बीना: राहुल ऑटोमोबाईल्स 9893494971, टीकमगढ़: एस.एस. इन्टरप्राइज़ेज 7000242371, खरगापुर: हरिओम ऑटोमोबाईल्स 9993267954, राघोगढ़: बृजेश इंटरप्राइजेज 7999006113, श्यामपुर : गोपी मोटर्स 9111009671, लटेरी: श्याम हीरो 7748890061, जामनेर: अरुण सेल्स एंड सर्विस 9893626185, सिरोंज: प्रिया एंटरप्राइज, 9425344557, सियाराली: भयरे मोटर्स, 9981247007, टिमरनी: गंगोत्री मोटर्स, 9755101902, अम्बाह: उमा ऑटोमोबाईल्स 9329683351, डबरा: दुर्गा एजेन्सी 9926746001, करेरा: आदित्यसागर इन्टरप्राईज़ेज 7428492559, पिछोर: दशमेश ऑटोमोबाइल्स 9425490424, सबलगढ़: शिवम मोटर्स 9893085461, कोलारस: भूपेंद्र इंटरप्राइजेज 9425769569, बैराड़: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स 9893075206, बदरवास: बालाजी इंटरप्राइजेज 9893670277, गोहद: ओम साईं मोटर्स 8358994876, लहार: लक्ष्मी ऑटोमोबाइल्स सर्विस 9770444999, अलीराजपुर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9993912143 अंजड़: न्यू निमाड़ मोटर्स 7428295058, बदनावर: नज़्मी ऑटोमोबाईल्स 9111841851, बेड़िया: कृष्णा मोटर्स 7428494667, बामनियां: अनुश्री ऑटोमोबाईल्स 9630703344, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, बेटमा: अंकित ऑटोमोबाईल्स 9826460777, धामनोद: अमृत ऑटोमोबाईल्स 9425088316, इंदौर: गीतांजलि मोटर्स 9630099725, क्वालिटी ऑटोमोबाईल्स 8602295522, मुंडी: अभिषेक मोटर्स 7428390273, पानसेमल: हीरा ऑटोमोबाईल्स 7428494666, पेटलावद: भंडारी अभिकरन 9977287143, धरमपुरी: कृष्णा ऑटोमोबाइल 9993906745, राऊ: अवनि ऑटोमोबाईल्स 9826906983, सेंधवा: डीलक्स मोटर्स 7428295060, निवाली : श्री वल्लभ मोटर्स, 9893501517, नागदा: कांठेड़ ऑटोमोबाईल्स 9111141177, पुंजापुरा: पटेल मोटर्स 9755567226, सतवास: शिवम मोटर्स 9826088351, सिंघोट: आकाश मोटर्स 7428494665, सोनकच्छ: भारत मोटर्स 9826607753, घाटाबिल्लौद: लक्ष्मी मोटर्स 9826524005, खाचरोद: जय गणेश ऑटोमोबाईल्स 8305827074, मांगलिया: श्री साईं मोटर्स 8962460729, 8889415553, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) गुना: गगन हीरो 9289922358, विदिशा: पाल हीरो 9289922379, भिन्ड: शिवम् मोटर्स 9289922787, पीथमपुर: रघुवंशी हीरो 9289923047, छनेरा: गुरुनानक मोटर्स 7428390286, सारंगी: श्री मोटर्स, 9340927342

L&K | SAATCHI & SAATCHI

# कांग्रेस ने नहीं लिया भोपाल हादसे से सबक, ग्वालियर में उड़ी गाइडलाइन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

लगता है प्रदेश कांग्रेस ने भोपाल में हुए हादसे से कोई सबक नहीं लिया। इस हादसे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव सिंह, डॉ. गोविंद सिंह, मानक अग्रवाल, महेंद्र सिंह चौहान, शैलेंद्र पटेल, महेंद्र जोशी तथा रवि जोशी सहित एक दर्जन से ज्यादा नेता गंभीर घायल हुए थे। 10 मार्च को आयोजित यह कार्यक्रम प्रदेश किसान कांग्रेस द्वारा विधानसभा के घेराव का था। मंच पर क्षमता से ज्यादा नेता चढ़ गए। जिससे वह धराशायी हो गया। राजीव सिंह सहित कई नेता उसके नीचे आकर गंभीर घायल हो गए और उनके ऑपरेशन हुए। हादसे ने कांग्रेस को ऐसे कार्यक्रमों के लिए गाइडलाइन बनाने पर मजबूर कर दिया। केंद्रीय नेतृत्व की स्वीकृति के बाद गाइडलाइन जारी हो गई।

इसमें प्रावधान किया गया कि भविष्य में मंच पर नेता नहीं बैठेंगे। सभी मंच के सामने बैठाए जाएंगे और मंच पर सिर्फ भाषण देने वाले नेता ही जाएंगे और अपनी बात कह कर वापस आ जाएंगे। गाइडलाइन जारी होने बाद ग्वालियर में आयोजित पहले ही बड़े कार्यक्रम में इसकी धज्जियां उड़ गईं। प्रदेश कांग्रेस ने इस पर अमल की कोशिश ही नहीं की। वरिष्ठ नेता पीसी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस को तय गाइडलाइन के अनुसार ही कार्यक्रम करना चाहिए।

### कांग्रेस ने इसी माह तैयार की थी कार्यक्रमों को लेकर गाइडलाइन

### नहीं हुई गाइडलाइन पर अमल की कोशिश




संविधान बचाओं अभियान के तहत ग्वालियर में आयोजित पहली रैली में मंच पर नेताओं की भीड़ चढ़ गई। इससे धक्का-मुक्की होने लगी और अफरा-तफरी का स्थिति बन गई। वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह से रहा नहीं गया। नाराज होकर उन्होंने मंच से ऐलान किया कि भविष्य में वे कांग्रेस के किसी मंच पर नहीं बैठेंगे। सामने बैठेंगे और जब उनका नाम पुकारा जाएगा, तब भाषण देने के लिए ही मंच पर जाएंगे। उन्होंने सभी से आग्रह किया की कृपया मंच की यह लड़ाई बंद कर दें। प्रदेश के पूर्व कानून एवं जनसंपर्क मंत्री पीसी शर्मा ने भी उनका अनुसरण किया। उन्होंने भी कह दिया कि अब वे कभी मंच पर नहीं बैठेंगे। सामने बैठेंगे और जब बुलाया जाएगा, तभी मंच पर जाएंगे। सवाल यह है कि ऐसे हालात क्यों बने कि वरिष्ठ नेताओं को दुःखी मन से ऐसी घोषणा करना पड़ गई? प्रदेश कांग्रेस ने जो गाइडलाइन तय की थी, उस पर अमल की कोशिश क्यों नहीं की गई? इसकी जवाबदारी प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की थी, उन्होंने इस ओर ध्यान क्यों नहीं दिया? इस सवाल का जवाब किसी नेता के पास नहीं है।

### कांग्रेस ने बनाई थी यह गाइडलाइन

भोपाल हादसे से सबक लेकर कांग्रेस ने अपने कार्यक्रमों को लेकर एक गाइडलाइन बनाई थी। इसमें कई बिंदुओं के साथ यह भी था कि मंच पर कोई नहीं बैठेगा। सिर्फ डायस और माइक रहेगा। जिस नेता का भाषण देने का नंबर आएगा, वहीं मंच पर जाएगा, भाषण देगा और फिर नीचे आकर बैठ जाएगा। लेकिन ग्वालियर की इस रैली में इसका पालन नहीं हुआ। कांग्रेस की ओर से ग्वालियर शहर के फूलबाग मैदान में आयोजित संविधान बचाओ रैली के मंच पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं की इतनी भीड़ हो गई कि वहां अफरा-तफरी की स्थिति पैदा हो गई। यह नजारा देख पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह बहुत नाराज हुए। उन्होंने अपने भाषण में इस बात पर न सिर्फ अपनी नाखुशी जाहिर की, बल्कि ऐलान भी कर दिया कि वे आज के बाद से कभी भी मंच पर नहीं बैठेंगे।

### कार्यक्रम के लिए तय था यह प्रोटोकॉल

कांग्रेस द्वारा तय प्रोटोकॉल के तहत संगठन के ऐसे कार्यक्रम जिसमें बड़े नेताओं, प्रदेश अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, प्रदेश प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ नेता शामिल हों, उस कार्यक्रम में सिर्फ 12 बाय 12 फीट और 3 फीट ऊंचाई का मंच वक्ताओं के लिए बनाया जाएगा, जिसमें बोलने के लिए बीचों बीच डायस रखी जाएगी। इस मंच पर बैकड्रॉप में 16 बाय 16 फीट का होर्डिंग लगाया जाएगा। यानि मंच पर कोई नेता नहीं बैठेगा। नाम बुलाने पर नेता डायस पर जाकर स्पीच देंगे और नीचे कार्यकर्ताओं के साथ बैठेंगे। ग्वालियर में कांग्रेस द्वारा तय यह प्रोटोकॉल धरा रह गया।

---

## खबर संक्षेप

### मोहन सरकार के तीनों निर्णय का कर्मचारी मंच ने किया स्वागत

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने राज्य सरकार के कर्मचारी हितैषी तीनों निर्णय का स्वागत किया है। कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे, सुनील पाठक, चांद सिंह, जगदीश शर्मा, अमर अहिरे, कमलेश गोरे आदि ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त किया। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य सरकार ने मंत्री परिषद में कर्मचारी हित के तीन निर्णय लिए है। इससे कर्मचारियों में खुशी है।

### मंत्रालय कर्मचारी संघ ने पदोन्नति कोर कमेटी के सदस्यों को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद प्रदेश में नौ साल बाद शुरू हो रही पदोन्नतियों को लेकर कर्मचारियों में अब असंमजस स्थिति बनी हुई है। कर्मचारियों का सवाल है कि पदोन्नति होगी तो उसकी क्या नीति होगी। मंगलवार को मंत्रालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने पदोन्नति की स्थिति स्पष्ट करने के लिए पदोन्नति कोर कमेटी के सदस्यों को ज्ञापन सौंपा। सुधीर नायक ने बताया कि वर्ष 2016 से लेकर 2024 तक डीसीपी पृथक-पृथक प्रभाव से नहीं की गई और प्रत्येक संवर्ग में वर्टीकल आरक्षण नहीं रखा गया तो फिर प्रत्येक वर्ग के साथ न्याय नहीं होगा।

---

लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर और महाराज मल्हार राव होल्कर की स्मृति में होगी बैठक

# राजवाड़ा इंदौर में 20 मई को होगी कैबिनेट की अगली बैठक

**केंद्र ने धार में पीएम मित्रा पार्क के लिए दी 2 हजार 62 करोड़ रुपए की स्वीकृति**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की स्मृति में 20 मई को कैबिनेट की बैठक इंदौर के राजवाड़ा में होगी। इसमें होल्कर साम्राज्य की स्थापना करने वाले महाराज मल्हार राव होल्कर का भी स्मरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि देवी अहिल्या बाई होल्कर के 300वें जन्म जयंती वर्ष का समापन 20 मई को हो रहा है। यह सुखद संयोग है कि 20 मई को ही लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर विवाह वर्षगांठ भी होती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में हुई। कैबिनेट की बैठक से पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि कैबिनेट की अगली बैठक में जिला विकास सलाहकार समिति का प्रस्ताव लाने का प्रयास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की है कि अलग-अलग क्षेत्र में सक्रिय एक लाख लोगों को विकास गतिविधियों से जोड़ते हुए विकास में सहभागिता के आधार का विस्तार किया जाए। इस उद्देश्य से जिला विकास समिति की कल्पना की गई है।

**जिलों में जिला विकास सलाहकार समिति का होगा गठन**

**गैस से चलने वाले वाहनों के संबंध में पर्यावरण विभाग जारी करेगा एडवायजरी**



### जिला विकास समिति के लिए समिति गठित

*मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित इस समिति के उपाध्यक्ष स्थानीय प्रभारी मंत्री होंगे। जिला पंचायत अध्यक्ष, विधायक, सांसद, जनपद अध्यक्ष, मेयर, नगर पालिका अध्यक्ष के साथ ही चिकित्सा, विधि, इंजीनियरिंग, समाज सेवा, कृषि, उद्यानिकी, डेयरी, उद्योग इत्यादि 20 से अधिक क्षेत्रों के विशेषज्ञों को जोड़कर इन्हें विकास मॉडल में सहभागी बनाया जाएगा। इससे जिले के विकास में इनकी विशेषज्ञता का प्रत्यक्ष लाभ मिल सकेगा और वर्ष @2047 तक के अमृत काल के एजेंडे के क्रियान्वयन में इनकी विशेषज्ञतापूर्ण सहभागिता सुनिश्चित होगी।*

### 2 हजार 62 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई

मुख्यमंत्री ने धार में पीएम मित्रा पार्क की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री मोदी का आभार मानते हुए कहा कि केन्द्र सरकार ने 2 हजार 62 करोड़ रुपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार को इस संबंध में धार में 10 हजार करोड़ रुपए के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। धार जिले के लिए यह सौभाग्य का विषय है कि पीथमपुर और अब दूसरी और घाटा बिल्लौद में विकास गतिविधियों का संचालन होगा। पीएम मित्रा पार्क से तीन लाख लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकेगा। इससे धार, झाबुआ सहित संपूर्ण मालवा-निमाड़ क्षेत्र में कपास के उत्पादन को बढ़ाने को पुनर्जीवित करने में मदद मिलेगी।

### कैबिनेट में कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना को मिली मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश में 2000 मेगावाट सौर पार्क व 1000 मेगावाट कंपोजिट ऊर्जा भंडारण परियोजना स्थापित किए जाने की मंजूरी दी है। इस परियोजना से दोनों राज्यों को पृथक-पृथक छह महीनों के लिए बिजली उपलब्ध होगी। कैबिनेट की बैठक मंत्रालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई। इसमें दर्जन भर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। होती है।

### एकीकृत पेंशन योजना के लिए समिति गठित

कैबिनेट ने राज्य शासन के एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त शासकीय कर्मचारियों के लिए एकीकृत पेंशन योजना लागू करने के संबंध में समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल अध्यक्ष, प्रमुख सचिव मनीष रस्तोगी, सचिव लोकेश कुमार जाटव, संचालक बजट सुश्री तन्वी सुन्द्रियाल, उप सचिव अजय कटेसरिया सदस्य होंगें। संचालक पेंशन मप्र जेके शर्मा को सदस्य सचिव बनाया गया है।

### मनोहर सिंह के परिजन को शासकीय नौकरी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते दिन मंदसौर में हुई दुर्घटना में स्वयं की जान की परवाह न करते हुए 4 लोगों के प्राणों की रक्षा करने वाले मनोहर सिंह ने अपने जीवन का बलिदान कर दिया है। उनके परिजन को शासकीय नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मरणोपरांत उनका सम्मान भी करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गैस से संचालित गाड़ियों में पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में एडवायजरी जारी करने के लिए पर्यावरण विभाग को निर्देशित किया गया है। उन्होंने शासकीय सेवकों को महंगाई भत्ते की किस्त दिए जाने संबंधी जानकारी भी कैबिनेट के साथियों से साझा की।

---

# शैक्षणिक योग्यताओं में हुए बदलाव के बाद निरस्त हुई खाद्य सुरक्षा अधिकारी भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के पदों पर भर्ती के लिए वर्ष 2024 में जारी किए गए विज्ञापन को निरस्त कर दिया है। आयोग ने यह निर्णय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन मप्र से प्राप्त पत्र और भारत सरकार द्वारा शैक्षणिक अहर्ताओं में किए गए संशोधनों के आधार पर लिया है।

**नीमा संघ ने भर्ती में आयुष को शामिल करने की मांग की**

शैक्षणिक योग्यता में बदलाव के कारण जारी विज्ञापन अब अमान्य हो गया है, जिसके चलते पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द किया गया है। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि संशोधित अहर्ताओं के अनुरूप भविष्य में इस पद के लिए नई भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी, जिसकी सूचना जल्द ही जारी की जाएगी। नीमा छात्र संघ ने नवीन विज्ञापन भर्ती में आयुष विभाग को भी सम्मिलित करने की मांग की हैं।

### अभ्यार्थियों को वापस मिलेगा आवेदन शुल्क

*आयोग ने उन अभ्यार्थियों को राहत प्रदान की है, जिन्होंने इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन कर शुल्क जमा किया था, उनके लिए शुल्क वापसी की व्यवस्था की गई है। अभ्यार्थी 15 से 30 मई के बीच आयोग की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से शुल्क वापसी के लिए आवेदन कर सकेंगे।*

### 17 साल बाद निकली थी भर्ती

*17 साल बाद लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा विभाग की फूड सेफ्टी ऑफिसर (राजपत्रित 3 श्रेणी) की भर्ती निकाली थी। जिसे रद्द करने की औपचारिक सूचना जारी कर दी गई। वहीं विभाग द्वारा बताया जा रहा है कि जल्द ही नई योग्यताएं तय कर आयोग को भेजा जाएगा। इसके बाद भर्ती के लिए नया नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। इसमें करीब दो माह का समय लग सकता है।*

### आयुष छात्रों की आंदोलन की चेतावनी

नीमा छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि प्रदेश लोक सेवा आयोग को उन्होंने पत्र के माध्यम से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार के निर्णय के परिपालन में नवीन विज्ञापन पोस्ट में आयुष विभाग को भी सम्मिलित करें। अगर ऐसा नहीं होता है तो आयुष छात्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।

---

जबलपुर अभिलेखागार को बनाया आधुनिक

# राजस्व अभिलेखागार के प्रबंधन की नई शुरुआत, राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करना हुआ आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जबलपुर में राजस्व अभिलेखागार के प्रबंधन की एक नई शुरुआत की गई है। कलेक्टर कार्यालय में स्थित राजस्व अभिलेखागार को आधुनिकतम रूप में विकसित किया गया है, जिससे आवेदकों को राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करना अब आसान हो गया है। इसके लिए कलेक्टर ने स्वयं समय-समय पर रिकॉर्ड रूम का अवलोकन कर बेहतर और सुविधाजनक बनाने की दिशा में कार्य किया। यह पहल जिले में प्रशासनिक सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देशन में राजस्व रिकॉर्ड रूम को व्यवस्थित करने और सभी रिकॉर्डों को स्कैन कर ऑनलाइन किया है। इससे अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे राजस्व अभिलेखों की स्थिति के बारे में पता कर सकता है। राजस्व अभिलेखागार के आधुनिकीकरण से पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ी है। नवीनतम राजस्व रिकॉर्ड रूम में वर्ष 1909-10 से अभिलेख उपलब्ध हैं, जो अब सहजता से कंप्यूटर के माध्यम से उपलब्ध हो सकेंगे।

इससे राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करने में अब कोई दिक्कत नहीं है। नवाचार का अवलोकन करने के लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी पहुंच रहे हैं।



### आवेदकों के लिए सुविधाजनक

*रिकार्ड रूम की सारी जानकारी एक ऑनलाइन एप्लीकेशन तैयार कर उस पर अपलोड की गई है। आवेदक घर बैठे एप की सहायता से यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं कि उनकी ओर से जिस रिकार्ड की प्रति चाही गई है,प्रति चाही गई है वह कहां उपलब्ध है। रिकार्ड रूम के बाहर स्थापित कियोस्क पर केस नंबर का रिकार्ड रखा गया है। साथ ही केस की लोकेशन का प्रिंट निकालने की सुविधा दी गई है। इससे आवेदक प्रिंट निकालकर आसानी से अपने रिकार्ड की नकल प्राप्त कर सकता है। समस्या को हल करने के अभिनव तरीके और चंद महीनों की मेहनत ने रिकॉर्ड रूम की शक्ल बदल दी है। अब रिकॉर्ड कई वर्षों तक सुरक्षित रखा जा सकेगा। अब बैंक के लॉकर रूम की तरह माहौल है। कीमती रिकॉर्ड सुरक्षित भी है और कहां रखा है, यह कम्प्यूटर से सभी को पता भी है।*

### प्लास्टिक के बॉक्स में हर केस फाइल

अभिलेखों, राजस्व प्रकरणों एवं पुराने दस्तावेजों को व्यवस्थित तरीके से प्लास्टिक बैग में डालकर प्रकरणों को क्रमानुसार प्लास्टिक बॉक्स में जमाया गया। प्रत्येक प्लास्टिक बॉक्स की तहसील के हिसाब से कलर कोडिंग की गई। उन पर मौजावार, वर्ष वार, मद वार केस के डिटेल स्टीकर पर प्रिंट कर चिपकाए गए। हर रैक और उसकी शेल्फ को एक यूनिक नंबर दिया गया। हर शेल्फ में बॉक्स में प्लास्टक बैग में रखे गए केस की कोडिंग की गई।

---

2140.26 करोड़ के विकास कार्यों का करेंगे भूमिपूजन-लोकार्पण

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होंगे सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव धार जिले के उमरबन में 30 अप्रैल बुधवार को मुख्यमंत्री कन्यादान सामूहिक विवाह आयोजन में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री धार में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण भी करेंगे, जिनकी अनुमानित लागत 2140.26 करोड़ रुपए है।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सवित्री ठाकुर, प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा धार जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय



तथा सामाजिक न्याय मंत्री नारायण सिंह कुशवाह उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का आयोजन केशरपुरा फाटा, जनपद पंचायत उमरबन में दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। सामूहिक विवाह मे बड़ी संख्या में जोड़ों के विवाह सम्पन्न कराए जाएंगे। साथ ही क्षेत्र में अधोसंरचना जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य व पेयजल जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों से जुड़े अनेक परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण भी किया जाएगा।

### निःशुल्क कोचिंग और न्यूनतम आय सीमा बढ़ाने के भेजेंगे प्रस्ताव मंत्री कुशवाह

**भोपाल।** सामान्य निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क कोचिंग तथा अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए आय की न्यूनतम सीमा को बढ़ाए जाने का प्रस्ताव राज्य शासन को भेजा जाएगा। यह निर्णय सामाजिक न्याय, दिव्यांगजन कल्याण मंत्री तथा मप्र राज्य सामान्य वर्ग कल्याण आयोग अध्यक्ष नारायणसिंह कुशवाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। मंत्री कुशवाह ने कहा कि सामान्य वर्ग के गरीब हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराने आयोग गठित किया गया है।

---

अब रडार पर आबकारी के आधा दर्जन अफसर

# ईडी ने शराब कारोबारियों के यहां छापों में जब्त किया 7.44 करोड़ कैश, खातों के 71 लाख फ्रीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को इंदौर, भोपाल और मंदसौर में शराब ठेकेदारों के डेढ़ दर्जन ठिकानों पर छापे मारे थे। कार्रवाई के दौरान 7.44 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। बैंक खातों में जमा 71 लाख और बैंक लॉकर भी फ्रीज किए हैं।

सूत्रों की मानें तो ईडी की टीम ने लगभग 16 घंटे तक शराब कारोबारियों से पूछताछ की। वहीं आपत्तिजनक दस्तावेज और करोड़ों रुपए की अचल संपत्तियों से संबंधित दस्तावेज जब्त किए हैं। वहीं, जांच के दायरे में आधा दर्जन आबकारी अधिकारी हैं। शराब घोटाले में इनकी भूमिका की जांच की जा रही है। इस मामले में ईडी धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत जांच कर रही है। दरअसल, ईडी की यह रेड शराब कारोबारियों द्वारा ट्रेजरी चालान में जालसाजी और हेरफेर कर सरकार को 49 करोड़ रुपए से अधिक के राजस्व का चूना लगाने पर हुई।

### सबसे ज्यादा इंदौर के शराब ठेकेदारों पर हुई कार्रवाई

*फिलहाल ईडी ने सबसे ज्यादा इंदौर के शराब ठेकेदारों पर कार्रवाई की है। इसमें अविनाश और विजय श्रीवास्तव, राकेश जायसवाल, योगेंद्र जायसवाल, राहुल चौकसे, सूर्यप्रकाश अरोरा, गोपाल शिवहरे, लवकुश और प्रदीप जायसवाल शामिल है। सोमवार को इनके ठिकानों बसंत बिहार कॉलोनी, तुलसी नगर और महालक्ष्मी नगर में भी सर्चिंग हुई थी। साथ ही भोपाल और जबलपुर में शराब कारोबारियों की प्रॉपर्टी का खुलासा हुआ था। कांग्रेस भी इस मामले में हमलावर है। कांग्रेस नेता आबकारी अधिकारी संजीव दुबे को शराब घोटाले मामले का सूत्रधार करार दे चुके हैं।*

---

डॉ. आंबेडकर ने समाज को समानता के साथ नई उड़ान भरने का दिया अवसरः सीएम डॉ. यादव

# बाबा साहेब केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा

## रवीन्द्र नाट्य गृह इंदौर में हुई डॉ. आंबेडकर सम्मान अभियान की संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संविधान सभा के अध्यक्ष एवं भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर का व्यक्तित्व बहुत महान और विराट था। वे सामाजिक एकता के प्रबल पक्षधर थे। डॉ. अंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के मसीहा हैं। डॉ. आंबेडकर को आगे बढ़ाने में ग्वालियर के राजा जीवाजी राव सिंधिया सहित बड़ौदा के महाराजा गायकवाड़ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहेब को आंबेडकर नाम उनके गुरू ने दिया था। उन्होंने जीवन पर्यंत सम्मान किया और उसे शिखर पर पहुंचाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को रवीन्द्र नाट्य गृह इन्दौर में डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान की जिला संगोष्ठी में बोल रहे थे। कार्यक्रम में राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सहित नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, राज्यसभा सांसद कविता पाटीदार, पूर्व राज्यसभा सदस्य नारायण सिंह केसरी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव समेत कई विधायक उपस्थित थे।

### दलितों के ही नहीं, सभी वर्गों के महान नेता थेः राजे

राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर केवल दलितों के ही नहीं सभी वर्गों के महान नेता थे, जिनको पूरी दुनिया सुनती थी। वे चाहते थे कि देश का हर व्यक्ति पढ़े-लिखे और आगे बढ़े। उनमें मानवता कूट-कूट के भरी थी और वे सबको एक दृष्टि से देखते थे। डॉ. आंबेडकर ने जो संविधान लिखा वो केवल एक कानून का दस्तावेज नहीं होकर जीवन जीने की एक पद्धति है।



### जीवन जीने के साथ साथ उड़ान भरने का अवसर प्रदान किया

राजे ने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने सबको समानता के साथ जीवन जीने के साथ-साथ उड़ान भरने का अवसर प्रदान किया है। पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने इंदौर की स्वच्छता की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां की जनता ने सफाई को अपना संस्कार बनाया है। यही वजह है कि इंदौर स्वच्छता में 7 वर्षों से नम्बर-वन है।

### सरकार डॉ. आंबेडकर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम कर रही

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम केन्द्र और राज्य शासन कर रही है। बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर ने जन्म लिया, जिस स्थान पर जहां पर शिक्षा पाई तथा उनसे जुड़े अन्य सभी महत्वपूर्ण स्थलों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का काम सरकार ने किया है। कार्यक्रम के पूर्व सभी ने पहलगाम में हुए आतंकवादियों के हमले में मृत निर्दोष लोगों के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में अतिथियों ने पूर्व सांसद नारायण सिंह केसरी सहित अन्य समाजसेवियों का सम्मान किया।*

### बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर राष्ट्र के ही नहीं, विश्व के गौरवः मंत्री विजयवर्गीय

नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की तुलना दक्षिण अफ्रीका के अश्वेत नेता डॉ. नेल्सन मंडेला और अमेरिका के महान नेता मॉर्टिन लूथर किंग से करते हुए कहा कि डॉ. आंबेडकर ने करीब 80 करोड़ भारतीयों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। जल संसाधन मंत्री सिलावट ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर राष्ट्र के ही नहीं, विश्व के गौरव है। वे भविष्यक्ता थे और अन्याय के खिलाफ हमेशा हुंकार भरते थे। डॉ. आंबेडकर के बताए हुए मार्ग पर आगे चलने का कार्य केन्द्र और राज्य सरकार कर रही है। यहां नारी शक्ति, युवा शक्ति के साथ-साथ गरीबों और किसानों को भी सम्मान दिया जा रहा है।

9 पुलिसकर्मी की वर्दी फाड़कर मारपीट करने वाले ...



10 छात्राओं की सुरक्षा के लिए कलेक्टर को ज्ञापन ...





# भोपाल रेलवे स्टेशन पर बेहोश पड़ी मिली बुजुर्ग महिला आरपीएफ व रेलवे अधिकारी ने हमीदिया में कराया भर्ती

**होश में न आने से हो न सकी पहचान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन पर सोमवार देर रात को एक बुजुर्ग महिला बेहोशी की हालत में मिली। जिसके बाद आरपीएफ जवान व रेलवे अधिकारी उसे इलाज के लिए पहले भोपाल स्टेशन स्थित मेडिकल केंद्र में ले गए। महिला की हालत गंभीर होने के चलते उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुजुर्ग महिला को अभी होश नहीं आया है, जिसके कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

65 साल की बुजुर्ग महिला की हालत गंभीर

टिकट बुकिंग कार्यालय के सामने अचेत थी



## महिला की खराब सेहत को देखकर तत्काल एंबुलेंस को बुलाया

*भोपाल रेल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि भोपाल रेलवे स्टेशन पर सोमवार की रात को भोपाल स्टेशन पर करीब 65 साल की बुजुर्ग महिला नए भवन में टिकट बुकिंग कार्यालय के सामने बेहोश अवस्था में पड़ी थी। जिनको रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) जवान ने देखा। इसके बाद तत्काल स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) आनंद कृष्ण मिश्रा ने प्लेटफॉर्म संख्या एक पर स्थित इमरजेंसी मेडिकल रूम में ड्यूटी पर तैनात डॉ. नूर हसन को सूचना दी। इसके बाद प्रारंभिक जांच में महिला को तेज बुखार और बेहोशी की हालत में पाया गया। डॉ. नूर हसन महिला की नब्ज जांच ही रहे थे कि उसी दौरान उप स्टेशन अधीक्षक (वाणिज्य) ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एम्बुलेंस (108) को बुला लिया। यात्रियों और सफाई कर्मचारियों की मदद से वृद्ध महिला को एम्बुलेंस से महिला को हमीदिया अस्पताल भेजा गया, जहां उनका आगे का उपचार किया जा रहा है।*

**कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की हुई जांच**

# जॉयसन मामले में जांच शुरू, जेडी टीम सहित पहुंचे डीईओ कार्यालय

*जल्द रिपोर्ट भेजी जाएगी डीपीआई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालय में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 कर्मचारी सीजे जॉयसन की शिकायतों के मामले में संभागीय स्तर पर तीन सदस्यी जांच कमेटी गठित हो गई है। मंगलवार को संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग (जेडी) अरविंद चौरगढ़े टीम के साथ जांच के लिए डीईओ कार्यालय पहुंचे।

बता दें कि मामले को हरिभूमि ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था, जिसके बाद मामले में ताबड़तोड़ जांच शुरू हुई है। इसके अलावा भी अन्य शिकायतों में भी संभागीय स्तर पर जांच की जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, मामले में सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। टीम ने सेवा पुस्तिका, वेतन संबंधित अभिलेख सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की है, जरूरत पड़ने पर इन्हे जब्त भी किया जाएगा। इसके साथ ही मामले में जॉयसन सहित विभिन्न लोगों के कथन भी लिए जाएंगे। मामले में विभिन्न स्तर पर की जा रही जांच में कई नए खुलासे होने की उम्मीद है।

## यह है पूरा मामला

*दरअसल, फिजिकल एजुकेशन फांउडेशन ऑफ इंडिया, भोपाल चैप्टर द्वारा जॉयसन के विरुद्ध यह शिकायतें स्कूल शिक्षा मंत्री कार्यालय, आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय को की गई है। इन शिकायतों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासन को लाखों रुपए की आर्थिक क्षति कई गंभीर आरोप लगाए गए है। जिसके बाद लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण, भोपाल संभाग को आदेश जारी किए गए हैं। मामले में संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद चौरगढ़े द्वारा जांच टीम गठित की गई है। वहीं, अन्य शिकायतों पर भी जांच की जा रही है।*

## इन अधिकारियों को किया जांच टीम में शामिल

*मामले में तीन सदस्यीय जांच टीम बनाई गई है। इसमें सीहोर के जिला शिक्षा अधिकारी संजय तोमर, संभागीय संयुक्त संचालक कार्यालय के सहायक संचालक विजय नेमा, रायसेन जिले के शासकीय स्कूल के एक प्राचार्य को भी शामिल किया है। इसके साथ ही अन्य शिकायत में संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग अरविंद चौरगढ़े द्वारा जांच की जा रही है।*

**लव जिहाद मामले मे पांचवी पीड़ित युवती भी आई सामने, बागसेवनिया थाने में कराई एफआईआर**

# गिरोह को फंडिंग करने के मामले में अब जांच के दायरे में आया रेस्टारेंट संचालक

**दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का शिकार बनी पीड़िता**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोकता क्षेत्र में स्थित एक निजी कॉलेज के छात्रों और पूर्व छात्रों द्वारा हिंदू युवतियों से दोस्ती कर उन्हें प्रेम-प्रसंग के नाम पर फंसाने फिर दुष्कर्म कर उनका अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर लव जिहाद करने वाले मामले में मंगलवार को पांचवीं पीड़िता ने प्रकरण दर्ज करवा दिया है।

मंगलवार रात पीड़िता बागसेवनिया थाने पहुंची और फरहान सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धर्म स्वतंत्रता अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज कराया है। बता दें कि पीड़िता कॉलेज छात्रा है और बजरिया थाना क्षेत्र में रहती है। उसके साथ भी फरहान के गिरोह ने प्रेमजाल में फंसाकर दुष्कर्म कर वीडियो बनाकर ब्लैकमेल किया था। पुलिस गिरोह के मुख्य आरोपी फरहान, साहिल और अली खान को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। इस मामले की पूछताछ में एक और बड़ा खुलासा हुआ है कि जिस कॉलेज में यह सभी आरोपी पढ़ते हैं, उस कॉलेज से कुछ ही दूरी पर एक व्यक्ति ढाबा स्टाइल में रेस्टोरेंट संचालित करता था। रेस्टोरेंट के पीछे फॉर्म हाउस की तरह खुला स्थान और बैठने, आराम करने की व्यवस्था थी। फरहान उस रेस्टोरेंट में बैठता था। यहीं पर गिरोह के सभी आरोपी मिलकर साजिश रचते थे।

## चाय-नाश्ते के बहाने रेस्टारेंट में बुलाता था फरहान


आरोपी फरहान हिंदू युवतियों को कभी नाश्ता, चाय तो कभी बातचीत करने के बहाने बुलाता था और रेस्टोरेंट में अन्य मुस्लिम युवकों से युवतियों की दोस्ती कराता था। रेस्टोरेंट संचालक की भूमिका को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए उसका संचालन बंद करा दिया है। आरोपियों से पूछताछ में पता चला है कि वह इन आरोपियों को हिंदू युवतियों पर खर्च करने के लिए पैसे देता था। अपने रेस्टोरेंट से सामान देता था और इतना ही नहीं, इन्हें हिंदू युवतियों को टारगेट करने के लिए साजिश रचने के लिए घंटों बैठने का स्थान मुहैया कराता था। पुलिस को शक है कि उस रेस्टोरेंट संचालक फरहान के जरिए लव जिहाद गिरोह को फंडिंग करता था। हालांकि रेस्टारेंट संचालक अभी गायब हो गया है।


### गिरोह के एक आरोपी अली का स्पॉट वेरिफिकेशन कराया

लव जिहाद गिरोह के एक आरोपी अली का पुलिस ने स्पॉट वेरीफिकेशन कराया। पुलिस ने कुछ कपड़े समेत अन्य सामान को जब्त किया है। पुलिस पहले ही घटना में इस्तेमाल की गई फरहान की बाइक जब्त कर चुकी है, अब अली की बाइक की जब्त की जाएगी। मामले में अब तक कुल चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

### दरिंदगी के वीडियो का कलेक्शन करता था फरहान

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह सब फरहान के कहने पर ही टारगेट तय कर युवतियों को दोस्ती करने के बहाने फंसाते थे और दरिंदगी करने के बाद फरहान को ही सौंप देते थे। इस गिरोह के आरोपियों द्वारा जितनी भी युवतियों का शारीरिक शोषण किया गया है, सभी के वीडियो फरहान तक पहुंचाए जाते थे। फरहान ने जब पहली बार जहांगीराबाद स्थित हामिद के घर में अपने कॉलेज की हिंदू छात्रा के साथ दुष्कर्म किया था, उसके बाद से वह अब तक लगातार दरिंदगी गिरोह को संचालित कर रहा है। आरोपी अप्रैल 2022 से यह गिरोह संचालित कर रहा है।

# शांति के लिए एक और पत्र, सात राज्यों में युद्ध विराम के साथ बातचीत की पेशकश

## नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता अभय ने की अपील युद्ध विराम की घोषणा कर बातचीत करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/बीजापुर

बीजापुर- तेलंगाना की सीमा पर स्थित करेंगुट्टा की पहाड़ी में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे सबसे बड़े एंटी नक्सल ऑपरेशन के बीच नक्सलियों की केन्द्रीय कमेटी प्रवक्ता ने तीसरा पत्र जारी कर सरकार से शांतिवार्ता की पेशकश की है। प्रवक्ता अभय ने पर्चे के माध्यम से अपील की है कि युद्ध विराम की घोषणा कर केन्द्र व राज्य सरकार वार्ता करते हुए छग समेत सात नक्सल प्रभावित राज्यों में समय सीमा के साथ युद्ध विराम की घोषणा करें। जारी पत्र में लिखा है कि जनवरी 2024 से केंद्र और राज्य के पुलिस, अर्धसैनिक, कमांडो बलों ने ऑपरेशन कगार के नाम से सैकड़ों माओवादियों एवं निर्दोष आदिवासियों की हत्याएं की है। यह अभी भी जारी है। इन हत्याओं का भर्त्सना करते हुए देश-दुनिया में कई जनवादी, क्रांतिकारी जन संगठनों, पार्टियों, सामाजिक संस्थाओं एवं कार्यकताओं, प्रगतिशील, जनवादी एवं क्रांतिकारी बुद्धिजीवियों ने सैकड़ों की तादाद में आंदोलनरत हैं तथा उनकी मांग है कि ऑपरेशन कगार पर फौरन रोक लगाई जाए। जारी पर्चे में युद्ध विराम की घोषणा करने व सरकार और माओवादी मिलकर वार्ता के जरिए समस्या का हल निकालने की बात कही गई है।




### केन्द्रीय कमेटी व दंडकारण्य उत्तर-पश्चिम सब जोनल ब्यूरो की ओर से पत्र


*प्रवक्ता ने कहा कि शांति वार्ता को लेकर मैंने केंद्रीय कमेटी की ओर से इससे पूर्व 28 मार्च को एक बयान जारी किया था। जिसमें हमने सरकार के साथ शांति वार्ता करने के लिए तैयार है तथा शांतिवार्ता के लिए अभी तक मेरी तरफ से जारी यह दूसरा पत्र है। इससे पूर्व दंडकारण्य के उत्तर-पश्चिम सबजोनल ब्यूरो की तरफ से कामरेड रूपेश द्वारा दो प्रेस विज्ञप्ति जारी किया गया था। जारी पर्चे में कहा है कि संविधान के अधिकार को कुचला जा रहा, जबकि हमारी ओर से पीएलजीए बलों की सशस्त्र कार्रवाइयों को रोकने हमारे कामरेड आदेश जारी कर चुके हैं।*

## कश्मीर के बडगाम में बड़ा सड़क हादसा

# खाई में गिरा सीआरपीएफ का वाहन दो एसपीओ समेत आठ जवान घायल

एजेंसी ▶▶| जम्मू

मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के दूधपथरी क्षेत्र में मंगलवार को एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में 181सीआरपीएफ बटालियन के एक वाहन ने नियंत्रण खो दिया और गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में आठ सीआरपीएफ जवान और जम्मू-कश्मीर पुलिस के दो विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) घायल हो गए। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है।



### गति सीमा कम करने के निर्देश

प्राथमिक जांच में पता चला है कि वाहन की गति अधिक होने और सड़क की खराब स्थिति के कारण यह हादसा हुआ। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंच गई हैं और राहत कार्य में जुटी हुई हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की जा रही है। इस हादसे के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने सड़क सुरक्षा को लेकर नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं और वाहनों की गति सीमा को कम करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें।

## पुलिस कर रही जांच

# तीसरी मंजिल में लिफ्ट से गिरकर युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुपेला थाना अंतर्गत चंद्रा-मौर्या टाकीज के पास स्थित चौहान स्टेट में लगी लिफ्ट से गिरकर एक युवक की मौत हो गई। मृतक ग्राम डुंडेरा निवासी राजा बंदे बताया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पुलिस की जांच जारी है। पुलिस ने बताया कि मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे की घटना है। युवक के सिर समेत अन्य हिस्सों में चोट आई थी। सूचना पर एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची। मशक्कत के बाद युवक को बाहर निकाला गया। तुरंत उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से स्थिति नाजुक होने से उसे जिला अस्पताल दुर्ग रेफर किया गया। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक राजा तीसरे फ्लोर में था, जहां लिफ्ट का दरवाजा अपरिहार्य कारणों से खुला हुआ था।

### फुटेज खंगाले जा रहे

घटना के बाद सीसी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। लिफ्ट में चौथी मंजिल पर संचालित होटल एंड रेस्टोरेंट जुमांजी के लिए जाती है, लेकिन लिफ्ट ग्राउंड फ्लोर में होने के बाद भी दरवाजा खुला था। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।


**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल (यांत्रिकी शाखा), जोन क्रमांक 12**

क्रमांक 1710/यॉं.वि./25 भोपाल, **निविदा आमंत्रण सूचना** दिनांक 29/04/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्रमांक | निविदा क्रमांक | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2024_UAD_390443_4 | RENEWAL OF CC ROAD AND METAL WORK NEAR WARD 59 OFFICE OLD SUBHASH NAGAR WARD 59 ZONE 12 | 320304/- | 13-MAY-2025 | 05:30 PM |
| 2. | 2025_UAD_399871_3 | CONSTRUCTION OF DRAIN AND ROAD CROSS BEHIND MAHARASHTRA MANDAL GOUTAM NAGAR AND NEAR POOJA GIRLS HOSTEL RACHNA NAGAR WARD 58 ZONE 12 | 334518/- | 13-MAY-2025 | 05:30 PM |
| 3. | 2024_UAD_391384_3 | PL OF PAVER BLOCK ON SIDES OF ROAD FROM SAI ORAL DENTAL CLINIC TO HUNTER CAFÉ NEAR ARYA BHAWAN GOUTAM NAGAR WARD 58 ZONE 12 | 1861080/- | 13-MAY-2025 | 05:30 PM |

नोट - संशोधन केवल वेबसाईट पर ही देखे जा सकेंगे, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे।

नि.क्रं.-1710/025/026.

सहायक यंत्री (सिविल)
जोन क्रमांक 12
नगर निगम भोपाल

**संचालनालय खेल और युवा कल्याण**
टी.टी. नगर स्टेडियम, भोपाल (म.प्र.)

**ई-निविदा सूचना**

संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश, द्वारा **"प्रदेश के विभिन्न जिला खेल परिसरों एवं खेल मैदानों में घास लगाने, लेण्डस्केपिंग, रख-रखाव तथा उक्त कार्य हेतु लगने वाली काली मिट्टी, रेत, खाद तथा छिड़काव का कार्य एवं पौधे प्रदाय हेतु"** ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र व निविदा की विस्तृत शर्तें www.mptenders.gov.in पर उपलब्ध है। ई-निविदा प्रकाशन उपरांत निविदा में कोई संशोधन व परिवर्तन किया जाता है तो वह मात्र उपरोक्त उल्लेखित ई-टेण्डर पोर्टल पर ही उपलब्ध रहेगा।

म.प्र. माध्यम/119853/2025 संचालक


## जैकेट का शेष...

### अक्षय तृतीया पर...

अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण करवा लिया है। पैदल मार्ग के 13 जगहों पर गरम पानी की भी व्यवस्था की गई है। यमुनोत्री धाम के लिए 3700 से अधिक घोड़े-खच्चरों का पंजीकरण किया गया है।

केदारनाथ के लिए सोनप्रयाग, गौरीकुंड, भीमबली, लिचौंली और रुद्र प्वाइंट में पांच प्री पेड बुकिंग काउंटर बनाए गए हैं। इसी तरह यमुनोत्री के लिए जानकीचट्टी में जिला पंचायत के द्वारा प्रीपेड काउंटर स्थापित किया गया है।

### पीएम ने सेना के...

हाथ खोलते हुए कहा कि आतंकी और उनके आकाओं को पूरी तरह कुचल दें। प्रधानमंत्री ने कहा कि आतंकवाद को करारा झटका देना हमारा राष्ट्रीय संकल्प है। प्रधानमंत्री ने भारतीय सशस्त्र बलों की पेशेवर क्षमताओं में पूर्ण विश्वास और भरोसा जताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें हमारी प्रतिक्रिया के तरीके, लक्ष्य और समय पर निर्णय लेने की पूरी परिचालन स्वतंत्रता है। बैठक में थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख अमर प्रीत सिंह मौजूद रहे। बुधवार को चार बड़ी बैठकें हैं। सात दिन में दूसरी बार सीसीएस की बैठक है। इससे लगी हुई कैबिनेट कमेटी ऑन पॉलिटिकल अफेयर्स (सीसीपीए), कैबिनेट कमेटी ऑन इकोनॉमिक अफेयर्स (सीसीईए) और फिर कैबिनेट की बैठक है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार पाक के ख़िलाफ किसी बड़े एक्शन का प्लान कर रही है। उधर, तुर्किए ने साफ कर दिया है कि वह पाक के साथ नहीं खड़ा है। उसने पाक को कोई हथियार नहीं दिए हैं। चीन का रवैया भी पाक के प्रति उदासीन ही है। साफ है कि पूरी दुनिया आतंकवाद के खिलाफ भारत की अगुवाई में एकजुट हो रही है। उधर, पाक में ज्यादातर बड़बोले नेता व आतंकी देश छोड़ने की फ़िराक में हैं। पीएम शाहबाज शरीफ को अकेला छोड़ दिया गया है। सेना प्रमुख मुनीर भी भूमिगत हो गए हैं। अब सारी कमान आईएसआई के हाथ में आ गई है। इधर, एनआईए ने अपनी जांच तेज कर दी है। पुख्ता सबूत मिले हैं कि पहलगाम हमले का मास्टर माइंड हामिद मूसा है। वह पाक सेना का पूर्व कमांडो था। वह स्पेशल आर्मी यूनिट में था। वहां से वह लश्कर में आया और कश्मीर में कई हमलों को उसने अंजाम दिया। हमले से पहले उसे 60 फीसदी राशि का क्रिप्टोकरेंसी में भुगतान हुआ। यह राशि आईएसआई ने दी थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि मूसा की पाकिस्तानी सेना के बैकग्राउंड की पुष्टि कश्मीर के ही 15 कश्मीरी अंडग्राउंड वर्कर्स द्वारा पूछताछ में हुई है। ये वो ऑनग्राउंड वर्कर्स हैं जो कि पाकिस्तानी हमलावरों की मदद करने के साथ उन्हें रसद पहुंचाते हैं।

### थाने में घुसकर ...

दी। गोली पुलिसकर्मी के कंधे में लगी है, गोली मारने के बाद नकाबपोश बदमाश मौके से फरार हो गया। घायल हेड कॉन्स्टेबल के भाई प्रशांत तिवारी ने कहा- बड़े भाई प्रिंस गर्ग यहां दो महीने से पदस्थ हैं। भाई की लोकेशन साहिल त्रिपाठी ने दी और आदर्श ने गोली चलाई। उन्होंने ऐसा क्यों किया, पता नहीं। वहीं मंगलवार दोपहर घायल को देखने के लिए एसपी विवेक सिंह अस्पताल के आईसीयू वार्ड पहुंचे।

### राष्ट्रीय महिला आयोग...

के रूप में शामिल किया गया है। यह जांच समिति घटना से जुड़ी कार्रवाई की जानकारी लेने के लिए संबंधित अधिकारियों, पीड़ित छात्राओं, उनके परिवारजनों और अन्य संबंधित लोगों से मुलाकात करेगी। सभी पक्षों से बातचीत के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जरूरी सुझाव देगी। आयोग यह सुनिश्चित करेगा कि पीड़िताओं को न्याय मिले और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

### परीक्षा कराए बिना ...

(ओपन इलेक्टिव) और डेस्कटॉप पब्लिशिंग (वोकेशनल) जैसे महत्वपूर्ण विषयों की परीक्षाएं तो कराई ही नहीं गईं। अब इन परीक्षाओं को 3 मई और 5 मई को कराने की घोषणा करनी पड़ी है। इसी प्रकार बीबीए होटल मैनेजमेंट के छात्र भी इस अव्यवस्था के शिकार हुए।

25 अप्रैल को परीक्षाएं समाप्त कर दी गईं, लेकिन न्यूट्रीशन एंड डायबिटिक विषय की परीक्षा का आयोजन ही नहीं किया गया था। अब इस परीक्षा के लिए भी 3 मई को पुनः परीक्षा केंद्र खोले जाएंगे। डेढ़ दर्जन से ज्यादा छात्र-छात्राएं इस गफलतबाजी का शिकार हुए हैं।

### आरोपी अनस की...

शादी की तैयारी के बीच जबरदस्ती अपने साथ ले गया था। जिससे आक्रोशित भीड़ ने उसके घर-दुकान में आग लगा दी थी। जमकर पथराव हुआ था। जिसमें पुलिसकर्मी भी घायल हुए थे। मामले में पुलिस ने आरोपित के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया था। वही उपद्रव के मामले में भी 150 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। नरयावली विधायक लारिया ने इस पूरे मामले को लव जिहाद से जुड़ा बताया था। परसोरिया नायब तहसीलदार हरीश लालवानी ने बताया कि सरकारी जमीन पर जो भी अतिक्रमण है उसे हटाया जा रहा है।

**सीएम से मिले थे विधायकः** दरअसल, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले थे। उन्होंने बताया था कि मामले में कई निर्दोष लोगों को जेल भेजा गया है। अगले दिन से ही यह कार्रवाई शुरू हो गई। नरयावली विधायक लारिया इसके पहले भी आरोपितों द्वारा सरकारी जमीन पर अतिक्रमण का आरोप लगा चुके हैं।

### बोले- गुलामी मंजूर ....

और समाज का काम नहीं किया तो उनके बिजली-पानी के कनेक्शन काट देंगे। इतना ही नहीं, विधायक प्रीतम लोधी ने एक केस का हवाला देते हुए शिवपुरी के एसपी अमनसिंह राठौर को भी चेतावनी दी। उन्होंने एसपी को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सियाराम के भाई को गोली मारने वालों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो ठीक नहीं होगा। लोधी को भाजपा ने भोपाल तलब किया था।

### अयोध्या में रामलला...

को और भी दिव्य रूप में निहार सकेंगे। प्रभु श्रीराम के धाम पर इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना का कार्य पूरी विधि-विधान और परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। ध्वज दंड 42 फुट लंबा है, जिसे विशेष तकनीक और सावधानी से मुख्य शिखर पर स्थापित किया गया।

### विशाल क्रेनों की...

तक पहुंचाया। पहले ध्वज दंड को वर्टिकल खड़ा किया गया और फिर टावर क्रेन के माध्यम से शिखर तक पहुँचाकर उसे स्थापित किया गया। कार्य के दौरान इंजीनियर लगातार 160 फीट की ऊंचाई पर शिखर के समीप मौजूद रहे और स्थापना प्रक्रिया का बारीकी से संचालन किया।





**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

\- व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**मिथुन** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

**कन्या** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

**तुला** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**धनु** — आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**मीन** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।





R- 22/04/25 to 16/06/25 not = April 27,29 may = 4,11,12,18,25, june=1,8,15





## पेज एक का शेष...

### 1 से 30 मई तक...

डॉ. मोहन यादव ने की। इससे पहले मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को अलग-अलग मुद्दों पर ब्रीफ किया। नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि कैबिनेट ने नई तबादला नीति को मंजूरी दी है, जिसके तहत अब विभिन्न विभाग अपनी स्वयं की तबादला नीति बना सकेंगे, इसकी जानकारी जीएडी को देना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य शासन के शासकीय सेवकों एवं पेंशनरों, परिवार पेशनरों को देय महंगाई भत्ते एवं मंहगाई राहत की दर में वृद्धि किए जाने का निर्णय लिया गया है। महगाई भत्ता एवं मंहगाई राहत की मंजूरी के बाद एरियर राशि सहित राज्य शासन पर कुल 3500 करोड़ रुपए का व्यय भार अनुमानित है।

### गुजरात के इतिहास ...

पुलिस बल तैनात है। हमने लल्लू बिहारी नाम के एक व्यक्ति और उसके कुछ सहयोगियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है, जो यहां फर्जी रेंट एग्रीमेंट बनाते थे, उनके लिए आधार कार्ड बनवाते थे। पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरू किए जाने के बाद करीब 450 बांग्लादेशी नागरिक गुजरात में अवैध रूप से रहते पाए गए। अहमदाबाद और सूरत में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान के बाद करीब 6,500 लोगों को हिरासत में भी लिया गया, जिनके पड़ोसी देश के नागरिक होने का संदेह है।

### सबसे अधिक दिन....


पर पहुंच गया। यह नॉर्मल से 13.5 डिग्री कम है। भोपाल में आधा डिग्री बढ़कर 41.8 डिग्री रहा, जो सामान्य से एक डिग्री अधिक है। प्रदेश में औसत अधिकतम पारा 41 डिग्री रहा, जो सामान्य के करीब है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद पारा और गिरेगा।

**अभी सिस्टम मप्र से गुजर रहा:** मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी एक सकुर्लेशन दक्षिण पश्चिमी राजस्थान और आसपास सक्रिय है। एक अन्य सकुर्लेशन उत्तर पश्चिमी मप्र और यहां से एक ट्रफ दक्षिणी तमिलनाडु, विदर्भ, मराठवाड़ा से होती हुई कर्नाटक तक बनी हुई है। इससे प्रदेश के विशेषकर पूर्वी हिस्से में अभी मौसम बदला रहेगा। इसी क्रम में बुधवार को भी सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, अनुपपुर, शहडोल, डिंडोरी, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला, बालाघाट, पांढुर्ना में बारिश होगी।

**आधा दर्जन जिलों में बारिश, ओले:** दोपहर बाद सिवनी, दमोह, सिंगरौली, अनुपपुर और पन्ना में आंधी- बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई। रीवा, कटनी, शहडोल,नरसिंगपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सतना, सीधी और मंडला में भी हल्की बारिश हुई। रायसेन, भोपाल, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, मैहर, उमरिया, जबलपुर, डिंडोरी, पांढुर्ना और सागर में देर रात तक आंधी के साथ बौछारों की उम्मीद है।

**दो दिन बाद नया सिस्टम:** अभी जो सकुर्लेशन और ट्रफ लाइन सक्रिय है, वह दो दिन में पूर्वी मप्र से आगे बढ़ेगी। इसके बाद 2 मई को ही नया सिस्टम सक्रिय हो जाएगा। इसके असर से प्रदेश में फिर से मौसम बदलेगा। पश्चिमी और उत्तरी हिस्से में बारिश होगी। मध्य हिस्से में भी मौसम बदला रहेगा। इससे प्रदेश के अधिकांश जिलों में पारा 2 से 4 डिग्री तक फिर कम हो जाएगा। हालांकि, इससे पहले गुरुवार से शुक्रवार के बीच कुछ हिस्सों में लू का असर हो सकता है।

## शब्द पहेली - 5852



**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -5851 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5862

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5861 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

## खबर संक्षेप



### सेंट्रल बैंक के लाभ में 28 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 28 प्रतिशत बढ़कर 1,034 करोड़ रुपये हो गया। फंसे कर्जों में कमी आने से बैंक का मुनाफा बढ़ा है। बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के नतीजों के बारे में शेयर बाजार को सूचना दी। एक साल पहले की समान तिमाही में उसने 807 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने कहा कि आलोच्य तिमाही में उसकी कुल आय एक साल पहले के 9,699 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,433 करोड़ रुपये हो गई।

### महिंद्रा लाइफस्पेस के शुद्ध लाभ में 19 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी महिंद्रा लाइफस्पेस डेवलपर्स लि. का शुद्ध लाभ मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 85.09 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी तिमाही में इसका शुद्ध मुनाफा 71.48 करोड़ रुपये था। कंपनी ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कुल आय मामूली रूप से बढ़कर 55.44 करोड़ रुपये हो गई, जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 54.60 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान, कंपनी का शुद्ध लाभ घटकर 60.94 करोड़ रुपये रहा।




### डायमंड पावर इंफ्रा को मिले 230 करोड़ रुपए के दो ठेके

**नई दिल्ली।** डायमंड पावर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (डीपीआईएल) को बिजली केबल की आपूर्ति के लिए 230 करोड़ रुपये से अधिक के दो ठेके मिले हैं। डीपीआईएल की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, कंपनी को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड के तहत परियोजना के लिए राजेश पावर सर्विसेज लिमिटेड से 1,50,98,65,000 रुपये और बिजली केबल की आपूर्ति के लिए अदाणी इलेक्ट्रिसिटी मुंबई लिमिटेड से 79,27,80,051 रुपये का ठेका मिला है।

### स्टार्टअप कंपनी कल्ट ने जुटाए दो करोड़ डॉलर

**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी आधारित सौंदर्य स्टार्टअप कल्ट ने कारोबार का विस्तार करने के लिए एमउएम फैमिली ऑफिस सहित निवेशकों से दो करोड़ अमेरिकी डॉलर (170 करोड़ रुपये से अधिक) जुटाए हैं। कंपनी का लक्ष्य अपने मोबाइल ऐप आधारित मंच के जरिए चालू वित्त वर्ष में 700 करोड़ रुपये के उत्पाद बेचना है। कल्ट ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उसने पायल कनोडिया और ऐश्वर्या बंसल की अगुवाई में एमउएम फैमिली ऑफिस से सीरीज ए वित्त पोषण में दो करोड़ डॉलर जुटाए हैं।

### इरेडा ने शीर्ष प्रबंधन पदों पर किया बदलाव

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी लिमिटेड (इरेडा) ने तीन कार्यकारी निदेशक की नियुक्ति की मंगलवार को जानकारी दी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा, 'इरेडा लिमिटेड के वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर बदलाव किए गए हैं।' सुशांत कुमार देय को कार्यकारी निदेशक (परियोजना) नियुक्त किया है। वह पहले इसी विभाग के महाप्रबंधक थे। वहीं वित्त तथा लेखा विभाग के महाप्रबंधक क्रमशः सुरेंद्र कुमार शर्मा और धीरज मेहता को इन्हीं विभागों का कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया गया है।

# आरबीआई ने बैंकों से कहा, एटीएम में 100 और 200 रुपए के नोट भी रखें

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोग जब भी एटीएम से कैश निकालने जाते हैं तो ज्यादातर ऐसा होता है कि 500 रुपए के ही नोट ज्यादा निकलते हैं। 500 के नोटों को लेने के बाद लोगों को अक्सर चेंज के लिए भटकना पड़ता है। लेकिन अब लोगों की मुश्किलों को कम करने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने बैंकों से यह सुनिश्चित करने को कहा कि एटीएम से 100 रुपए और 200 रुपए के नोट भी निकलें।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि जनता को इन नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए ऐसा करना जरूरी है। बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालकों (डब्ल्यूएलएओ) को इस निर्देश को चरणबद्ध तरीके से लागू करना होगा। गैर-बैंकिंग संस्थाओं ने संचालित एटीएम को 'व्हाइट लेबल एटीएम' (डब्ल्यूएलए) कहा जाता है।

### लोग जब एटीएम से पैसा निकालते हैं तो ज्यादा तर 500 के नोट ही निकलते हैं

#### इस्तेमाल किए जाने वाले नोटों तक पहुंच बढ़े

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक परिपत्र में कहा, 'अक्सर इस्तेमाल किए जाने वाले मूल्यवर्ग के बैंक नोट तक जनता की पहुंच बढ़ाने के लिए यह फैसला किया गया है कि सभी बैंक और व्हाइट लेबल एटीएम परिचालक (डब्ल्यूएलएओ) यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके एटीएम से नियमित आधार पर 100 रुपए और 200 रुपए के नोट भी निकलें।'




#### 100-200 के नोटों की ज्यादा है मांग

परिपत्र के मुताबिक 30 सितंबर, 2025 तक 75 फीसदी एटीएम (ऑटोमेटेड टेलर मशीन) में कम से कम एक कैसेट से 100 रुपए या 200 रुपए मूल्यवर्ग के बैंक नोट निकलने चाहिए। आरबीआई ने इसके लिए 31 मार्च, 2026 तक का समय दिया है। बैंक इस समय तक अपने एटीएम में इस वर्ग के चैंबर की व्यवस्था कर सकते हैं।

#### बैंक अधिकारियों में मचा हड़कंप

आरबीआई की तरफ से बैंकों को एटीएम में ज्यादा से ज्यादा 100 और 200 रुपए के नोटों की उपलब्धता बढ़ाने के लिए कहा गया है। यह आदेश बैंकों और व्हाइट लेबल एटीएम ऑपरेटर दोनों को सस्टिमेटकि तरीके से लागू करना होगा। इस आदेश के बाद देश के बैंकों और अधकिारियों में हड़कंप मचा हुआ है। क्योंकि इस आदेश के बाद बैंकों को एटीएम में इसकी व्यवस्था करनी होगी।

### अमेरिका ने एक बार फिर प्राथमिक निगरानी सूची में रखा

# बौद्धिक संपदा संरक्षण पर भारत को अमेरिका ने निगरानी सूची में डाला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका ने भारत को बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) के संरक्षण एवं अनुपालन के लिहाज से सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बताते हुए सोमवार को उसे एक बार फिर अपनी 'प्राथमिक निगरानी सूची' में रख दिया।

■ अमेरिका ने भारत की प्रगति को संतोषजनक नहीं बताया

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की '2025 स्पेशल 301' रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले एक साल में बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण और प्रवर्तन के मामले में भारत की प्रगति संतोषजनक नहीं रही है। हालांकि रिपोर्ट कहती है कि भारत ने अपनी बौद्धिक संपदा प्रणाली को मजबूत करने के लिए काम किया है लेकिन लंबे समय से चली आ रही कई आईपी चिंताओं पर अब भी खास प्रगति नहीं हो पाई है।

#### खास बातें

- भारत ने अपनी बौद्धिक संपदा प्रणाली को मजबूत करने काम किया
- लंबे समय से चली आ रही आईपी चिंताओं पर खास प्रगति नहीं हो पाई



#### सूची में चीन, भारत सहित 25 देश

रिपोर्ट में भारत सहित आठ देशों को अपनी 'प्राथमिक निगरानी सूची' में रखा गया है। इस सूची में चीन, इंडोनेशिया, रूस, अर्जेंटीना और वेनेजुएला जैसे देश भी शामिल हैं। अमेरिकी रिपोर्ट में पाकिस्तान और तुर्की सहित 25 देशों को भी शामिल किया गया है।

#### भारत सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में

*रिपोर्ट में कहा गया है, /"भारत आईपी के संरक्षण और प्रवर्तन के संबंध में दुनिया की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है...भारत 2025 में प्राथमिकता निगरानी सूची में बना हुआ है।/"*

#### पेटेंट मुद्दे भारत में चिंता का विषय बने हुए

*रिपोर्ट के मुताबिक, पेटेंट मुद्दे भारत में विशेष चिंता का विषय बने हुए हैं। पेटेंट निरस्त होने का संभावित खतरा और भारतीय पेटेंट अधिनियम के तहत पेटेंट पात्रता मानदंडों का प्रक्रियात्मक और विवेकाधीन इस्तेमाल विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों को प्रभावित करता है।*

#### पेटेंट पाने भारत में लंबा इंतजार करना पड़ता है

अमेरिकी रिपोर्ट कहती है कि भारत में आवेदकों को आम तौर पर पेटेंट पाने के लिए लंबा इंतजार और अत्यधिक रिपोर्टिंग प्रावधानों का सामना करना पड़ता है। हितधारकों का भारतीय पेटेंट अधिनियम की व्याख्या में अस्पष्टता पर चिंता व्यक्त करना जारी है।/"

#### भारत आईसीटी उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क लगाता है


यूएसटीआर की रिपोर्ट कहती है कि भारत सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी (आईसीटी) उत्पादों, सौर ऊर्जा उपकरण, चिकित्सा उपकरणों, दवाओं और पूंजीगत वस्तुओं जैसे आईपी-गहन उत्पादों पर उच्च सीमा शुल्क लगाता है।

#### समग्र बौद्धिक संपदा अनुपालन नाकाफी

रिपोर्ट के मुताबिक, आईपी कार्यालय के संचालन और प्रक्रियाओं में सुधार के लिए भारत द्वारा उठाए गए कदम सराहनीय हैं लेकिन समग्र बौद्धिक संपदा अनुपालन नाकाफी है। इसमें यह भी कहा गया है कि अमेरिका भारत के साथ आईपी मामलों पर बातचीत जारी रखने का इरादा रखता है, जिसमें व्यापार नीति मंच के बौद्धिक संपदा कार्य समूह के माध्यम से बातचीत भी शामिल है।

# अमेरिका में रिश्वत मामले में अदाणी ग्रीन को क्लीन चिट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




अमेरिका में अदाणी ग्रुप पर चल रहे रिश्वत के मामले में बड़ा अपडेट आया है। अदाणी ग्रुप ने खुद इससे जुड़ी जानकारी दी है। ग्रुप ने कहा कि अमेरिका में उसके खिलाफ लगे आरोप की स्वतंत्र समीक्षा में कुछ अनियमितता नहीं मिली है। अदाणी ग्रुप की कंपनी अदाणी ग्रीन ने सोमवार को इस बारे में जानकारी दी है।

■ स्वतंत्र समीक्षा में कुछ अनियमितता नहीं मिली

गौतम अदाणी और उनके भतीजे और कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत जैन पर अमेरिका में बिजली प्रोडक्ट के लिए आधिकारियों को घूस देने के आरोप लगे। ग्रुप की ओर से ऑफिसर्स को 236 मिलियन डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगा है। जिस पर अब अदाणी ग्रुप ने स्वतंत्र समीक्षा में कुछ गलती न मिलने की बात कही है। आरोपों को नकारा है।

#### विनीत जैन को का कार्यकाल एक्सटेंड

अदाणी ग्रीन ने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर विनीत जैन पर लगे आरोपों के बीच उन्हें 10 जुलाई को फिर से 5 सालों के लिए डायरेक्टर बनाया। कंपनी ने कहा कि अपने 15 साल के कार्यकाल में जैन ने शानदार काम किया है। उन्होंने एनर्जी सेक्टर में कंपनी को नई उचाइंयों तक पहुंचाया है।

#### कंपनी ने हायर की थी लॉ फर्म

*अदाणी ग्रुप ने मामले के रिव्यू के लिए जनवरी में एक स्वतंत्र लॉ फर्म हायर की थी। कंपनी ने अपनी फाइलिंग में कहा था कि रिव्यू के आधार पर हमने फैसला किया है कि हम और हमारी साथी कंपनियां रूल और नियमों का पालन करती रहेंगी। साथ ही हमें उम्मीद है कि इन आरोपों का ज्यादा असर कंपनी पर नहीं पड़ेगा। इसी बीच फरवरी 2025 में अमेरिकी मार्केट रेगुलेटरी ने भारतीय अफसरों में ग्रुप के ऊपर लगे आरोपों की जांच करने में सहयोग मांगा था।*

# सोना 1,050 रुपए चढ़ा चांदी 3,500 रुपए उछली

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अक्षय तृतीया से पहले आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की ताजा लिवाली के कारण राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 1,050 रुपए बढ़कर 99,450 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को मनाया जाने वाला अक्षय तृतीया इस साल 30 अप्रैल को है। सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,000 रुपये घटकर 98,400 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,100 रुपये उछलकर 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया, जबकि पिछले दिन यह 97,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

इस साल अब तक सोने की कीमतों में पिछले साल 31 दिसंबर के 78,950 रुपये से 20,500 रुपये प्रति 10 ग्राम यानी 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, चांदी की कीमतों में भी 3,500 रुपये की उछाल आई है, जो करीब तीन सप्ताह में सबसे ज्यादा है। यह मंगलवार को 1,02,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई।

इसके अलावा, विशेषज्ञों ने कहा कि ऊंची कीमतों के बावजूद, उन्हें इस साल हल्के आभूषण की मांग में मजबूती की उम्मीद है। बाजार की मांग को बढ़ावा देने के लिए, उद्योग विभिन्न पसंद और मूल्य श्रेणियों के अनुरूप उत्पादों का विस्तृत विकल्प प्रदान कर रहा है।

# शेयर बाजार मामूली बढ़त के साथ बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव से उपजी चिंताओं के बीच निवेशकों के सतर्क रुख अपना लेने से मंगलवार को स्थानीय शेयर बाजार उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी खरीदारी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह ने घरेलू बाजार को समर्थन देने का काम किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.01 अंक चढ़कर 80,288.38 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 442.94 अंक बढ़कर 80,661.31 पर पहुंच गया था लेकिन बिकवाली के दबाव में नीचे आ गया।

### उद्योगों ने सरकार से सस्ते स्टेनलेस स्टील के आयात से सुरक्षा मांगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

घरेलू स्टेनलेस स्टील उद्योग ने स्थानीय विनिर्माताओं के हितों की रक्षा करने के लिए सरकार से सुरक्षात्मक शुल्क जैसे कदम उठाने का आग्रह किया है।

भारतीय स्टेनलेस स्टील विकास संघ (आईएसएसडीए) ने तैयार स्टील के बढ़ते आयात को भारतीय उद्योग के लिए बड़ा खतरा बताते हुए कहा कि उच्च लागत और बाजार की अस्थिरता से जूझ रहे स्थानीय उत्पादकों को अब सस्ते आयात से कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है। उद्योग निकाय के अध्यक्ष राजमणि कृष्णमूर्ति ने इस स्थिति से निपटने के लिए 'मेक इन इंडिया' पहल पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। इसमें आयात शुल्क बढ़ाना, घरेलू उत्पादन क्षमता में सुधार करना और अनुचित व्यापार प्रथाओं पर ध्यान देना शामिल है। जिंदल स्टेनलेस के विजय शर्मा ने चीन के खिलाफ मुकाबले में समुचित अवसर की उम्मीद जताते हुए कहा कि चीन से सस्ता आयात पड़ोसी आसियान देशों के रास्ते भारत में खपाया जा रहा है। शर्मा ने कहा, /"हम सभी भारत में चीनी मूल के घटिया स्टेनलेस स्टील की डंपिंग लगातार जारी रहने से अवगत हैं। इसका हमारे घरेलू उत्पादकों, खासकर एमएसएमई इकाइयों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

**टेंगौर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित**
**17, ए-सेक्टर इन्द्रपुरी भोपाल**

**निविदा आंमत्रण सूचना** दिनांक 29.04.2025

अध्यक्ष टेंगौर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से निविदा आंमत्रित की जाती हैं-

**कार्य का नाम**- सी.सी. रोड़, बाटर लाइन, सीवेज लाइन, STP, सम्प वेल, विद्युतीकरण, नाली निर्माण इत्यादि।
**अनुमानित व्यय राशि रुपए**- 65,00,000/-
**धरोहर राशि रुपए** -1.30,000/- बैंक डी.डी के मध्यम से जमा होगा।
**निविदा विक्री की अंतिम तिथि** - 02.05.2025 समय 16.00 बजे तक
**निविदा जमा करने की अंतिम तिथि** - 05.05.2025 समय 16.00 बजे तक
**निविदा खुलने की अंतिम तिथि** - 05.05.2025 समय 17.00 बजे
**कार्य अवधि** - 12 माह
निविदा प्राप्त करने एवं जमा करने का स्थान कार्यालय 17, ए-सेक्टर इन्द्रपुरी भोपाल

**अध्यक्ष**
**टेंगौर गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल**

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सोमवीर सिंह उर्फ सोमबीर सिंह, पुत्र श्री मेहताब सिंह निवासी ग्राम – केवला झिर, तालुका बकतरा, मध्य प्रदेश–466448** ने **CC No. 1312/2021 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना आदर्श नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोमवीर सिंह उर्फ सोमबीर सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सोमवीर सिंह उर्फ सोमबीर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **CC No. 1312/2021 U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना आदर्श नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सोमवीर सिंह उर्फ सोमबीर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **21.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री हिमांशी त्यागी
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी (एनआई एक्ट)
डिजिटल कोर्ट–05, कमरा नंबर 5बी
उत्तरी जिला, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5382/NW/2025(Court Matter)

**कार्यालय नगर पालिक निगम, भोपाल**
**वैध कालोनी प्रकोष्ट, शाहपुरा**

क्र.1179/6/का.प्र./2025 भोपाल दिनांक 29/4/2025

**।। सार्वजनिक विज्ञप्ति ।।**

**मध्यप्रदेश नगर पालिका (कालोनी विकास) नियम 2021 के नियम 13 (2) के अन्तर्गत**

सर्वसाधारण जनता की जानकारी के लिए इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि श्री/अध्यक्ष / मेसर्स अम्बिका मल्टीवेंचर्स प्रा.लि. द्वारा ग्राम खजूरी कलां स्थित भूमि खसरा क्र. 354/2/1 कुल रकबा 0.405 हेक्टेयर (4050.00 व.मी.) पर भोपाल नगर पालिका निगम क्षेत्र के अधीन भूखण्ड धारक होकर क्षेत्र में आवासीय कॉलोनी "CRYSTAL IDEAL CITY PHASE-6" निर्मित करने जा रहे है के द्वारा कुल बंधक किया गया भूखण्डो का क्षेत्रफल 537.00 व.मी., नगर तथा ग्राम निवेश जिला भोपाल द्वारा जारी अनुमोदित मानचित्र क्रमांक- BPLLP11022554503 दिनांक 04/04/2025 में दर्शित भूखण्ड क्रं.-714 क्षेत्रफल-97.95 व.मी., भूखण्ड क्रं.-715, 716, 717, 718, 719 प्रत्येक का क्षेत्रफल-87.81 व.मी. इस प्रकार कुल 06 भूखण्ड़ जिनका कुल क्षेत्रफल 537.00 व.मी., भोपाल के पक्ष में बन्धक रखे गये हैं। ये भूखण्ड इस क्षेत्र की कॉलोनी का आतंरिक विकास कार्य पूर्ण होने के पश्चात् नियमानुसार बंधक मुक्त किये जावेगे तथा इसी के पश्चात् इन भूखण्ड का विक्रय किया जा सकेगा।
अतः सर्व साधारण इन भूखण्डो के संबंध में न तो अनुबंध करें न ही किसी भी प्रकार के विक्रय, बंधक तथा अन्तरण की कोई कार्यवाही करें अन्यथा वह निरस्त मानी जावेगी अतः सूचित हो।

**नगर निवेशक एवं सक्षम प्राधिकारी**
**नगर पालिक निगम, भोपाल**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

क्रमांक -2547/ लोक निर्माण/2025 हरदा दिनांक 29/4/25

[नियम 91 (1) (क) (II) ]
ई - नगर पालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगर पालिका का नाम - नगर पालिका परिषद हरदा

एन.आई.टी. संख्या /4856/ई-टेंडरिंग दिनांक ............

निम्नलिखित निर्माण / आपुर्ति / सेवाओं के लिये निविदा मानदंडो को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन बोली आंमत्रित हैं -

| क्रं.सं./ पैकेज कोड | निर्माण कार्य/ आपूर्तियॉ/ सेवाऐं | जिला | संभवित राशि | समापन अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|
| वार्षिक दर वर्ष 2025-26 | | | | |
| 2025_UAD_398003_2 | जे.सी.बी. मशीन किराये पर प्रतिमाह ड्राईवर सहित | हरदा | 25 लाख | 31.03.2026 |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाइट पर एनआईटी देख सकता है www.mptenders.gov.in
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेंडर क्र. 2025_UAD_398003_2 दिनांक 28/4/25 से 12/5/25 समय 6:00 PM बजे तक ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है. ।
3. एनआईटी में संशोधन, यदि कोई होता है, तो केवल, वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र में नहीं. ।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री शिवम चौरसिया उपयंत्री मोबाईल नं. 9893830407 पर संपर्क करें. ।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद हरदा**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, हरदा जिला- हरदा**

क्रमांक.2556/ सा. प्र. /स्टोर /2025 हरदा, दिनांक-29/04/2025

[ नियम 91 (1) (क) (II) ]
ई- नगरपालिका आमंत्रण सूचना का प्रारूप
मध्यप्रदेश शासन
नगरपालिका का नाम - नगरपालिका परिषद् हरदा

एन.आई.टी.संख्या 4859/ई टेंडरिंग दिनांक 10.03.2025

निम्नलिखित निर्माण / आपूर्ति / सेवाओं के लिए निविदा मानदंडों को पूरा करने वाले ठेकेदारों / कंसल्टेंट्स और ख्याति प्राप्त फर्म्स से ऑनलाईन बोली आमंत्रित है :-

| क्रं.सं./ पैकेज कोड | निर्माण कार्य/ आपूर्तियॉ/ सेवाऐं | जिला | संभावित राशि | समापन अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_419175_1 | वर्ष 2025-26 के लिये रसीद बुक एवं कंप्यूटर स्टेशनरी मुद्रण कार्य | हरदा | 15,00000/- | 31.03.2026 |

1. इच्छुक बोलीदाता वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर एनआईटी देख सकते है।
2. बोली दस्तावेज सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर टेंडर क्रं. 2025 UAD_ 4191751 दिनांक 25.04.2025 मे दिनांक 23.05.2025 समय 06.00 PM बजे तक आनलाईन क्रय किये जा सकते है।
3. एनआईटी में संशोधन यदि कोई होता है तो केवल वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा और समाचार पत्र मे नहीं।
4. किसी भी स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो तो कृपया श्री शिवम् चौरसिया उपयंत्री मो. नं. 9893830407 पर संपर्क करे।

**भारती राजू कमेडिया**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हरदा

**अंशुल आलोक गोयल**
उपाध्यक्ष
नगर पालिका परिषद हरदा

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
नगर पालिका परिषद हरदा

चिंतन

# आतंकवाद के खिलाफ 'खुली छूट' वक्त का तकाजा

पहलगाम आतंकी हमले के बाद से देश में आक्रोश है। लोग जल्द से जल्द हमलावर आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई चाहते हैं। इसी कड़ी में पीएम नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक हुई। बैठक में प्रधानमंत्री ने साफ संदेश दिया है कि आतंकवाद को कुचलना राष्ट्रीय संकल्प है। सरकार ने आतंकियों के खिलाफ एक्शन के लिए सेना को खुली छूट दी है। पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकियों, उनके मददगारों व साजिशकर्ताओं के खिलाफ एक्शन के लिए सेना अपने हिसाब से तरीका, टारगेट और समय तय करेगी। 22 अप्रैल को पहलगाम में पर्यटकों पर हमला कर आतंकियों ने 27 बेकसूर निहत्थे लोगों को मौत के घाट उतार दिया था। हमले की जिम्मेदारी लश्कर के छद्म गुट द रिजसटेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली, जिससे इस हमले से पाकिस्तान का तार जुड़ा। लश्करे तैयबा पाकिस्तान स्थित आतंकी गुट है। हमले के बाद से सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं, जिनसे पाकिस्तान को भी संदेश दिया गया है और घरेलू स्तर पर भी आतंक के खिलाफ कार्रवाई की गई है। अच्छी बात है कि इस संकट की घड़ी में देश पूरी तरह एकजुट है, राजनीतिक रूप से भी व सामाजिक-धार्मिक रूप से भी। वक्त का तकाजा है कि सरकार इस हमले के दोषियों को अंजाम तक पहुंचाए और इसलिए प्रधानमंत्री ने तीनों सेनाओं को जवाबी कार्रवाई क्या होगी, कब होगी और क्या टारगेट होगा, ये तय करने की पूरी तरह से ऑपरेशनल छूट दी है। इस बीच विश्व स्तर पर भी पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा हुई है और विश्व के अधिकांश राष्ट्रों ने भारत के प्रति एकजुटता दिखाई है। भारत ने कहा है कि हमले के बाद वैश्विक नेताओं की ओर से 'मजबूत, स्पष्ट' समर्थन और एकजुटता, आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति का प्रमाण है। 2008 में हुए 26/11 के भीषण मुंबई हमलों के बाद पहलगाम आतंकवादी हमले में इतनी अधिक संख्या में आम नागरिक मारे गए हैं। दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार होने के कारण भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है कि इस तरह के कृत्यों का पीड़ितों, उनके परिवारों और समाज पर दीर्घकालिक असर पड़ता है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर, इतालवी प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस सहित वैश्विक नेताओं ने भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की। पिछले हफ्ते 15 सदस्यीय संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने एक प्रेस वक्तव्य जारी कर जम्मू कश्मीर में आतंकवादी हमले की 'अत्यधिक कड़े शब्दों में' निंदा की। सुरक्षा परिषद ने जोर दिया कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और ''आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य'' को अंजाम देने वाले और उसके प्रायोजकों को न्याय के कठघरे में लाया जाना चाहिए। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने खुलेआम कबूल किया है कि उनके देश का आतंकवादी संगठनों का समर्थन और वित्तपोषण करने का इतिहास रहा है और यह कबूलनामा उजागर करता है कि पाकिस्तान वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला देश है। भारत के लिए आतंकवाद के खिलाफ कड़ा एक्शन लेने का यह अच्छा मौका है, क्योंकि अधिकांश वैश्विक समर्थन नई दिल्ली के पक्ष में हैं और पाकिस्तान की ओर से भी आतंकवाद को पालने- पोसने की स्वीकारोक्ति है।



पहलगाम हमला
रविशंकर

# आतंकवाद पर करारी चोट जरूरी

जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एक बड़ा वादा था। साल 2019 में सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया था। इसके ज़रिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म किया गया। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 एक औज़ार है। इसका इस्तेमाल करके कश्मीर में आतंक, हिंसा और भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा था। तब से लेकर पहलगाम हमले तक, मोदी सरकार का दावा रहा है कि उनके शासन के 10 सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शांति और अहिंसा का एक नया दौर आया है। लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बादल अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार की कश्मीर नीति पर भी सवाल उठ रहे हैं। जम्मू-कश्मीर में सामान्य स्थिति बहाल करना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार का एक बड़ा वादा था। साल 2019 में सरकार ने अनुच्छेद 370 हटाया था। इसके ज़रिए जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा ख़त्म किया गया। उस समय प्रधानमंत्री मोदी ने अनुच्छेद 370 की निंदा की थी। उन्होंने कहा था कि अनुच्छेद 370 एक औज़ार है। इसका इस्तेमाल करके कश्मीर में आतंक, हिंसा और भ्रष्टाचार फैलाया जा रहा था। तब से लेकर पहलगाम हमले तक, मोदी सरकार का दावा रहा है कि उनके शासन के 10 सालों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शांति और अहिंसा का एक नया दौर आया है। लेकिन पहलगाम में आतंकी हमले के बादल अब बहुत सारे सवाल उठ रहे हैं। इनमें सबसे बड़ा सवाल सरकार की कश्मीर नीति पर है, जो उसने दावे किए।ऐसे में यह सवाल भी उठाया जा सकता है कि उसकी कश्मीर नीति सफल रही है,या विफल? या उससे कोई फर्क नहीं पड़ा है।

जरा याद कीजिए, साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटाने के पांच साल बाद प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2024 में पहली बार जम्मू कश्मीर का दौरा किया। उनका यह दौरा लोकसभा चुनाव के कुछ दिन पहले हुआ था। श्रीनगर में एक बड़ी सभा में प्रधानमंत्री ने कहा था कि कश्मीरी अब आजादी से सांस ले रहे है। अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर प्रगति और समृद्धि की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। दशकों तक कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अनुच्छेद 370 के बारे में जम्मू-कश्मीर और देश के लोगों को गुमराह किया। हालांकि, इस दौरान कठिनाइयां भी आईं। साल 2017 में अमरनाथ यात्रियों पर चरमपंथियों ने हमला किया। इसमें आठ यात्रियों की मौत हो गई। साल 2019 में अनुच्छेद 370 हटने से पहले, घाटी के पुलवामा में चरमपंथी हमले में 40 सीआरपीएफ़ जवान मारे गए। ना जाने इस तरह की और भी कई छोटी-बड़ी घटनाएं घाटी में घटित हुई। 2014 में मोदी और उनकी पार्टी जब चुनाव प्रचार कर रही थी तब उन्होंने वादा किया था कि कश्मीर के मामले में अब तक जो निरर्थक रवैया अपनाया जाता रहा है उसके विपरीत वे सख्त रवैया अपनाएंगे। सरकार की कमजोरी का उदाहरण देने के लिए कश्मीरी पंडितों की बदहाली का हवाला दिया जाता था और कहा जाता था कि सेकुलर पार्टियों ने 1990 में उन्हें किस तरह निराश किया। कहा जाता था कि मोदी सरकार आतंकवादियों को, चाहे वे भारतीय हों या पाकिस्तानी, दिखा देगी कि उनके दिन अब लद गए। लेकिन उसके बाद से महीना-दर-महीना आतंकवादी यह दिखाते रहे कि वे ऐसा नहीं मानते। अनुच्छेद 370 को रद करने के फैसले का तो हम स्वागत करते हैं मगर घाटी के हालात को असंतोषजनक भी क्यों कहते हैं। इसकी वजह यह है कि संविधान से जुड़ा वह फैसला उच्चतर राजनीतिक-रणनीतिक दायरे में किया गया, जमीनी हकीकत के मद्देनजर नहीं। इसलिए यह अपेक्षा रखना खामख्याली ही होगी कि इससे आतंक, हिंसा,अलगाव और आप कहना चाहें तो घाटी में इस्लामी जिहाद आदि सब खत्म हो जाएंगे। आप कह सकते हैं कि यह मोदी सरकार और बीजेपी की ही गलती है कि उसने इस कदम को एक नई साहसिक सुबह लाने वाला और अंधेरे को खत्म करने वाला कदम बताकर खूब प्रचारित



किया। मालूम हो,जब तक अनुच्छेद 370 संविधान में मौजूद था और कश्मीर को भारत में विशेष दर्जा हासिल था,तब तक सारा संसार और पाकिस्तान यह मान रहा था कि जम्मू-कश्मीर के दर्जे पर बातचीत हो सकती है। इसलिए वे भी उम्मीद लगाए बैठे थे। लेकिन पांच अगस्त ने वह सब खत्म कर दिया है। इसके बाद से,भारत की ओर से संदेश यह जा रहा था कि जम्मू-कश्मीर भारत के दूसरे सभी राज्यों जैसा ही एक राज्य है और बातचीत उस क्षेत्र के बारे में हो सकती है जिस पर आपने कब्जा कर रखा है और जिसका नाम 'पीओके' है।

मोदी सरकार की सफलता यह है कि संयुक्त राष्ट्र समेत पूरी दुनिया इस बात को लगभग तय मान चुकी है। इसीलिए हमने इस फैसले को साहसिक बदलाव कहा। कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि मोदी सरकार की कश्मीर नीति राज्य का दर्जा बदलने और वार्ता के मुद्दे को पुनर्परिभाषित करने के मामले में सफल रही है। लेकिन चूंकि उसने इसे अपने समर्थकों के बीच बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया इसलिए वह जमीन पर विफल हुई नजर आ रही है। पुलवामा या गलवान के विपरीत,जहां रक्षाकर्मी शहीद हुए, बैसरन में आतंकवादियों ने निर्ममतापूर्वक नागरिकों को चुन-चुनकर निशाना बनाया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब केंद्र सरकार राज्य में आतंकवाद के खात्मे के दावे कर रही थी। बीते वर्षों में लगातार यह कहा जाता रहा कि आतंकियों की संख्या घट गई है और आतंकी नेटवर्क लगभग समाप्ति की ओर है। लेकिन यदि यह स्थिति वास्तव में इतनी बेहतर थी, तो पहलगाम जैसे सुरक्षित और संवेदनशील क्षेत्र में आतंकवादी कैसे खुलेआम गोलियां बरसाकर फरार हो गए? यह प्रश्न इसलिए भी गंभीर है क्योंकि यह इलाका न केवल पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है, बल्कि अमरनाथ यात्रा का प्रमुख आधार स्थल भी है, जहां हर साल लाखों श्रद्धालु आते हैं। सुरक्षाबलों और खुफिया एजेंसियों की इतनी मौजूदगी के बावजूद हमले की पूर्व सूचना का न होना, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान न कर पाना, और हमलावरों का आसानी से भाग निकलना यह दर्शाता है कि हमारी सुरक्षा व्यवस्था अब भी सतही सफलता से ऊपर नहीं उठ सकी है। जब सरकार यह कहती है कि आतंकवाद अपने अंतिम दौर में है, तो क्या इसका मतलब यह है कि हम पहले से अधिक ढिलाई बरतने लगे हैं? क्या यह आत्ममुग्धता नहीं है कि हम केवल आंकड़ों और बयानों के सहारे अपनी पीठ थपथपा रहे हैं, जबकि जमीन पर आतंक अब भी जिंदा है? हम इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकते कि जम्मू-कश्मीर में 2019 से लेकर 2024 के बीच छोटे-बड़े सैकड़ों आतंकी घटनाएं घटित हुई हैं। साफ है, घाटी के हालात तब तक नहीं सुधर सकते जब तक वहां राजनीतिक निर्वात बना रहेगा। पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटक केवल एक संख्या नहीं, बल्कि वे हमारी सामूहिक लापरवाही का प्रतीक हैं। यदि हम अब भी नहीं चेते, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आने वाले समय में आतंकवाद और भी अधिक भयावह रूप में लौट सकता है। यह वक्त बयान देने का नहीं, बल्कि सख्त आत्ममंथन और निर्णायक कार्रवाई का है। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खात्मे के लिए देश और इसके समूचे तंत्र की कितनी ऊर्जा लगी है, यह सभी जानते हैं।

विडंबना यह है कि दशकों पहले से जारी इस समस्या से पार पाने के लिए सरकारों ने दावे तो बहुत किए,वक्त के साथ नए उपाय भी किए गए,लेकिन आज भी वहां जिस स्तर की आतंकवादी गतिविधियां चल रही दिखती हैं,वह देश के सामने एक बड़ी चुनौती है। भारत की ओर से लगातार चेतावनी के बावजूद पाकिस्तान लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने की जहमत नहीं उठाता, इसलिए देश की निगाहें अब एक बार फिर से मोदी पर होंगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

कूटनीति
विवेक शुक्ला




# जंग हुई तो क्या चीन देगा पाक का साथ!

पहलगाम में 26 मासूम लोगों के कत्ल के बाद भारत-पाकिस्तान आमने-सामने हैं। क्या दोनों पड़ोसी मुल्कों के बीच जंग होगी? क्या जंग हुई तो चीन पाकिस्तान के साथ खड़ा होगा? इन सवालों पर समर नीति और कूटनीति के जानकार आजकल माथापच्ची कर रहे हैं। अगर बात कारगिल जंग ( 1999) की करें तो तब चीन ने पाकिस्तान का खुलकर या प्रत्यक्ष रूप से सैन्य या राजनयिक समर्थन नहीं किया था। भले ही चीन और पाकिस्तान के बीच गहरे रणनीतिक संबंध हैं, जिन्हें अक्सर सदाबहार दोस्ती कहा जाता है। पाकिस्तान के नेता हर संकट के वक्त बीजिंग पहुंच जाते हैं कटोरा लेकर। दरअसल कारगिल संघर्ष के दौरान चीन की प्रतिक्रिया काफी सधी हुई थी। चीन ने तब आधिकारिक तौर पर भारत और पाकिस्तान से संयम बरतने और बातचीत के माध्यम से मुद्दे को हल करने का आग्रह किया। यानी चीन उस समय पाकिस्तान के साथ खड़ा नहीं हुआ था। चीन ने नियंत्रण रेखा का सम्मान करने का दोनों पक्षों से आग्रह किया था। यह परोक्ष रूप से पाकिस्तान की आलोचना थी, क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा का उल्लंघन करके भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी के चीनी विभाग के अध्यक्ष प्रो. तान चुंग का कहना था कि चीन बहुत प्रेक्टिल देश है। वह बहुत सोच-समझकर ही खुलकर किसी देश के साथ खड़ा होता है। जानकारों का कहना है कि जब कारगिल युद्ध के समय तत्कालीन पाकिस्तानी सेना प्रमुख परवेज़ मुशर्रफ़ समर्थन मांगने चीन गए, तो चीनी नेतृत्व ने उन्हें पीछे हटने और मामले को शांतिपूर्वक सुलझाने की सलाह दी। चीन इस संघर्ष को बढ़ते हुए नहीं देखना चाहता था। चीन का मत था कि दो परमाणु-सशस्त्र पड़ोसियों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध रहने चाहिए। दरअसल, तब चीन ने पाकिस्तान की कार्रवाई की सार्वजनिक रूप से निंदा नहीं की थी, पर उसने पाकिस्तान की कारगिल में सैन्य घुसपैठ का समर्थन भी नहीं किया था। 1965 और 1971 के भारत-पाक युद्धों में चीन ने पाकिस्तान का समर्थन जरूर किया था, लेकिन 'खुलकर साथ' होने की व्याख्या थोड़ी जटिल है और दोनों युद्धों में उसकी भूमिका थोड़ी अलग थी। चीन ने 1965 की जंग के वक्त भारत की कड़ी आलोचना की और पाकिस्तान को अपना पूर्ण राजनयिक समर्थन दिया। चीन ने भारत पर सिक्किम सीमा पर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए सैन्य कार्रवाई की धमकी दी। उसने सीमा के पास अपनी सेना की कुछ गतिविधियां भी बढ़ाईं, जिससे भारत पर दूसरा मोर्चा खुलने का दबाव बना। यह पाकिस्तान के लिए एक महत्वपूर्ण नैतिक और रणनीतिक समर्थन था। हालांकि चीन ने धमकियां दीं और दबाव बनाया, लेकिन उसने भारत के खिलाफ सीधे तौर पर कोई बड़ी सैन्य कार्रवाई नहीं की। उसका समर्थन मुख्यतः राजनयिक और मनोवैज्ञानिक दबाव तक ही सीमित रहा। वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ। चीन ने 1971 में भी पाकिस्तान का राजनयिक समर्थन जारी रखा और भारत के हस्तक्षेप की आलोचना की, खासकर संयुक्त राष्ट्र में। हालांकि 1971 में चीन का दबाव काफी कम था। कूटनीति मामलों के जानकार इसके कई कारण बताते हैं। भारत-सोवियत संधि (1971) ने चीन को हतोत्साहित किया, क्योंकि भारत पर हमले की स्थिति में सोवियत संघ के हस्तक्षेप की संभावना थी। चीन उस समय सोवियत संघ के साथ तनावपूर्ण संबंध रखता था। इसके साथ ही सर्दियों में हिमालय के दुर्गम दर्रों से बड़े पैमाने पर सैन्य कार्रवाई करना चीन के लिए बहुत मुश्किल था। मतलब चीन ने 1971 में भी कोई सीधा सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया। एक बात समझ लें कि भले ही भारत-चीन के बीच सीमा विवाद है, पर चीन को मालूम है कि भारत उसके उत्पादों के लिए एक बड़ा बाजार है। यह बात उसे आजकल खासतौर पर समझ आ रही होगी क्योंकि अमेरिका उस पर भारी-भरकम टैरिफ लगा रहा है। फिलहाल भारत-चीन के बीच सालाना आपसी व्यापार 125 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। समझ लें कि भारत-चीन ने तय कर लिया है कि इनका जटिल सीमा विवाद का कोई हल निकले या ना निकले, पर ये अपने आपसी कारोबारी संबंधों को प्रभावित नहीं होने देंगे। हमारा चीन के साथ कुछ साल पहले तक व्यापार घाटा 29 अरब रुपए तक का हो गया था। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला भी मानते हैं कि इस व्यापार घाटे को संतुलित करने की जरूरत है। पर फिलहाल सबकी निगाहें इस बात पर है कि भारत-पाक के बीच जंग वाली स्थिति बनी तो चीन किसका साथ देगा। तो जान लें कि चीन युद्ध की स्थिति में पाक का खुलकर साथ नहीं देगा।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित
दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।


## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## सटाका




## आज की पाती

### सबसे पहले इन दुष्ट दानवों की लगाम कसी जाए

पहलगाम में आतंकियों के इस अत्यंत ही जघन्य, कायरतापूर्ण हमले के बाद सारे भारत में दुख, पीड़ा और आक्रोश की लहर फैल चुकी है। दुनिया भलीभांति जानती है कि भारत विश्वशांति का सबसे बड़ा समर्थक और संरक्षक रहा है, लेकिन आतंकवाद और उग्रवाद का जनक पाकिस्तान अगर ऐसे कायरता के दुषकार्य करता रहेगा, तो भारत सहित दुनिया के लगभग सभी देशों द्वारा पाकिस्तान के नेताओं, उग्रवादियों को कड़ा सबक सिखाकर स्थाई समाधान करना अनिवार्य हो जाता है। स्वयं और समस्त संसार की रक्षा और सुरक्षा करना भी हम सभी का परम कर्तव्य है। मानवता और विश्वशांति को धता बताने वाले इन पाकिस्तानी दुष्टो, दानवों को तुरंत ही धर दबोच कर कठोर दंड दिया जाए।

*- विनय दीक्षित, रायगढ़*

## ट्रेंड

### मार्क जे कार्नी को बधाई



मार्क जे कार्नी को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में चुनने और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। हमारी साझेदारी के लिए आपके साथ काम करने को उत्सुक हूं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### अश्रुपूर्ण नमन



लेह-लद्दाख में वीरगति को प्राप्त हुए हरियाणा के लाल नवीन श्योराण को अश्रुपूर्ण नमन। प्रभु से दिवंगत आत्मा को शांति व शोकाकुल परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना करता हूँ। दुःख की घड़ी में हम उनके परिजनों के साथ खड़े हैं।

-नायब सैनी, सीएम, हरियाणा

### वैभव का निडर दृष्टिकोण



वैभव का निडर दृष्टिकोण, बल्लेबाजी की गति और अपनी पूरी शक्ति गेंद पर लगा देना उनकी शानदार पारी का नुस्खा था। इसका परिणाम यह था कि वह 38 गेंद पर 101 रन बनाने में सफल रहे।

-सचिन तेंदुलकर, क्रिकेटर

### मुझे चुनने के लिए धन्यवाद



मुझे जो सम्मान दिया गया है, मैं उसे अपने राष्ट्र की भलाई के लिए काम करते रहने की जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करता हूँ और मैं भारत सरकार को इस सम्मान के लिए मुझे चुनने के लिए धन्यवाद देता हूँ।

-शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### श्रीलंका में बुद्ध के दांत के अवशेष की प्रदर्शनी संपन्न



भगवान बुद्ध के दांत के अवशेष की दुर्लभ प्रदर्शनी श्रीलंका के कैंडी शहर में संपन्न हुई। आधिकारिक बयान से यह जानकारी मिली। यह प्रदर्शनी 18 अप्रैल को शुरू हुई और रविवार को समाप्त हुई। मुख्य बौद्ध भिक्षुओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदर्शनी देखने के लिए रिकार्ड संख्या में लोग एकत्र हुए। 2.1 करोड़ आबादी वाले देश में 74 प्रतिशत सिंहली बौद्ध बहुसंख्यकों के लिए बुद्ध के दांत के अवशेष का विशेष आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व है। हजारों बौद्ध श्रद्धालुओं ने 10 दिन की इस प्रदर्शनी में हिस्सा लिया जो 2009 के बाद से इस तरह का पहला आयोजन था। आयोजकों का अनुमान था कि करीब 20 लाख श्रद्धालु इसमें भाग लेंगे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि अनुमानित संख्या के आधे से भी कम लोग इसमें शामिल हुए क्योंकि अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं के लिए बुनियादी स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने में असमर्थता जताते हुए लोगों के प्रवेश पर रोक लगा दी। कैंडी की नगर आयुक्त इंडिका कुमारी ने संवाददाताओं से कहा, 'हमें खुशी है कि यह कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है। लेकिन हमारे पास कैंडी में बनाए गए विभिन्न अस्थायी ढांचों को हटाने का बड़ा काम रह गया है।'

## ऑफ बीट

### खुद सब्जियां उगाने वाले कम भोजन करते हैं बर्बाद



जीवन यापन के बढ़ते खर्च से लोगों, विशेष रूप से कम आय वाले (जिनका आहार अक्सर समुचित नहीं होता है), के लिए स्वस्थ आहार का खर्च उठा पाना कठिन होता जा रहा है। इसके बावजूद, ब्रिटेन में घरों में हर साल आश्चर्यजनक मात्रा में भोजन बर्बाद होता है। इसमें लगभग 68 किलोग्राम फल और सब्जियां भी शामिल है। खाने की बर्बादी न केवल आपकी जेब पर भारी पड़ती है, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी हानिकारक है। वैश्विक स्तर पर, हर साल 1.3 अरब टन भोजन बर्बाद हो जाता है, जिससे दुनिया के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आठ प्रतिशत उत्पन्न होता है। ये उत्सर्जन खाद्य आपूर्ति श्रृंखला के सभी चरणों में अप्रयुक्त भोजन से उत्पन्न होता है। हमारे हालिया अध्ययन से हालांकि पता चला है कि जो लोग बगीचों और आवंटित जमीनों में फसल और सब्जियां स्वयं उगाते हैं, वे औसतन केवल 3.4 किलोग्राम फल और सब्जियां बर्बाद करते हैं – जो ब्रिटेन के औसत से 95 प्रतिशत कम है। इन परिवारों ने भोजन की बर्बादी को कम करने के लिए विभिन्न प्रथाओं को अपनाया, जिसमें अपनी अतिरिक्त उपज को संरक्षित करना या किसी अन्य को दे देना भी शामिल है।

अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

अहमदाबाद में चंदोला झील के पास कार्रवाई

# 2000 अवैध मकानों पर चला बुलडोजर, अलर्ट पर पूरा शहर

## फर्जी रेंट एग्रीमेंट और दस्तावेज बनवाकर अवैध प्रवासियों ने बना लिया था ठिकाना

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

नगर निगम और पुलिस ने चंदोला झील क्षेत्र के पास बनी झुग्गी-झोपड़ियों को जमींदोज करने के लिए बुलडोजर अभियान जोरों पर है। इस क्षेत्र से कुछ दिन पहले अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने वाले बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस आयुक्त जी.एस मलिक ने कहा कि यह अभियान अहमदाबाद नगर निगम की अगुवाई में चलाया जा रहा है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) शरद सिंघल के नेतृत्व में करीब 2,000 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। अभियान का जायजा लेने पहुंचे मलिक ने कहा कि शहर के सभी थानों को अलर्ट पर रखा गया है, क्योंकि चंदोला झील में तोड़फोड़ अभियान चल रहा है। यह मुस्लिम बहुल इलाका है।

**2000** पुलिसकर्मी तैनात

**450** बांग्लादेशियों को पकड़ा

**6,500** लोगों को हिरासत में लिया



### मास्टरमाइंट महमूद पठान पर एफआईआर दर्ज

उन्होंने कहा कि हम पठान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर चुके हैं। उसने फर्जी रेंट एग्रीमेंट बनवाकर अवैध प्रवासियों को ठिकाना दिलाया और आधार कार्ड भी बनवाए। ऐसा भी शक है कि कुछ लोगों ने पासपोर्ट भी बनवाए हैं। उप नगर आयुक्त डीसी परमार ने बताया कि करीब 2,000 अवैध रूप से बनाए गए मकान और संपत्तियों की पहचान की गई है और दोपहर तक 50 फीसदी काम पूरा कर लिया गया।

**50 टीमें लगाई गईं**

सिंघल ने बताया कि अहमदाबाद नगर निगम ने सुबह-सुबह अभियान शुरू किया, जिसमें 50 टीमें लगाई गईं और हर टीम के पास जेसीबी है। उन्होंने बताया कि चंदोला झील क्षेत्र में आखिरी तोड़फोड़ अभियान 2009 में चला था। हाल ही में अहमदाबाद नगर निगम के सर्वेक्षण से पता चला की सरकारी जमीन पर फिर से कब्जा किया गया है और झील के चारों ओर झोपड़ियां बना दी गई हैं। इन इलाकों में (सियासतनगर और बंगाली वास) में अवैध बांग्लादेशी रह रहे थे।

### अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी कार्रवाई के पक्ष में

*पुलिस आयुक्त मलिक ने बताया कि चंदोला झील के पास सरकारी जमीन पर कब्जा कराने वाले मास्टरमाइंट महमूद पठान उर्फ बिल्लू बिहारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। उसने अवैध रूप से प्रवेश करने वाले बांग्लादेशी प्रवाशियों को किराए के मकान दिलवाने और आधार कार्ड बनवाने में मदद की। उन्होंने कहा कि हमने अहमदाबाद नगर निगम की मदद के लिए 2,000 पुलिसकर्मी और राज्य रिजर्व पुलिस की 20 कंपनियां तैनात की हैं, ताकि चंदोला झील के सियासतनगर और बंगाली वास जैसे इलाकों में अवैध निर्माण हटाया जा सके। लोग कार्रवाई के पक्ष में हैं।*

---

## खबर संक्षेप

### फोन पर आर्मी कैंट की तस्वीरें, जासूस मोची अरेस्ट



**नई दिल्ली।** देश का नमक खाने वाला ही देश का गद्दार निकला। पेसे से मोची कोई आम नागरिक नहीं पाक जासूस था। आरोपी बिहार से आकर पंजाब में सेना से जुड़ी सूचनाएं भेज रहा था। आरोपी की पाक की एक युवती के साथ दोस्ती थी और उसके कहने पर यह कर रहा था। बठिंडा पुलिस ने दबोचा है।

### किराएदार ने बेची वक्फ प्रॉपर्टी, कोर्ट ने मांगा जवाब



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक किराएदार की ओर से वक्फ संपत्ति बेचे जाने की घटना सामने आई है। इस पर दिल्ली हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस, वक्फ बोर्ड एवं अन्य से जवाब मांगा है। जस्टिस तारा वितस्ता गंजू ने दिल्ली पुलिस, दिल्ली वक्फ बोर्ड, एमसीडी, विक्रेता और शाहदरा स्थित संपत्ति के खरीदार को नोटिस जारी किया है।

### एक्टर बासफोर की झरने के पास मिली डेड बॉडी



**गुवाहाटी।** फिल्म इंडस्ट्री से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। 2025 की मोस्ट अवेटेड वेब सीरीज फैमिली मैन सीजन 3 में अपनी बेहतरीन एक्टिंग को लेकर चर्चा में रहने वाले रोहित बासफोर का निधन हो गया है। एक्टर की मौत ने उनके पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। असम के गरभंगा झरने के पास 27 अप्रैल की दोपहर मृत पाए गए।

### पाका दिग्गजों को पछाड़ कर बने 'रास' प्रत्याशी




**नई दिल्ली।** कई हाई प्रोफाइल नेताओं के नामों की अटकलों के बाद भाजपा ने आंध्र प्रदेश में आगामी राज्यसभा उपचुनाव के लिए अपना उम्मीदवार चुन लिया है। भाजपा ने आंध्र प्रदेश राज्यसभा सदस्य के उम्मीदवार के तौर पर आरएसएस के एक अनुभवी सदस्य पाका वेंकट सत्यनारायण को चुना है।

---

देश की सबसे पुरानी पार्टी आज भी आतंकी और पाकिस्तान की भाषा बोल रही

# कांग्रेस बन गई 'लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस' देश विरोधी साजिश कर देश को खोखला कर रही





गायब पोस्टर पर भाजपा का कांग्रेस पर बड़ा हमला दोरहे चरित्र पर दो टूक



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की है। इस मुद्दे पर कांग्रेस द्वारा जारी किए गए एक विवादास्पद पोस्टर पर भाजपा ने विपक्ष पर पाकिस्तानी और आतंकवादी विचारधारा पर कार्य करने के गंभीर आरोप लगाए हैं।

कांग्रेस ने पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर 'गायब' शीर्षक से एक पोस्टर साझा किया, जिसमें आतंकी हमले के बाद पीएम की चुप्पी पर सवाल उठाए गए हैं। इस पोस्टर को लेकर राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव भाटिया ने इस पोस्टर को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, बेहूदा और चिंताजनक है कि कांग्रेस एक राष्ट्रीय राजनीतिक दल होते हुए भी आज दोहरा चरित्र दिखा रही है। यह ऐसा प्रतीत होता है मानो कांग्रेस, लश्कर-ए-पाकिस्तान कांग्रेस बन गई हो।

### राहुल बताएं- पूरा देश एकजुट तो ऐसी पोस्ट क्यों साझा की?

भाटिया ने दावा किया कि यह सब कांग्रेस नेता राहुल गांधी के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि लंदन में पाकिस्तान के रक्षा अधिकारियों द्वारा दिए गए हिंसक संकेतों को राहुल 'कैच' कर रहे हैं और भारत में प्रचारित कर रहे हैं। भाटिया ने राहुल पर सवाल उठाया कि यदि पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, तो कांग्रेस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से ऐसी पोस्ट क्यों साझा की गई?

### कांग्रेस ने सिर तन से जुदा का इस्तेमाल कर कुछ नहीं छोड़ा



भाजपा नेता अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस ने सिर तन से जुदा की अपनी छवि का इस्तेमाल करके कोई संदेह नहीं छोड़ा है। यह महज एक राजनीतिक बयान नहीं है। यह मुस्लिम वोट बैंक को निशाना बनाने और प्रधानमंत्री के खिलाफ एक छिपी हुई उकसावेबाजी है। एक अन्य पोस्ट में अमित मालवीय ने कहा कि कांग्रेस के नेता पाकिस्तान के स्लीपर सेल की तरह काम कर रहे हैं। उनके गैरजिम्मेदार और निंदनीय बयानों को देखिए।

### पाकिस्तान की भाषा बोल रही कांग्रेस : पूनावाला



भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा है कि कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से 'सिर विहीन' फोटो को शेयर किया जाना 'सिर तन से जुदा' करने वाली मानसिकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने आरोप लगाया है कि कांग्रेस अपने संपूर्ण चरित्र में पाकिस्तान के समान व्यवहार करती है। उन्होंने कहा कि उनके एक-दो नेता नहीं, बल्कि कई नेता लगातार वही भाषा बोल रहे हैं।

### राहुल की 'मोहब्बत की दुकान' पाकिस्तान में खुला मॉल

*भाटिया ने कटाक्ष करते हुए कहा कि राहुल गाभारत में मोहब्बत की दुकान खोलने की बात करते हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वह दुकान नहीं बल्कि मॉल पाकिस्तान में खुला है। उन्होंने रॉबर्ट वाड्रा और सिद्धारमैया के हालिया बयानों का भी जिक्र किया, जिन्हें लेकर कांग्रेस ने कोई सफाई या खंडन नहीं दिया?*

### पीएम पहले ही बोल चुके कड़ा सबक सिखाया जाएगा

*उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त किया जाएगा और जो देश आतंकियों को समर्थन देते हैं, उन्हें भी कड़ा सबक सिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की सेना का साहस, जनता की प्रार्थनाएं और प्रधानमंत्री का मजबूत नेतृत्व मिलकर आतंक के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ रहे हैं।*

### पूरी दुनिया भारत के साथ कांग्रेस पाकिस्तान के साथ

भाटिया ने कहा कि एक तरफ जहां पूरा देश और दुनिया भारत के साथ खड़ी है, वहीं कांग्रेस ऐसे समय में पाकिस्तान से बातचीत की वकालत कर रही है। उन्होंने चेताया कि इस तरह की सोच न सिर्फ देश का मनोबल गिराने वाली है बल्कि यह पाकिस्तान के इशारे पर काम करने जैसा प्रतीत होती है।प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने दो टूक कहा कि हम आतंकियों से लड़ रहे हैं, लेकिन कांग्रेस की भाषा और हरकतें उस दुश्मन के समर्थन में दिखाई देती हैं।

### यह कांग्रेस की भयावह और जहरीली साजिश

भाटिया ने कहा कि वे पाकिस्तान को संकेत दे रहे हैं कि इस आतंकवादी हमले में कांग्रेस पार्टी पाकिस्तान के साथ खड़ी है, न कि अपने देश के साथ। यह कांग्रेस पार्टी की ओर से किया गया कोई मासूम पोस्ट नहीं है। यह हमारे देश की अखंडता को कमजोर करने और देश के प्रधानमंत्री मोदी को निशाना बनाने की एक भयावह और जहरीली साजिश है।

---

'युग्म' सम्मेलन में पीएम मोदी ने कहा





# 'ट्रिपल टी' से बदलेगा भारत का भविष्य सभी युवा तकनीक व इनोवेशन से जुड़ें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर ही निर्भर होता है। इसलिए जरूरी है कि हम उनके भविष्य के लिए और देश के उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें तैयार करें। इनमें सबसे बड़ी भूमिका देश की शिक्षा व्यवस्था की होती है, इसीलिए देश की शिक्षा व्यवस्था को हम 21वीं सदी की जरूरत के मुताबिक आधुनिक बना रहे है।

युवाओं को बचपन से तकनीक व इनोवेशन से जोड़ा जा रहा है। प्रतिभा (टैलेंट), तेवर (टेंपरामेंट) व तकनीक (टेक्नालॉजी) का यह जुड़ाव भारत के भविष्य को बदलेगा। पीएम मोदी ने मंगलवार को भारत मंडपम में आयोजित पहले नवाचार ( इनोवेशन ) सम्मेलन 'युग्म' को संबोधित करते हुए यह बातें कहीं।

### बायो साइंस के क्षेत्र में 14 सौ करोड़ के करार

सम्मेलन में शिक्षा, उद्योग और इनोवेशन से जुड़े लोग शामिल थे। इस मौके पर वाधवानी फाउंडेशन ने पीएम मोदी की मौजदूगी में आईआईटी बांबे, आईआईटी कानपुर और नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के साथ मिलकर एआई, इंटेलीजेंस सिस्टम व बायो साइंस के क्षेत्र में 14 सौ करोड़ के करार किए है। पीएम मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के बाद शिक्षा के क्षेत्र में आए बदलावों की जिक्र किया व कहा कि बच्चों में अब स्कूली स्तर पर ही शोध और इनोवेशन के बीज रोपे जा रहे है। अटल टिंकरिंग लैब के जरिए वे अपने सपनों को नई उड़ान दे रहे हैं।

### हमारे पास समय कम और लक्ष्य बड़े

मोदी ने कहा कि विकसित भारत के लिए हमारे पास समय कम है व लक्ष्य बड़े है। ऐसे में जरूरी है कि प्रोटोटाइप से प्रोडक्ट तक की यात्रा कम समय में पूरी हो। जब हम इस दूरी को कम देंगे तो शोध का लाभ लोगों तक तेजी से पहुंचने लगता है।

### पेटेंट के क्षेत्र में रफ्तार बढ़ी

पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने जिन लक्ष्यों को तय किया है उसे निरंतर गति देने के लिए देश के रिसर्च इकोसिस्टम को मजबूती देना आवश्यक है। पिछले एक दशक में इस दिशा में काफी तेजी से काम हुआ है। 2013-14 में शोध और इनोवेशन पर जहां खर्च सिर्फ 60 हजार करोड़ था, हमने इसे दोगुना से ज्यादा बढ़ाकर सवा लाख करोड़ से ऊपर कर दिया है।पेटेंट के क्षेत्र में रफ्तार बढ़ी है।

---

सभी नेताओं को संभलकर बोलने की हिदायत दी

# बड़बोले 'अपनों' को नाथने में जुटी कांग्रेस अब सख्त, पार्टी लाइन से इतर बात की तो नपेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस पार्टी ने दलगत अनुशासन और पार्टी लाइन को लेकर बडी तैयारी पार्टी के अंदर शुरूकर दी है। अब तक लोकतांत्रिक दिखने और बने रहने की हिमायत में विभिन्न नेताओं के स्वर बार बार पार्टी लाइन से इतर दिखा जिसका असर मीडिया के माध्यम से देशभर में पड़ा। उसका राजनीतिक प्रभाव और पार्टी को नुकसान के आंकलन के लिए एक विशेष समिति के गठन पर विचार किया जा रहा है ताकि वरिष्ठ नेताओं तक ये मैसेज पहुंचे कि आपके संभल कर न बोलने से पार्टी को नुकसान हो रहा है। उन्हें दो टूक कहा कि अब ऐसा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बड़बोले नेताओं के लिए पार्टी आलाकमान अब एक लाइन खींच देने की तैयारी में है। आतंकी हमले के बाद कुछ नेताओं के विवादास्पद बयानों ने कांग्रेस को मुश्किल में डाल दिया। पार्टी लाइन से हटकर इन बयानों ने न केवल पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया, बल्कि भाजपा को कांग्रेस पर हमला करने का मौका भी दिया। मीडिया में अलग नेरेटिव पैदा हुआ, इसलिए, कांग्रेस आलाकमान ने सख्त निर्देश जारी किए कि सभी नेता पार्टी की आधिकारिक राय का पालन करें और अनुशासनहीनता पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

### कई नेताओं ने दिए थे विवादित बयान

पार्टी के वरिष्ठतम नेताओं में शुमार एक नेता ने कहा, पहलगाम हमले के बाद 24 को कांग्रेस कार्य समिति ने एक बैठक की और इस हमले की निंदा करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया। 25 अप्रैल को सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिस्सा लिया और केंद्र सरकार के कदमों का समर्थन करने की बात कही। पार्टी ने स्पष्ट किया कि केवल सीडबलूसी का प्रस्ताव, खरगे, राहुल गांधी, और अधिकृत एआईसीसी पदाधिकारियों के बयान ही पार्टी की आधिकारिक स्थिति को दर्शाते हैं। मणिशंकर अय्यर, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और महाराष्ट्र के नेता विजय वडेट्टीवार ने हमले पर ऐसे बयान दिए जो पार्टी लाइन से अलग थे। सिद्धारमैया ने कहा कि युद्ध कोई विकल्प नहीं होना चाहिए, जिसे बाद में उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि आवश्यक हो तो भारत को पाकिस्तान के खिलाफ युद्ध करना होगा। कर्नाटक के मंत्री आरबी तिम्मापुर ने कहा कि आतंकियों ने लोगों को गोली मारने से पहले उनका धर्म नहीं पूछा, जिसे कुछ ने संवेदनशील मुद्दे को गलत तरीके से उठाने के रूप में देखा।

---

चुनाव आयोग वोटिंग लिस्ट में कर रहा सुधार

# अब मतदाता सूची में नहीं होंगे डुप्लीकेट नाम, 'आधार' देना पूरी तरह स्वैच्छिक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चुनाव आयोग देशभर में मतदाता सूची से डुप्लिकेट नाम हटाने के अभियान में जुटा है। बताया जा रहा मतदाताओं के लिए आधार नंबर देना पूरी तरह स्वैच्छिक रहेगा। अब मतदाताओं द्वारा चुनाव अधिकारियों को आधार जानकारी देना जरूरी नहीं है। यह बयान तब आया जब कुछ लोगों ने पूछा कि क्या आधार साझा करना अनिवार्य किया जा सकता है और अगर कोई मतदाता जानकारी नहीं देता तो क्या उसे कारण बताना होगा। इस मुद्दे पर जारी बहस के बीच चुनाव आयोग पहले ही कह चुका है कि वह जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिकारियों के साथ समन्वय कर मतदाता सूची को नियमित रूप से अपडेट करेगा।

### मतदाता सूची और आधार लिंक को लेकर विचार-विमर्श करेंगे

*इसके अलावाभारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण और चुनाव आयोग के तकनीकी विशेषज्ञों के बीच मतदाता सूची और आधार लिंक करने को लेकर विचार-विमर्श जल्द शुरू होगा। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि एक मतदाता केवल उसी मतदान केंद्र में वोट डाल सकता है, जहां उसका नाम दर्ज है।*

---

# 'नमामि गंगे' की संस्था' नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा' टैक्स-फ्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



गंगा की सफाई के लिए बने केंद्र सरकार के खास अधिकरण को अब आयकर नहीं भरना पड़ेगा। सैकड़ों करोड़ बकाया होने के बाद केंद्र से 'नेशनल मिशन फॉर क्लीन गंगा' को आयकर से छूट देने सभी औपचारिकताएं पूरी कर ली हैं। इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द कर दी जाएगी। आयकर से मुक्त करने के बाद विशेषज्ञों का मानना है कि मिशन को वित्तीय स्थिरता प्रदान किया जा सकेगा। गंगा नदी के पुनर्जनन के लिए इसके प्रयासों को मजबूत करेगा। यह छूट न केवल भविष्य की परियोजनाओं के लिए संसाधन उपलब्ध कराएगी, बल्कि पिछले वर्षों की कर मांगों से भी राहत देगी। इसके साथ ही, क्लीन गंगा फंड में दान करने वालों को धारा 80जी के तहत कर लाभ मिलता रहेगा, जो जन भागीदारी को प्रोत्साहित करेगा। यह निर्णय नमामि गंगे कार्यक्रम की सफलता और गंगा की सफाई के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी नमामि गंगे कार्यक्रम को इस फैसले से नई गति मिल सकेगी।

---

शीर्ष अदालत ने साफ किया-स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं

# राष्ट्रीय सुरक्षा-संप्रभुता से जुड़ी कोई रिपोर्ट नहीं होगी उजागर

## पेगासस विवाद पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पेगासस स्पाईवेयर के जरिए जासूसी से जुड़े केस में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने यह भी कह दिया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा और संप्रभुता के मुद्दे पर पेगासस की कोई भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि एक बात साफ कर दें कि स्पाईवेयर रखने में कोई परेशानी नहीं है।

राष्ट्र की सुरक्षा के साथ समझौता नहीं कर सकते। हां सवाल यह हो सकता है कि इसका इस्तेमाल किसके खिलाफ किया जा रहा है। अगर इसका इस्तेमाल सिविल सोसाइटी व्यक्ति के खिलाफ किया जा रहा है, तो मामले पर विचार किया जाएगा।

### सभी को सावधान रहना चाहिए

न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की खंडपीठ उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें भारत सरकार द्वारा पत्रकारों, न्यायाधीशों, कार्यकर्ताओं और अन्य लोगों की जासूसी करने के लिए पेगासस स्पाइवेयर के इस्तेमाल का आरोप लगाया गया था। देश में चल रही सुरक्षा स्थिति का संदर्भ देते हुए न्यायालय ने टिप्पणी की कि इस समय सभी को सावधान रहना चाहिए।



### आम लोगों को धोखा दिया गया

मामले में शीर्ष न्यायालय ने इसे अशुद्ध गठजोड़ करार दिया और कहा कि यह आम लोगों को धोखा देने का मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया कि सुपरटेक प्रोजेक्ट्स में हो रही गड़बड़ियों की प्राथमिक जांच की जाए। सीबीआई को डीएसपी, इंस्पेक्टर और कॉन्स्टेबल की सूची दें।

### बिल्डरों- बैंकों में 'गठजोड़' की जांच सीबीआई करेगी

सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों और बैंकों के बीच 'गठजोड़' की जांच जरूरी है। कोर्ट ने सीबीआई को सुपरटेक लिमिटेड के एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है। हजारों फ्लैट खरीदने वालों ने आरोप लगाया कि उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे इलाकों मेंसुपरटेक और अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70 फीसदी लोन की रकम सीधे दे देते थे। लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है।

### कॉलेजियम पर वकील ने बोला तो भड़के सीजेआई, फटकारा

*देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना उस समय भरी अदालत में एक वरिष्ठ वकील पर भड़क गए, जब उन्होंने कॉलेजियम प्रणाली को चुनौती देने वाली याचिका को सूचीबद्ध करने की मांग की। वकील मैथ्यूज नेदुम्परा सीजेआई के सामने 2022 में दायर एक रिट याचिका का उल्लेख कर रहे थे, जिसमें न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली को समाप्त करने और राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को पुनर्जीवित करने की मांग की गई थी नेदुम्परा ने कहा कि हम देख रहे हैं कि क्या हो रहा है? इस पर सीजेआई नेनेदुम्परा को फटकार लगाई और उनसे अदालत में राजनीतिक भाषण देने से परहेज करने को कहा।*

## ट्रंप के टैरिफ वार फैसले का दिखा बड़ा असर

# कनाडा चुनाव में मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की जीत, फिर बने पीएम
# पीएम मोदी ने दी बधाई, खालिस्तान समर्थक एनडीपी की हुई करारी हार

एजेंसी ▶▶ टोरेंटो

कनाडा आम चुनाव में पीएम मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी जीत हो गई है। नतीजों में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और टैरिफ वार का असर साफ नजर आ रहा है। लिबरल पार्टी की जीत पर पीएम नरेंद्र मोदी ने बधाई दी है।

कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन के मुताबिक लिबरल पार्टी ने संसद की 343 सीटों में से कंजरवेटिव्स से ज्यादा सीटें जीती हैं। अब तक जो रुझान आए हैं, उनमें पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल्स को करीब 168 सीटें मिलती दिख रही हैं, जो कि बहुमत के आंकड़े-172 से महज चार सीटें ही कम हैं। वहीं, मुख्य विपक्षी दल- कंजर्वेटिव पार्टी को 144 से 148 सीटों पर बढ़त मिली है। दूसरी तरफ जगमीत सिंह की न्यू डेमोक्रेट्स पार्टी (एनडीपी) को 7 सीटें और ब्लॉक क्यूबेकॉइस को 23 सीटें मिलने का अनुमान है।

इससे पहले जब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा की अर्थव्यवस्था पर हमला करना शुरू किया था तो लिबरल्स हार रहे थे। ट्रंप के कार्यों ने कनाडाई लोगों को क्रोधित कर दिया और राष्ट्रवाद में उछाल ला दिया। इसके बाद लिबरल्स की चुनावी कहानी को पलट गई और पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई।

कनाडा और अमेरिका के मध्य लाभकारी प्रणाली खत्म हुई | लिबरल्स पार्टी लगातार चौथी बार सत्ता पर काबिज हुई

### जीत के बाद कार्नी ने चेताया, 'ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे'




*चुनाव में जीत के बाद पीएम मार्क कार्नी ने ओटावा में विजय भाषण में कहा कि ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए हमें सचेत रहने की जरूरत है। उन्होंने कनाडा की एकता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से कनाडा और अमेरिका ने जिस पारस्परिक रूप से लाभकारी प्रणाली को साझा किया था, वह अब खत्म हो चुकी है। हम अमेरिकी विश्वासघात के सदमे से उबर चुके हैं, लेकिन हमें उससे मिले सबक कभी नहीं भूलना चाहिए। जैसा कि मैं महीनों से चेतावनी दे रहा हूं, अमेरिका हमारी जमीन, हमारे संसाधन, हमारा पानी, हमारा देश चाहता है। ये बेकार की धमकियां नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप हमें तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं।*

### एनडीपी ने पार्टी का दर्जा खोया



कनाडा आम चुनाव में जनता ने खालिस्तान समर्थक जगमीत सिंह को आइना दिखा दिया है। चुनाव में उनकी पार्टी की करारी हार हुई है। 12 सीटें न मिलने पर न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने पार्टी का दर्जा भी खो दिया है। वे अपनी ही सीट से चुनाव हार गए हैं। पार्टी को मिली करारी हार के बाद जगमीत ने पार्टी प्रमुख के पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रमुख का पद छोड़ते वक्त जगमीत सिंह रो पड़े। जगमीत सिंह हाउस ऑफ कॉमन्स में 2019 से बर्नबी सेंट्रल सीट से प्रतिनिधित्व कर रहे थे। वे इस सीट पर पहले से तीसरे स्थान पर आ गए।

### साझेदारी को मजबूत करने के लिए उत्सुक



पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडाई नेता मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी की चुनावी जीत पर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि वह दोनों देशों के लोगों के लिए अधिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए उत्सुक हैं। पीएम मोदी ने लिखा कि कनाडा के पीएम के रूप में निर्वाचन पर मार्क जे कार्नी को बधाई और लिबरल पार्टी को उनकी जीत पर बधाई। दोनों साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक अवसर खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।

### भारत के साथ रिश्ते मजबूत होंगे: मार्क कार्नी

चुनाव से पहले पीएम मार्क कार्नी ने कई बार यह कहा है कि अगर वह कनाडा के पीएम चुने जाते हैं, तो वह भारत के साथ व्यापार संबंधों को फिर से स्थापित और मजबूत करेंगे। उन्होंने वर्तमान समय में दोनों देशों के रिश्तों में तनाव को स्वीकार किया और कहा कि आपसी मूल्यों और विश्वास पर आधारित मजबूत आर्थिक साझेदारी की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### त्रिनिदाद और टोबैगो चुनाव में बिसेसर की वापसी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो की आम चुनावों में जीत हासिल करने पर यूनाइटेड नेशनल कांग्रेस की नेता कमला प्रसाद बिसेसर को बधाई दी कहा कि भारत और त्रिनिदाद और टोबैगो के बीच ऐतिहासिक और पारिवारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए वह उनके साथ मिलकर काम करने को उत्सुक हैं। बिसेसर, पहले 2010 से 2015 तक त्रिनिडाड एंड टोबैगो की पीएम रह चुकी हैं, अब 73 वर्ष की उम्र में एक बार फिर से सत्ता में लौट रही हैं।

### बेकाबू कार ने 4 मासूम लोगों को कुचला




**चैथम।** अमेरिका के इलिनोइस में एक कार कार ने चार मासूमों को कुचल दिया। पुलिस ने वाहन चालक को हिरासत में ले लिया है। इलिनोइस के स्प्रिंगफील्ड के बाहर आफ्टरस्कूल कार्यक्रम के दौरान बेकाबू कार इमारत में घुस गई। चैथम पुलिस विभाग के उप प्रमुख स्कॉट टार्टर ने कहा कि कार तीन बच्चों को टक्कर मारने के बाद इमारत में जा घुसी। फिर दूसरी तरफ से बाहर निकलने से पहले एक अन्य बच्चे को टक्कर मारी।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पहलगाम की आतंकी घटना पर पाकिस्तान को जमकर लताड़ा, कहा

### ख्वाजा आसिफ के बयान पर बरसा भारत

# पाक का कबूलनामा चौंकाने वाला नहीं, नापाक राष्ट्र की छवि उजागर

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है। इस बीच भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। दरअसल, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने हाल ही में एक साक्षात्कार में स्वीकार किया था कि उनके मुल्क ने वर्षों से आतंकवाद का समर्थन किया। उन्होंने आतंकवादियों को प्रशिक्षण देने और उन्हें धन मुहैया कराने की बात कबूल की थी। भारत ने इसे लेकर ही पड़ोसी मुल्क से कड़े सवाल किए और उसका वैश्विक मंच पर उसका नापाक चेहरा उजागर किया। संयुक्त राष्ट्र में भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत योजना पटेल ने कहा कि पूरी दुनिया ने हाल ही में एक टेलीविजन साक्षात्कार में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ को आतंकवादी संगठनों को समर्थन, प्रशिक्षण और धन मुहैया कराने के पाकिस्तान के इतिहास को स्वीकार करते हुए सुना है। यह खुला कबूलनामा किसी को भी आश्चर्यचकित नहीं करता है। यह पाकिस्तान की एक दुष्ट देश की छवि को स्पष्ट करता है। एक ऐसा देश, जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देता है। शांति के माहौल को अस्थिर करता है। दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती। योजना पटेल ने भारत के खिलाफ दुष्प्रचार और निराधार आरोप लगाने के लिए वैश्विक मंच का दुरुपयोग करने और उसे कमजोर करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना भी की।

### मजबूत समर्थन के लिए वैश्विक समुदाय को धन्यवाद दिया

पाकिस्तान दुष्ट देश के रूप में उजागर जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा

शांति के माहौल को अस्थिर करता है दुनिया अब और आंखें नहीं मूंद सकती



योजना पटेल ने पहलगाम हमले के मद्देनजर वैश्विक समुदाय को उनके मजबूत स्पष्ट समर्थन और एकजुटता के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह आतंकवाद के प्रति अंतरराष्ट्रीय समुदाय की शून्य सहिष्णुता का प्रमाण है। पहलगाम आतंकवादी हमला 2008 में हुए 26/11 के मुंबई हमलों के बाद से सबसे खतरनाक साजिशों में से एक है। भारत दशकों से सीमापार आतंकवाद का पीड़ित रहा है और हम अच्छी तरह से समझ सकते हैं कि आतंकी घटनाओं का पीड़ितों, परिवारों और समाज पर क्या असर होता है। उन्होंने हमले की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की निंदा को भी दोहराया और कहा कि आतंकवाद के कृत्य आपराधिक और अनुचित हैं, चाहे उनका उद्देश्य कुछ भी हो। उन्होंने कहा कि हम दोहराते हैं कि आतंकवाद के सभी रूपों की स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए।

### 'वोटन' की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम

उन्होंने कहा कि आतंकवाद के पीड़ितों के संगठन नेटवर्क (वीओटीएएन-वोटन) की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है जो आतंक के पीड़ितों के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाएगा। इससे पीड़ितों की सुनवाई और सहायता के लिए एक संरचित, सुरक्षित स्थान तैयार होगा। भारत का मानना है कि आतंकवाद के प्रति वैश्विक प्रतिक्रिया को मजबूत करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि पीड़ित हमारे सामूहिक प्रयासों का केंद्र बने रहें, वोटन जैसी पहल आवश्यक हैं। इसका उद्देश्य अधिवक्ताओं और शांति निर्माताओं के रूप में आवाज उठाना भी है।

### *गुटेरेस ने जयशंकर से फोन पर की बात, पहलगाम आतंकी हमले की दोबारा कड़ी निंदा की*




संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने मंगलवार को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से फोन पर बात की। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि कानूनी तरीकों से इन हमलों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर गहरी चिंता जताई। गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को नियमित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुटेरेस ने विदेश मंत्री जयशंकर और पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ से अलग-अलग फोन पर बात की। महासचिव ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की दोबारा कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इन हमलों के लिए कानूनी तरीकों से न्याय और जवाबदेही तय की जानी चाहिए। गुटेरेस ने कहा कि दोनों देश आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि वे तनाव कम करने और बातचीत फिर से शुरू करने के लिए दोनों पक्षों को स्वीकार्य किसी भी पहल का समर्थन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दोनों सरकारों से अधिकतम संयम बरतने और किसी भी तरह की तनातनी से बचने का आग्रह किया है।

### पहलगाम हमले के बाद देशभर में अलर्ट

## दिल्ली में हुई उच्चस्तरीय बैठक सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पहलगाम आतंकी हमले के बाद देशभर में आक्रोश का महौल है। साथ ही सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इसी सिलसिले में मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने की। इसमें बीएसएफ, एनएसजी और असम राइफल्स के प्रमुखों के साथ-साथ एसएसबी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। सूत्रों के मुताबिक, यह बैठक जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी। बैठक में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक दलजीत सिंह चौधरी, राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) के प्रमुख ब्रिघु श्रीनिवासन, असम राइफल्स के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और एसएसबी की अतिरिक्त महानिदेशक अनुपमा नीलेकर चंद्रा मौजूद थीं।



### जम्मू में 10-12 अवैध पाक नागरिक हिरासत में

जम्मू-कश्मीर में अवैध रूप से रह रहे 10-12 पाकिस्तानी नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। सरकार ने तय वीजा अवधि पर आये इन पाकिस्तानी नागरिकों को समय सीमा से खत्म होने से पहले भारत छोड़ने का स्पष्ट निर्देश दिया था। हिरासत में लिए गए लोगों में से अधिकांश महिलाएं हैं, जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से आई थीं। वे कई वर्षों से घाटी में रह रही थीं और उनके बच्चे यहीं पैदा हुए हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस के मुताबिक हिरासत में लिए गए सभी व्यक्तियों को पहले वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, कश्मीर में विदेशी पंजीकरण अधिकारी (एफआरओ) का प्रभार संभाले सीआईडी विशेष शाखा (एसबी) ने भारत छोड़ने के लिए नोटिस दिया था। यह कार्रवाई भारत सरकार के गृह मंत्रालय के आदेश के तहत हुई है।

### एलओसी पर पाक ने की फायरिंग

पाकिस्तानी सेना ने जम्मू कश्मीर से लगी नियंत्रण रेखा पर संघर्षविराम का उल्लंघन किया है। पाक सेना द्वारा यिंत्रण रेखा के उस पार से गोलीबारी की गई है। भारतीय सेना के मुताबिक 28-29 अप्रैल की रात को पाक सेना ने कुपवाड़ा और बारामुला जिलों के साथ अखनूर सेक्टर में बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने इस उकसावे का जवाब प्रभावी ढंग से दिया।

### भारत और भूटान के बीच बैठक

## सीमा शुल्क सहयोग को मजबूती देने और व्यापार सुविधा बढ़ाने पर सहमत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और भूटान के बीच छठी संयुक्त सीमा शुल्क समूह बैठक 24 से 25 अप्रैल को भूटान के थिम्पू में आयोजित की गई। दोनों देशों ने सीमा शुल्क सहयोग को मजबूत करने, व्यापार सुविधा बढ़ाने तथा सुरक्षित एवं कुशल सीमा प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अपनी साझा प्रतिबद्धता की पुष्टि की। छठी जेजीसी बैठक में दोनों देशों के बीच व्यापार और पारगमन बढ़ाने के लिए कई द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की गई। समन्वित सीमा प्रबंधन (सीबीएम), सीमा शुल्क डेटा का आदान-प्रदान, सीमा शुल्क पारस्परिक सहायता समझौता (सीएमएए) पर चर्चा की।



### भारत, भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार

भारत आयात और निर्यात में भूटान का शीर्ष व्यापार साझेदार है, जो भूटान के कुल व्यापार का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा है। भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से भूटान के साथ व्यापार महत्वपूर्ण है। भारत और भूटान सीमा पर पश्चिम बंगाल और असम राज्यों में 10 भूमि सीमा शुल्क स्टेशन हैं। दोनों देशों के बीच संयुक्त सीमा शुल्क समूह की बैठकें सीमा शुल्क प्रक्रियाओं की पुनर्परिभाषा और पुनर्रचना से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करने, सीमा शुल्क सहयोग को बढ़ावा देने और सर्वोत्तम वैश्विक विधियों के साथ संरेखण तथा सीमा पार व्यापार सुविधा के लिए प्रतिवर्ष आयोजित की जाती हैं।

### चीन के रेस्त्रां में लगी भीषण आग

## 3 मंजिला इमारत तक पहुंची लपटें 22 लोगों की मौत, कारण अज्ञात

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

चीन के उत्तरी शहर लिओनिंग के एक रेस्त्रां में लगी आग में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। इस अग्निकांड में तीन लोगों के घायल होने की खबर है। दोपहर के समय लगी इस आग के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। घटनास्थल की सामने आई तस्वीरों में दो या तीन मंजिला इमारत की खिड़कियों और दरवाजों से आग की बड़ी लपटें निकलती दिखाई दे रही हैं। हालांकि हादसे को लेकर अभी अधिक जानकारी सामने नहीं आई है। आग दोपहर 12:25 बजे लगी। जिसमें 22 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। आग लगने के कारणों के बारे में अभी तक पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



### राष्ट्रपति का हरसंभव मदद का आग्रह

रिपोर्ट में कहा गया है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने घायलों के इलाज के लिए हरसंभव प्रयास करने का आग्रह किया है। इस महीने चीन में यह दूसरी बड़ी आग लगने की घटना है। इससे पहले 9 अप्रैल को उत्तरी चीन के हेबेई प्रांत में एक नर्सिंग होम में आग लगने से 20 बुजुर्गों की मौत हो गई थी। चेंगडे शहर के लोंगहुआ काउंटी स्थित नर्सिंग होम में आग लगने के समय इमारत में कुल 39 बुजुर्ग लोग मौजूद थे।

### पद्म पुरस्कार विजेताओं ने वीरों को दी श्रद्धांजलि



**नई दिल्ली।** वर्ष 2025 के 71 पद्म पुरस्कार विजेताओं ने मंगलवार को राष्ट्रीय समर स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्रीय समर स्मारक पर निर्देशित दौरे पर पहुंचे 2025 के प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कार विजेता वहां वीरता चक्र में भित्ति चित्रों पर दर्शाए गए युद्धों में बहादुरों की वीरता की कहानियों से अचंभित रह गए। उन्होंने स्मारक की भव्यता और वैचारिक डिजाइन की भी सराहना की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह-। में वर्ष 2025 के लिए 4 पद्म विभूषण, 10 पद्म भूषण और 57 पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किए।

### पहलगाम आतंकी घटना पर रूस ने बरसों पुरानी दोस्ती की प्रतिबद्धता जताई

# रूस के उप विदेश मंत्री बोले- आतंकवाद का मिलकर करेंगे मुकाबला

एजेंसी ▶▶ मॉस्को

पहलगाम आतंकी हमले के बाद आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई को लेकर भारत को दुनियाभर के देशों का साथ मिल रहा है। रूस के उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारतीय राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत-रूस मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करेंगे। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि 28 अप्रैल को उप विदेश मंत्री आंद्रे रुडेंको ने भारत के राजदूत विनय कुमार से मुलाकात की। भारत के साथ मिलकर वैश्विक आतंकवादी खतरे का मुकाबला करने के लिए रूस की तत्परता की पुष्टि की गई। बताया जाता है कि अधिकारियों ने वर्तमान द्विपक्षीय मुद्दों और आगामी राजनीतिक संपर्कों के कार्यक्रम के साथ-साथ दक्षिण एशियाई क्षेत्र की सामान्य स्थिति पर चर्चा की। इसमें कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को लेकर भी बात हुई।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव पर की बातचीत | द्विपक्षीय मुद्दों और दक्षिण एशियाई क्षेत्र पर की चर्चा

### मॉस्को में भारतीय समुदाय ने पहलगाम पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी


फाइल फोटो

रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार के नेतृत्व में भारतीय प्रवासियों ने पहलगाम हमले के 26 पीड़ितों को एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। पद्म श्री से सम्मानित एवं 'इंस्टीट्यूट ऑफ ओरिएंटल स्टडीज एंड रिसर्च' के भारत केंद्र की प्रमुख तातियाना शौम्यान भी भारतीय दूतावास के खचाखच भरे डी.पी. धर हॉल में भारतीय समुदाय के साथ मौजूद थीं। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने पिछले सप्ताह 26 लोगों की हत्या कर दी। मारे गए लोगों में अधिकतर पर्यटक थे।

### राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

**जयपुर।** पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए। पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है। राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मंगलवार को इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। जिम्मेदार हैकिंग समूह की पहचान करने और किसी भी संभावित डाटा उल्लंघन का आकलन करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी भी संवेदनशील डेटा लीक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी विभागीय प्रणालियों का व्यापक ऑडिट जारी है। यह घटना सोमवार को हुए एक ऐसे ही साइबर हमले के बाद हुई, जिसमें हैकरों ने स्थानीय स्वशासन विभाग (डीएलबी) और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की वेबसाइटों पर हमला किया था और उन पर पाकिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री लगा दी थी।

### स्पेन और पुर्तगाल में 'ब्लैकआउट'

## हवाई और मेट्रो सेवाएं प्रभावित मोबाइल व एटीएम भी पड़े ठप

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

यूरोपीय देश स्पेन और पुर्तगाल सोमवार को पावर ब्लैकआउट की समस्या से जूझ रहे थे और पुर्तगाल में मंगलवार सुबह तक भी कुछ इलाकों में बिजली आपूर्ति नहीं हो सकी है। स्पेन में लगभग 99 प्रतिशत इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल हो गई है, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। सोमवार को ब्लैकआउट के चलते इन देशों में हवाई सेवा और मेट्रो सेवाएं बुरी तरह से प्रभावित हुई हैं। मोबाइल कम्युनिकेशन और एटीएम भी बंद पड़ गए। इससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला

ब्लैकआउट के दौरान सड़कें और बाजार खाली रहे। स्पेन के आपदा प्रबंधन कर्मचारियों का कहना है कि उन्होंने भूमिगत रेलों और मेट्रों में फंसे करीब 35 हजार लोगों को सुरक्षित निकाला। ऐसे ही हालात कुछ पुर्तगाल में भी रहे। मोबाइल फोन बंद होने की वजह से बैट्री से चलने वाली रेडियो की डिमांड बढ़ गई। साथ ही बड़ी संख्या में लोग बैकअप जेनरेटर खरीदते देखे गए। कई लोगों ने हालात को देखते हुए खाने-पीने का स्टॉक जमा कर लिया। बिजली न होने की वजह से बैंकिंग गतिविधियां भी बुरी तरह से प्रभावित हुईं।

## खबर संक्षेप



### बूढ़ाखेड़ा में रामकथा सुनने पहुंचे पार्षद

**संतनगर।** वार्ड पांच बूढ़ाखेड़ा में आयोजित रामकथा का श्रमण करने क्षेत्रीय पार्षद अशोक मारन पहुंचे। मर्यादा पुरुषोत्तम राम की कथा बूढ़ाखेड़ा में 30 अप्रैल तक रहेगी। कथा में आत्माराम सूर्यवंशी, मनोहर ठाकुर, विष्णु मारन व सुरेश सिंगरौली शायद सहित हजारों भक्त शामिल हुए।

### बाल विवाह रोकने हेल्पलाइन नंबर जारी




**मंडीदीप।** नगर में एक्सेस टू जस्टिस की कृषक सहयोग संस्थान ने बाल विवाह रोकने के लिए तैयारी कर रखी है। संस्था के निदेशक डॉ. एचबी सेन ने कहा कि बाल विवाह रोकना सभी की जिम्मेदारी है। जिला समन्वयक अनिल भवरे ने बताया कि अक्षय तृतीया पर अबूझ मुहूर्त के कारण बड़ी संख्या में विवाह होंगे। इस दौरान बाल विवाह की आशंका रहती है। धर्मगुरुओं से इस सामाजिक बुराई को रोकने का आग्रह किया जा रहा है। प्रचार रथ गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रहा है। शिकायत के लिए 1098 हेल्पलाइन नंबर या 112 जारी किया गया है।

### ट्रैफिक जाम से वाहन चालक हो रहे परेशान

**औबेदुल्लागंज।** औबेदुल्लागंज नगर में लगातार ट्रैफिक जाम लगा रहता है। नगर परिषद नौ बार मुनादी करा चुकी है, वहीं एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव दो बार व्यापारी महासंघ की बैठक में रणनीति बना चुके हैं, मगर फिर भी अतिक्रमण नहीं हटा। विधायक सुरेंद्र पटवा ने व्यापार संघ के लोगों से कहा था कि दस करोड़ रुपए औबेदुल्लागंज को सुंदर स्वच्छ बनाने के लिए मप्र सरकार ने दिए। पटवा भी कहते-कहते थक गए कि नगर में जाम न लगे, अतिक्रमण हटाकर सुंदर स्वच्छ नगर बने, मगर 2 साल 8 महीने निकल गए अभी तक न जाम लगना बंद हुआ और न अतिक्रमण हटा। प्रभारी सीएमओ राजकुमार शर्मा कहते हैं कि अब नए सीएमओ आ गए हैं वह कुछ करेंगे। एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव ने बताया कि शीघ्र ही कार्रवाई के लिए नए सीएमओ से चर्चा होगी।

### शराब के पैसे नहीं दिए तो युवती को छुरी मारी

**भोपाल।** ऐशबाग इलाके में एक युवती ने अड़ीबाज परिचित को शराब के लिए पैसे नहीं दिए तो युवक ने उसे छुरी मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 24 वर्षीय युवती कॉलेज छात्रा है। उसकी कुछ समय पहले एक कैफे में राजकिशोर से परिचय हुआ था, जिसके बाद वे दोस्त बन गए। रविवार रात जब वह कमरे में पढ़ाई कर रही थी, तभी अचानक राजकिशोर कमरे में घुस आया। उसने पीड़िता से शराब के लिए पांच सौ रुपए मांगे। युवती ने इंकार कियातो आरोपी ने छुरी से हमला कर दिया। इस दौरान युवती के होंठ और गाल पर चोट आई है।

### अवैध क्लीनिक सील नहीं, जांच के निर्देश

**भोपाल।** मप्र मानव अधिकार आयोग के संज्ञान में आया है कि शहर में संचालित होने वाले अवैध क्लीनिक के शासन द्वारा इसे बंद करने के निर्देश देने के बावजूद क्लीनिकों के संचालित हो रहे हैं। मामले में संज्ञान लेकर आयोग ने जांच के निर्देश दिए हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 3894 | | |
| दिन: | 128 | 14 | 167 |
| रात: | 788 | 33 | 139 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 378 | 89 | 180 |
| रात: | 380 | 11 | 236 |

# जनसुनवाई: स्टॉप डैम बनाने के लिए खनन माफिया को सौंपी जमीन

◆ सरपंच और सचिव की मिलीभगत से हो रही गड़बड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिला पंचायत खजूरी में चरोखर भूमि पर स्टाप डैम बनाने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए यह जमीन खनन माफिया को दी जा रही है, जिससे सरकारी जमीन से अवैध रूप से कोपरा का खनन किया जा सके।

यह आरोप ग्रामीणों ने कलेक्टर जनसुनवाई में मंगलवार को लगाए हैं। इसके साथ कलेक्टर जनसुनवाई में करीब 125 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई।



### अवैध रूप से कोपरा का खनन करने की योजना का आरोप

ग्राम पंचायत खजूरी के हरगोविंद, मुन्नालाल, शिवनारायण, बहादुर सिंह, मंगल सिंह, अभिषेक, देवीसिंह, अवधनारायण प्रहलाद सिंह, अंतर सिंह ने बताया कि गांव में 19 एकड़ भूमि चरोखर की स्थित है। जिस पर सरपंच व पंचायत सचिव द्वारा अन्य रसूख वाले भूमाफिया से सांठ-गांठ कर स्टाप डैम बनाने के नाम पर सरकारी राशि हड़पने की तैयारी की जा रही है। इनके द्वारा स्टाम डैम बनाने का आधार अवैध रूप से कोपरा की खोदाई की जाने की योजना है। एडीएम ने मामले की जांच खनिज अधिकारी को सौंपी है। सरपंच प्रतिनिधि दशरथ सिंह यादव का कहना है कि लोगों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर रखा है, उसे हटाकर तालाब निर्माण और पौधरोपण किया जाएगा। वहीं कोतवाली रोड निवासी मोहम्मद अरशद ने बताया कि बाग ओ बहार मैरिज गार्डन के पीछे रियाज मंजिल कंपाउंड के पास खानूगांव वार्ड नंबर आठ भोपाल स्थित सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर भवन बनाया जा रहा है। जिसे कार्रवाई करते हुए तोड़ा जाए।

### परेशान छात्र को दिलाई टीसी

ईदगाह हिल्स निवासी दीपक शिवलानी ने बताया कि उनकी बेटी एक निजी स्कूल में 10वीं कक्षा में पढ़ाई करती है। वह फीस जमा करने में असमर्थ हैं, इस वजह से स्कूल प्रबंधन द्वारा टीसी नहीं दी जा रही है। जिससे उनकी बेटी का अन्य स्कूल में 11वीं कक्षा में प्रवेश नहीं हो पा रहा है। शिकायत पर एडीएम भूपेंद्र गोयल ने स्कूल प्रबंधन को तत्काल टीसी देने के निर्देश दिए। इससे स्कूल के प्रतिनिधि द्वारा छात्र को टीसी दी गई और दीपक शिवलानी को फीस जमा करने के लिए तीन महीने का समय दिया गया है।

# स्कूटी सवार महिला को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, मौत

हादसे का सीसीटीवी फुटेज आया सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूखी सेवनिया इलाके में सोमवार शाम एक दर्दनाक हादसे में स्कूटी सवार महिला की ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के समय वह बाजार से सामान खरीदकर घर लौट रही थी। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। उधर, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।



पुलिस के मुताबिक शारदा बिहार कॉलोनी निवासी 33 वर्षीय रश्मि देवी अहिरवार पति सुरेन्द्र कुमार शाम करीब साढ़े छह बजे स्कूटी से बाजार घरेलू सामान खरीदने गई थीं। वे वहां से लौट रही थीं, तभी हाइवे पर पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास किया, जिससे स्कूटी ट्रक के अगले पहिए के नीचे आ गई और ट्रक का एक पहिया मृतक के सिर पर से होकर निकल गया। इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई।

### सूखी सेवनिया इलाके में हुई दुर्घटना



**हादसा इतना भीषण कि शरीर के अंग दूर दूर तक बिखर गए**

हादसा इतना भयानक था कि सिर की हड्डियों के कई हिस्से घटनास्थल पर दूर-दूर तक बिखर गए। मौके पर मौजूद एक युवक ने हादसे की सूचना मृतक के पति को फोन पर दी। घटना स्थल का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें साफ दिखाई दे रहा है कि ट्रक ने स्कूटी को ओवरटेक किया और रश्मि ट्रक की चपेट में आ गईं। फिलहाल ट्रक चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि ट्रक के नंबर की शिनाख्त की जा रही है, ताकि आरोपी चालक को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

### डिवाइडर से बाइक टकराई, मजदूर और उसके दोस्त की बेटी की मौत

**मंदिर से लौटते समय हुआ हादसा**

मिसरोद इलाके में वृदावन गार्डन के सामने डिवाइडर से बाइक टकरा जाने पर बड़ा हादसा हो गया। हादसे में एक मजदूर और उसके दोस्त की बेटी की मौत हो गई। वहीं मृतक बच्ची की मां और मजदूर का भाई गंभीर रूप से घायल है। जिनका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। एम्स प्रबंधन की सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

पूरा मामला यह है कि 28 वर्षीय चंद्रहास श्रीवास मूल रूप से सतना के रहने वाले थे। वो वर्तमान में इंदौर में मजदूरी का काम करते थे और हाल ही में प्रेमपुरा भोपाल में रहने वाले अपने दोस्त भरत पंथी के यहां घूमने आए थे। मंगलवार को वो एक बाइक पर अपने भाई और दोस्त की पत्नी एवं उसकी बेटी महक को बैठाकर बालाजी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह साढ़े 8 करीब उनकी बाइक डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में चंद्रहास और दोस्त की 7 साल की बच्ची महक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक बच्ची की मां गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने इस मामले मे मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी ह।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, साथी घायल

नजीराबाद इलाके में सोमवार शाम एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया। पुलिस ने मंगलवार को मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस के मुताबिक ग्राम रुनहा निवासी 22 वर्षीय विशाल सिंह छात्र था। वह सोमवार शाम को अपने दोस्त के साथ बाइक से जा रहा था, तभी रास्ते में खजूरिया जोड़ के समीप उनकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी , जिससे दोनों गंभीर रुप से घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज के लिए बैरसिया के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान विशाल की मौत हो गई, जबकि उसका साथी अभी भर्ती है।। उधर जांच के दौरान पुलिस को कार का नंबर मिल गया है, जिसके आधार पर उसके चालक की तलाश की जा रही है।

*दिलीप बच्चानी, उसकी पत्नी और खरीदार पर केस*

## भू-माफिया ने नगर निगम में बंधक 45 फ्लैट की जमीन बेची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडबल्यू) ने नगर निगम में बंधक रखी जमीन बेचने के मामले में भूमाफिया दिलीप बच्चानी, उसकी पत्नी हर्षिता बच्चानी और खरीदार महिला प्रिया हरपलानी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। दिलीप बच्चानी और उसकी पत्नी के खिलाफ एक अन्य मामले में भोपाल के कोलार थाने में भी धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज है। जिसमें बच्चानी दंपती फरार हैं। मंगलवार को ईओडबल्यू की भोपाल इकाई में शिकायत दर्ज की गई है।

फरियादी आशीष श्रीवास्तव ने शिकायत की थी कि आधार रियल्टी के भागीदार दिलीप बच्चानी पुत्र ताराचंद बच्चानी और उसकी पत्नी हर्षिता बच्चानी भागीदार थे। प्रोजेक्ट में सरकार की नीति के अनुसार 45 फ्लैट गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए बनाने थे। इसके लिए जमीन नगर निगम भोपाल में बंधक रखी गई थी। यहां आधार सिंफनी के नाम से कुल 225 फ्लैट्स की योजना थी। फ्लैट बंधक रखने समय यह शर्त थी कि नगर निगम द्वारा जब तक बंधक मुक्त नहीं किए जाएंगे, तब तक उक्त जमीन या फ्लैट विक्रय हस्तांतरित नहीं होंगे। इसके अतिरिक्त भवन निर्माण में भी अनेक अनियमितताएं की गई। 10 नवंबर 2022 को भागीदार आशीष श्रीवास्तव को जानकारी दिए बिना और नगर निगम से अनुमति लिए बिना दिलीप बचानी और उसकी पत्नी ने नगर निगम में बंधक रखी जमीन प्रिया हर पलानी पत्नी हरीश हर पलानी को विक्रय कर दी। यह जमीन कमजोर आय वर्ग के लोगों के मकान बनाने के लिए आरक्षित की गई थी।

इस मामले में आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ ने लंबी जांच की और नगर निगम भोपाल से भी जानकारी ली किसने बताया गया कि जमीन तो बंधक रखी गई है, लेकिन उसे विक्रय की कोई अनुमति नहीं ली गई जो अपराध है। विवेचना के बाद मंगलवार को इस मामले में तीनों आरोपियों दिलीप बच्चानी उसकी पत्नी हर्षिता बच्चानी और खरीदार प्रिया हरपलानी के खिलाफ भारतीय दंड विधान की धारा 420 406 और 120 बी के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पहले भी दर्ज हो चुका धोखाधड़ी का मामला

2 दिसंबर 2023 को कोलार पुलिस थाने में दिलीप बच्चानी और हर्षिता बच्चानी के विरुद्ध फर्जी पार्टनरशिप डीड बना के एचडीएफसी बैंक कोलार रोड में बैंक खाता खोलने और उस खाते का उपयोग करते हुए फर्म की सम्पत्तियों को बेचने के विरुद्ध शिकायत की गयी थी। वहीं 25 अगस्त 2024 को इस मामले में धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई। राजधानी की कोलार थाने में दर्ज मामले में यह पति-पत्नी अभी तक फरार है।

आज औबेदुल्लागंज में आयोजन

## अक्षय तृतीया पर विवाह की डोर में बंधेंगे सैकड़ों युवक-युवतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

औबेदुल्लागंज में अक्षय तृतीया पर आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत जनपद औबेदुल्लागंज में 88 जोड़ों के विवाह होंगे, जिसमें 81 जोड़े का विवाह हिंदू रीति से होगा। सात जोड़ों का विवाह मुस्लिम रीति से होगा। जनपद सीईओ वृंदावन मीणा ने बताया कि बारात का स्वागत शिविन पैलेस गौहरगंज रोड पर किया जाएगा। परिग्रहण संस्कार शाम 7 बजे होगा।

दूसरा विशाल आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन श्री धाकड़ नागर समाज का आयोजन धाकड़ मैरिज गार्डन औबेदुल्लागंज में होगा। धाकड़ विवाह सम्मेलन अध्यक्ष शशांक धाकड़, विनोद नागर, प्रेम तालाब, कुंवर सिंह नागर, अमित मौनी नागर, तेज सिंह नागर, इटाया कैलाश डब्बू नागर, सचिव राजू भाई पटेल एवं अनिल नागर ने बताया कि श्री धाकड़ समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल को सुबह 10 बजे से श्री गणेश माता पूजन, दोपहर 11 बजे से मंडप पूजन, दोपहर 12 बजे से लग्न एवं वरमाला, दोपहर 1 बजे से भांवर एवं शाम 4 बजे से विदाई वैवाहिक कार्यक्रम आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद शास्त्री कराएंगे।

वाल्मीकि आदर्श सामूहिक विवाह में दो जोड़ों का विवाह समाज द्वारा जाखला धाम में होगा। 19 जोड़ों का विवाह मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत होगा। आयोजन समिति अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि ने बताया कि राष्ट्रीय संत कृष्ण विद्यार्थी महाराज नई दिल्ली के सानिध्य में मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, सुमित्रा वाल्मीकि राज्यसभा सदस्य कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। विधायक सुरेंद्र पटवा, प्रताप करोसिया अध्यक्ष राज्य सफाई आयोग विशिष्ट अतिथि नपा अध्यक्ष औबेदुल्लागंज लक्ष्मी चौकसे, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर एवं माखन सिंह परमार रहेंगे।

### औबेदुल्लागंज में गर्माई राजनीति, कोई मामले को सुलझाने, कोई उठाने की तैयारी में जुटा

**औबेदुल्लागंज।** नगर में राजनीति गर्मा रही है। कांग्रेस नेता एक वीडियो को लेकर मामला उठाने की तैयारी में है, वहीं भाजपा नेता एक विषय को लेकर मायूस है। कुछ लोग एक मामले को शांति-प्रेम से सुलझाने के प्रयास कर रहे हैं, वहीं कुछ लोग इसे ठंडा नहीं होने देने का काम कर रहे हैं। नगर में चाय की दुकानों, नगर परिषद और राजनीति गलियारों में चर्चा है कि मामला समझ से परे है।

विधायक सबनानी को सौंपा ज्ञापन

## सिविल अस्पताल का नामकरण साधु वासवानी करने की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

विधायक एवं मप्र भाजपा महासचिव प्रभारी भगवानदास सबनानी से मंगलवार को भोपाल साधु वासवानी मिशन का प्रतिनिधिमंडल मिला।

विधायक से देश के महान संत दादा जेपी वासवानी के नाम से चौक बनाने और दादा जेपी वासवानी की मूर्ति लगाने के साथ सिविल अस्पताल का नामकरण तत्काल साधु वासवानी सिविल अस्पताल करने की मांग की गई। इस अवसर पर मिशन भोपाल की मुख्य डॉ. राजकुमारी चोटरानी, दीपक संतानी, अजय, डॉ. ऋषभ चोटरानी सहित मिशन के लोग उपस्थित थे।

## महाराष्ट्र ने जो हक सिंधियों को दिया, वो फ्री होल्ड ओनरशिप मप्र में भी देने की डिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

मध्यप्रदेश के पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र सरकार ने प्रदेश में जहां भी सिंधी परिवार बसे हुए हैं, 70 साल पूर्व जिस समय वहां रहने आए थे, के दौरान मात्र ढाई प्रतिशित रेडी रेकनर पर फ्री होल्ड करके प्रॉपर्टी देने का निर्णय लिया है, इससे महाराष्ट्र में निवास करने वाले 5 लाख आवासीय एवं दो लाख व्यवसायिक व्यक्तियों को प्रॉपर्टी का लाभ मिलेगा।

यह निर्णय महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडवणीस ने लिया है। यह काम 20 अप्रैल से प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे आजादी के बाद 70 साल से चली आ रही सिंधी हिन्दु विस्थापित परिवारों की समस्या का समाधान हो जाएगा। अग्रणी सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने महाराष्ट्र की तरह मप्र के सिंधियों को भी प्रॉपर्टी की फ्री होल्ड ओनरशिप देने की मांग की है।

### सिंधी सेंट्रल पंचायत ने सीएम को सौंपा ज्ञापन



**मुख्यमंत्री को कराया अवगत**

इस संबंध में रविवार को मप्र सिंधु भवन ट्रस्ट में आयोजित समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन भी प्रस्तुत किया गया। पंचायत के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश इसरानी एवं महासचिव सुरेश जसवानी ने बताया कि दरअसल मध्यप्रदेश की तरह ही महाराष्ट्र में भी 15 अगस्त 1947 को भारत विभाजन के बाद सिंधी हिन्दु अपनी जन्म स्थली सिंध प्रदेश (अब पाकिस्तान में) छोड़कर आए थे।

**लीज का नहीं हो रहा नवीनीकरण**

पदाधिकारियों ने बताया कि विभाजन के बाद यहां आने के बाद सिंधी हिंदुओं को क्लेम में मकान, दुकानें एवं जमीनें तो दी गई, लेकिन उसका मालिकाना हक से आज तक वे वंचित थे। इस कारण सिंधी विस्थापित परिवारों को अपनी सम्पति की खरीद फरोख्त, निर्माण आदि में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। संत हिरदाराम नगर के वन ट्री हिल्स कॉलोनी में निवास करने वाले 500 विस्थापितों की लीज जो 2018 में खत्म हो चुकी है, उसका नवीनीकरण रजिस्ट्री एवं लीज के आधार पर किए जाने की जरूरत है, क्योंकि इसके अभाव में बैंक से लोन नहीं मिल रहा है साथ ही अपनी ही प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त में दिक्कतें आ रही हैं।

भगवान परशुराम मंदिर में रामकथा सुनने उमड़ रहे भक्त

## भव्य शोभायात्रा भगवान परशुराम की झांकी ने सबका मोहा मन, अनुष्ठान में हुआ मंत्रोच्चार

शाम को शुरू हुई शोभायात्रा में गूंजे भगवान के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

नगर में वार्ड 8 स्थित भगवान श्री परशुराम के पावन मंदिर परिसर में रामकथा का आयोजन हो रहा हैं। मंगलवार की शाम भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

समाज के अध्यक्ष सुधीर भार्गव ने बताया कि भव्य शोभायात्रा वार्ड 8 से शुरू होकर इन्दपुरी चौराहा, विवेक जागृति रोड, मुख्य बाजार, गांधी चौक होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। शोभायात्रा का कई जगह पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। जहां धार्मिक अनुष्ठान किए गए। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की झांकी आकर्षक का केंद्र रही। इस दौरान समाज के युवा भगवान परशुराम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे।

**भक्तों ने स्वागत कर बरसाए फूल**



### बजरंग सेना समिति ने भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भेंट किए मटके व फल



बजरंग सेना समिति ने भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पर गुरुकृपा एसोसिएट्स पर पानी पीने के मटके, तरबूज एवं खरबूज पं. राजकुमार गर्ग को भेंट कर आशीर्वाद लिया एवं ठंडाई वितरित की। बजरंग सेना समिति के अर्चक पुरोहित पं.राज कुमार गर्ग ने बताया कि मटका दान करने से घर में सुख-समृद्धि आती है। समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी ने बताया कि तरबूज का दान करने से धार्मिक और स्वास्थ्य संबंधी दोनों तरह के लाभ मिलते हैं। यह भगवान को प्रसन्न करता है। इस अवसर पर प्रभु मूलचंदानी व बृजकिशोर सेन विशेष रूप से उपस्थित थे।



# 100 साल बाद गजकेसरी, मालव्य राजयोग सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में आज मनाई जाएगी अक्षय तृतीया और परशुराम जन्मोत्सव

राजधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी, गुफा मंदिर स्थित भगवान परशुराम प्रतिमा की पूजा अर्चना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

100 साल बाद अक्षय तृतीया पर्व गजकेसरी,मालव्य राजयोग सर्वार्थ सिद्धि योग समेत कई मंगलकारी योग में बुधवार को मनाया जाएगा। राजधानी में परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज की ओर से तैयारियां पूरी कर ली है। गुफा मंदिर स्थित भगवान परशुराम प्रतिमा की पूजा अर्चना की जाएगी। मां चामुंडा दरबार भोपाल पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि 100 साल अक्षय तृतीया पर मालव्य राजयोग, लक्ष्मी नारायण राजयोग और चतुर्ग्रही योग गजकेसरी राजयोग रवि और सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। इसके साथ ही, चंद्रमा वृषभ राशि में बृहस्पति के साथ रहेगा। इसके अलावा शनि, शुक्र और राहु ग्रह मीन राशि में स्थित होंगे, दुर्लभ संयोग के चलते मिथुन, कन्या समेत 5 राशियों के जातकों को विशेष लाभ होगा। पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि इस दिन को अबूझ मुहूर्तों में से एक माना जाता है, इस दिन बिना पंचांग कोई भी शुभ काम कर सकते हैं और उसका फल आपको शुभ ही मिलेगा। इसके चलते इस दिन बिना मुहुर्त देखे बड़ी संख्या में शादियां व विवाह सम्मेलन का आयोजन किए जाएंगे। इसके अलावा इस दिन देवी लक्ष्मी, भगवान कुबेर की पूजा और सोने-चांदी की वस्तुएं खरीदना शुभ माना जाता है।

### राजधानी में यह होंगे प्राकट्योत्सव

*भगवान परशुराम जी का प्रकट उत्सव 30 अप्रैल यानी बुधवार का मनाया जाएगा। इस दिन शहर में अनेक मंदिरों में उनके जन्मोत्सव के आयोजन होंगे। भगवान का अभिषेक होगा और कलश यात्रा निकलेगी। आतिशबाजी भी होगी। सबसे बड़ा आयोजन गुफा मंदिर लालघाटी में होगा। खास बात यह है कि यहां देश की सबसे बड़ी 21 फीट की भगवान परशुराम जी की प्रतिमा है। इसका कलर गोल्डन है और यह अष्टधातु की होने के साथ ही चार टन वजनी है। दूसरी ओर प्रदेश में उनका पहला मंदिर शिवाजी नगर में है। यहां पर विशेष पूजन व भजन कीर्तन होंगे। सुबह 7 बजे पूजन, भजन-कीर्तन होंगे।*

### प्रतिष्ठा एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन

ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष गौरीशंकर कक्का ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव व अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर बैरसिया के सहज विहार कॉलोनी श्री हरिहरात्मक महायज्ञ एवं प्रतिष्ठा श्री शिव परिवार, श्री परशुराम जी श्री सरस्वती जी प्रतिष्ठा एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर कलश एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी। जोकि श्री सांवलिया मंदिर चोपड़ चाजार से प्रारंभ होकर श्री परशुराम मंदिर सहज विहार कॉलीनी पहुंचेगी। इसके बाद यहां पर निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें 101 से अधिक जोड़े शामिल होने की उम्मीद है।

- लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में अक्षय तृतीया महोत्सव मनाया जाएगा।
- दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में अक्षय तृतीया भगवान विष्णु के छठवां अवतार भगवान परशुराम का जन्म मनाया जाएगा। इस मौके पर सुबह 10:00 बजे से भगवान भोलेनाथ के पूजन एवं उसके बाद परशुराम जन्मोत्सव पर पूजन किया जाएगा।

## बाल विवाह रोकने निगरानी टीमें रखेंगी नजर

शहर में अक्षय तृतीय के अवसर पर बुधवार को आयोजित विवाह सम्मेलनों के दौरान बाल विवाह रोकने के लिए लाडो अभियान चलाया जाएगा। जिसको लेकर कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने महिला एवं बाल विकास विभाग को सम्मेलनों पर नजर रखने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में अक्षय तृतीय पर विवाह सम्मेलन होंगे, बाल विवाह को रोकने के लिए प्रशासन विशेष अभियान चलाएगा, जिसका जिम्मा महिला एवं बाल विकास को देने के साथ ही कुछ नंबर जारी किए हैं। जिन पर लोग बाल विवाह की सूचना दे सकेंगे। बता दें कि बाल विवाह रोकथाम अधिनियम के तहत इसे कराने, सहयोगी, संस्था, संगठन के लिए दो वर्ष का कारावास और एक लाख रुपए तक के जुर्माना या दोनों की सजा का प्रविधान है।

### खबर संक्षेप

## सुल्तानपुर-मुंबई के बीच 5 मई से चलेगी समर स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** रेलवे ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यूपी के सुल्तानपुर से लोकमान्य तिलक टर्मिनस (मुंबई) के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन 8 ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। सुल्तानपुर से मुंबई जाने वाली ट्रेन संख्या 04212 का संचालन 5 मई से 23 जून तक होगा। यह ट्रेन हर सोमवार को सुल्तानपुर से सुबह 4 बजे रवाना होगी। यह बीना में शाम 5:30 बजे, रानी कमलापति में रात 8 बजे और इटारसी में रात 10:20 बजे पहुंचेगी। अगले दिन दोपहर 2 बजे मुंबई के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इसी तरह वापसी में ट्रेन संख्या 04211 का संचालन 6 मई से 24 जून 2025 तक होगा। यह ट्रेन हर मंगलवार को शाम 4:35 बजे मुंबई से चलेगी। अगले दिन इटारसी में सुबह 6 बजे, रानी कमलापति में 7:45 बजे और बीना में सुबह 10:50 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन सुल्तानपुर रात 11 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में लखनऊ, कानपुर, झांसी, बीना, रानीकमलापति, इटारसी खंडवा, भुसावल, नासिक रोड और कल्याण समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी।

- आरकेएमपी व बीना, इटारसी, खंडवा समेत कई प्रमुख स्टेशनों पर स्टॉपेज

## श्रमिक दिवस पर ऐबू करेगा श्रमिकों का सम्मान

**भोपाल।** ऑल इंडिया बीएचईएल एम्प्लाइज यूनियन (ऐबू) के सचिव एवं मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने जानकारी दी है कि श्रमिक दिवस पर ऐबू की एक शाम श्रमिकों के नाम का आयोजन करेगा। सोनी ने बताया कि नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन (निफ्टू) से संबद्ध इस यूनियन के कार्यक्रम में भेल श्रमिकों का सम्मान के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। उन्होंने बताया कि एक मई शाम 6 बजे से पिपलानी के ए सेक्टर स्थित ऐबू कार्यालय में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सोनी ने बताया कि कार्यक्रम में एबू के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय महासचिव रामनारायण गिरि व अध्यक्ष सतेंद्र कुमार भी मौजूद रहेंगे।

## आज खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**भोपाल।** बुधवार को भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर बिजली बिल भुगतान केंद्र सामान्य कार्य दिनों की तरह कार्य करते रहेंगे। भोपाल शहर वृत्त के अंतर्गत चारों शहर संभाग यथा पश्चिम, पूर्व, दक्षिण तथा उत्तर संभाग के अंतर्गत सभी जोनल कार्यालय और दानिश नगर, मिसरोद, मंडीदीप में बिल भुगतान केंद्र उक्त अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे। उपभोक्ता राजधानी के जोनल आफिस में पीओएस मशीन से कैश के जरिए बिल भुगतान तथा ऑनलाइन माध्यम से भी बिल भुगतान कर सकते हैं। वहीं कंपनी द्वारा निम्नदाब घरेलू उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भुगतान करने पर उनके कुल बकाया बिल पर 0.50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है साथ ही अधिकतम छूट के लिए कोई सीमा बंधन नहीं है। इसी प्रकार उच्चदाब उपभोक्ताओं को प्रति बिल कैशलेस भुगतान पर 100 से 1000 रुपए तक की छूट दी जा रही है।

### कॉलेज परिसरों में बढ़ती असामाजिक गतिविधियों के खिलाफ एबीवीपी का प्रदर्शन

# छात्राओं की सुरक्षा के लिए कलेक्टर को ज्ञापन लव जिहादियों के पुतलों की निकाली गई अर्थी

महाविद्यालय परिसरों में बाहरी तत्वों की आवाजाही, नशे के अड्डों की बढ़ती संख्या और पुलिस सुरक्षा की कमी से असुरक्षा का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) भोपाल महानगर द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया और लव जिहादियों के पुतलों की अर्थी निकाली गई। इसके बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें शहर के निजी एवं शासकीय महाविद्यालय परिसरों में बढ़ती लव जिहाद, धर्मांतरण एवं असामाजिक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की गई। परिषद ने छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा शिक्षा के पवित्र वातावरण को बनाए रखने के लिए कड़े कदम उठाने की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भोपाल के टीआईटी, एमएलबी, एमवीएम, हमीदिया, गीतांजलि सहित अनेक महाविद्यालय परिसरों में बाहरी तत्वों की आवाजाही, नशे के अड्डों की बढ़ती संख्या एवं पुलिस सुरक्षा की कमी के कारण छात्राओं में भय और असुरक्षा का वातावरण व्याप्त हो गया है।



### एबीवीपी ने ज्ञापन में यह रखीं प्रमुख मांगें

- बिना वैध पहचान पत्र के कॉलेज परिसरों में प्रवेश पर रोक।
- कॉलेज परिसरों के 500 मीटर के दायरे में शराब व नशे के उत्पादों की दुकानों पर प्रतिबंध।
- छात्रावासों में नियमित औचक निरीक्षण कर नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक।
- लव जिहाद जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन।
- छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण व सतर्कता कार्यशालाओं का आयोजन।
- शैक्षणिक परिसरों में धार्मिक भेदभाव एवं प्रचार-प्रसार पर पूर्ण प्रतिबंध।
- सभी महाविद्यालय परिसरों से अतिक्रमण हटाया जाए।
- महिला कॉलेजों के पास स्थित शराब दुकानों को तत्काल हटाया जाए।
- गीतांजलि कॉलेज सहित अन्य महाविद्यालयों में महिला पुलिस बल की तैनाती।
- छात्राओं के लिए विशेष हेल्पलाइन नंबर की स्थापना और प्रचार।
- सभी कॉलेजों में इंटरनल कंप्लेंट्स कमेटी (आईसीसी) का गठन जिसमें छात्र प्रतिनिधि, महिला प्रोफेसर और महिला पुलिस अधिकारी अनिवार्य रूप से शामिल हों।

### महानगर मंत्री शिवम जाट ने कहा

महाविद्यालय शिक्षा का मंदिर है, जहां किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता। परिषद मांग करती है कि लव जिहाद करने वाले दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो तथा परिसर में छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बने। एबीवीपी छात्राओं के हितों की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है।

### फांसी की सजा मिलनी चाहिए

प्रांत छात्रा प्रमुख बबली शर्मा ने कहा कि समाज में रहकर हिंदू बहन-बेटियों को लक्षित कर लव जिहाद जैसी घटनाओं को अंजाम देने वालों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए, ताकि कोई भी व्यक्ति भविष्य में ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके।

### महानगर सह मंत्री आरती ठाकुर ने कहा

छात्राओं को एक सुरक्षित और स्वतंत्र वातावरण मिलना चाहिए। महाविद्यालय परिसरों के आसपास नशीले पदार्थों की दुकानों को हटाया जाए तथा नियमित महिला पुलिस बल की तैनाती की जाए।

### शीघ्र कार्रवाई होगी

जिला कलेक्टर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। परिषद ने चेताया कि यदि प्रशासन शीघ्र कदम नहीं उठाता तो आंदोलनात्मक मार्ग अपनाया जाएगा।



### भोपाल से हज यात्रियों की पहली फ्लाइट रवाना

# लब्बैक की आवाज से गूंजा हज हाउस मदीना के लिए रवाना हुए 165 हज यात्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हज के मुकद्दस सफर का आगाज मंगलवार से हो गया है। प्रदेश सहित देशभर के हज यात्री पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना के लिए रवाना होने लगे हैं। भोपाल की राजा भोज विमानतल से इस बार दो फ्लाइट 274 हज यात्रियों को लेकर मदीना की उड़ान भरेंगी। शहर से पहली फ्लाइट मंगलवार रात 8 बजे रवाना हुई। इसमें 165 हज यात्रियों ने मदीना के लिए उड़ान भरी। हज यात्रियों को हज हाउस से एयरपोर्ट के लिए रवाना करने के दौरान हज हाउस का परिसर लब्बैक अल्लाहुम्मा लब्बैक की तकबीर से गूंज उठा। राज्य हज कमेटी की तरफ से गुलाब का फूल भेंट कर यात्रियों को विदा किया गया। दूसरी फ्लाइट हज यात्रियों को लेकर 30 अप्रैल की रात 8:30 पर रवाना होगी। इसमें 109 यात्री रहेंगे। मप्र हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वारसी ने बताया कि कमेटी ने सभी इंतेजाम पहले ही पूरे कर लिए थे। हज यात्रियों के खाने पीने की व्यवस्था के साथ सुरक्षा का भी विशेष ध्यान रखा गया है। कमेटी के दफ्तर में मेडिकल चेकअप की व्यवस्था भी की गई है। इधर हज पर जाने वाले यात्रियों ने कहा की वह अपने मुल्क हिंदुस्तान में अमन चेन भाईचारा के लिए विशेष दुआ करेंगे।

### भोपाल से एक हजार, प्रदेश से जाएंगे 8 हजार यात्री



इंदौर से पहली फ्लाइट 30 अप्रैल और दूसरी एक मई को रवाना होगी। मप्र से करीब 8 हजार यात्री इस बार हज के सफर पर जाएंगे। इनमें भोपाल जिले के करीब 1000 यात्री शामिल हैं। भोपाल और इंदौर से केवल दो-दो फ्लाइट रवाना होंगी। बाकी साढ़े छह हजार से अधिक लोग मुंबई से फ्लाइट से रवाना होंगे। सभी फ्लाइट में हज यात्रियों के साथ उनकी देखरेख के लिए एक-एक खादिमुल हुज्जाज भी रहेगा। गौरतलब है कि हज करीब 40 दिन में पूरा होता है।

# पहलगाम की आतंकी घटना पर भेल कॉलेज परिवार ने मौन रख दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित बाबूलाल गौर शासकीय स्नातकोत्तर महविद्यालय भेल में बीते दिनों पहलगांव हमले में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनिट का मौन रखा कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही आतंकियों की इस कायराना हरकत की भत्र्सना की गई। इस अवसर पर जनभागीदारी अध्यक्ष बारेलाल अहिरवार, सदस्य तेजसिंह ठाकुर, प्राचार्य डा संजय जैन और महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्य तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# तमिल नव वर्ष समारोह में अतिथियों ने कहा-ऐसे आयोजन देश की अखंडता, विविधता और एकता को देते हैं बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

तमिल संगम भोपाल ने बी एच ई एल सांस्कृतिक भवन पिपलानी में 'तमिल नववर्ष समारोह 2025' का सफल आयोजन किया गया। इस शुभ अवसर को जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. राघवेंद्र शर्मा ने कहा, ऐसे आयोजन हमारे देश की विविधता के साथ एकता और समावेशिता को भी बढ़ावा देते हैं। इस मौके पर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी,



आरके जीवगंथन,डॉ सेंथिल कुमार, के वी एस, सुनील शर्मा,मनिकन्द स्वामी आदि लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। सचिव सुब्रमनियम ने बताया कि तमिल विरासत को संरक्षित करने की साझा प्रतिबद्धता के साथ गूंजता रहा। यह आयोजन तमिल समुदाय और क्षेत्र के शुभचिंतकों को सांस्कृतिक उत्सवों, पारंपरिक प्रदर्शनों और हार्दिक संबंधों को एक साथ लाया । इस मौके पर एम रवि एडवोकेट, डॉ सुरेश कुमार के शंकरआदि समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

### रजिस्ट्रेशन के लिए बैकों में उमड़ी भीड़, श्रद्धालु बोले केंद्र सरकार व भारतीय सेना पर पूरा विश्वास

# पहलगाम में आतंकी हमले के बावजूद अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं की आस्था एवं भक्ति बरकरार

रोजाना रजिस्ट्रेशन कराने पहुंच रहे 220 से 250 लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भी राजधानी भोपाल से अमरनाथ यात्रा जाने वाले श्रद्धालुओं में पहले से अधिक जोश व उत्सह दिखाई दे रहा है। इसके चलते भोपाल में जम्मू-कश्मीर बैंक में अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन के लिए अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। रोजाना यहां पर पहले की तरह ही 220 से 250 लोग रजिस्ट्रेशन कराने पहुंच रहे हैं।

तीर्थ यात्रियों में यात्रा को लेकर खास उत्साह है। कुछ भक्तों ने सरकार से हथियार देने की मांग की है। जिससे वे अपनी सुरक्षा कर सकें। वहीं, कुछ का कहना है कि उन्हें सरकार और सेना पर भरोसा है। उन्हें विश्वास है कि बाबा महादेव की कृपा से सब ठीक रहेगा। उल्लेखनीय है कि तीन जुलाई से अमरनाथ यात्रा प्रारंभ हो रही है।



### हर साल की तरह इस साल भी यात्रा

देश में गम और गुस्से का माहौल है। लेकिन भोपाल के लोगों का हौसला अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए अभी भी बुलंद है। भोपाल से जम्मू तक रजिस्ट्रेशन सेंटरों पर लोगों की भीड़ उमड़ रही है। रजिस्ट्रेशन कराने वाले श्रद्धालु कह रहे हैं कि आतंकियों ने निर्दोष लोगों पर हमला किया लेकिन इससे डरने की कोई बात नहीं है। वे कहते हैं कि जैसे हर साल यात्रा होती है, वैसे ही इस साल भी होगी। उन्हें भारतीय सेना, मोदी और सरकार पर पूरा भरोसा है।

### अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने वाले श्रद्धालु बोले, कोई डर नहीं

*अमरनाथ यात्रा की शुरुआत 3 जुलाई से होनी है। बैंक में रजिस्ट्रेशन कराने पहुंची अयोध्या बायपास के यहां रहने वाली दुर्गेश तिवारी ने बताया कि मैं पहली बार अमरनाथ यात्रा जा रही हूं। हाल ही में कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कमी नहीं आई है, हालांकि उनमें गुस्सा है। यात्रा को लेकर किसी तरह का डर या भय नहीं। पूरे जोश व पहले से दोगुने उत्साह के साथ यात्रा पर जाउंगी।*



### डर नहीं, उत्साह है



अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन कराने पहुंची नेहरू नगर निवासी नीलिमा माथुर का कहना है कि पहली बार जा रही हूं। यात्रा को लेकर मुझे या मेरे परिवारजनों को किसी तरह का डर या भय नहीं है। यात्रा को लेकर उत्साह है। मोदी सरकार व भारतीय सेना पर पूरा भरोसा है। लेकिन फिर भी मेरी सरकार से मांग है की हमें भी एक हथियार दे दिया जाए। अगर कोई आतंकवादी सामने आया। तो हम भी उनसे निपट लेंगे।

### भक्तों में दो



ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि हमले के बाद यात्रा को लेकर तीर्थ यात्रियों की संख्या में किसी तरह की कमी नहीं देखने को मिल रही है। अब तक पहले से दोगुना जोश व उत्साह देखने को मिल रही है। इस हमले के बाद से युवा यात्रा के लिए उत्साही नजर आ रहे है। बड़ी संख्या में लोग रजिस्ट्रेशन करा रहे है। हमारी समिति की ओर से श्रद्धालुओं को यह बताया जा रहा है कि यात्रा के दौरान किस तरीके की बहुत ही जबरदस्त सुरक्षा व्यवस्था होती है। हर यात्री पर सेना के जवान की नजर होती है और सुरक्षा मापदंड अपनाते हुए यात्रा कराई जाती है। डर ने किसी कोई जरूरत नहीं है।

## खबर संक्षेप



### एम्सः एमबीबीएस छात्रों ने राष्ट्रीय क्विज में जीता तृतीय स्थान

**भोपाल।** एम्स भोपाल के प्रथम वर्ष एमबीबीएस के छात्र मानव खत्री और प्रांजल खत्री ने शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम के शरीर क्रिया विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित प्रथम राष्ट्रीय स्तर की क्विज 2025 में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर छात्रों को बधाई देते हुए एम्स डायरेक्टर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि एम्स भोपाल के लिए गर्व का क्षण है। इस प्रकार की उपलब्धियां हमारे छात्रों की मेहनत, समर्पण और प्रतिभा को दर्शाती हैं। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भागीदारी से विद्यार्थियों के अकादमिक विकास के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है और उत्कृष्टता की भावना को भी प्रोत्साहन मिलता है।

### कपड़ा व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत

**भोपाल।** बैरागढ़ इलाके में एक कपड़ा व्यापारी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 45 वर्षीय मनोज रामनानी पिता भगवानदास रामनानी निवासी न्यू बैरागढ़ की तबियत बिगड़ने पर परिजन उनको एक निजी अस्पताल ले गए। यहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। सूचना के आधार पर पुलिस पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस का कहना है कि चिकित्सकों के मुताबिक जहरीला पदार्थ के सेवन करने की पुष्टि हुई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के कारणों का खुलासा होगा। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

### बंद कमरे में मिला तीन दिन पुराना शव, बदबू आई तो पता चला

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में एक बंद कमरे से एक 56 साल के व्यक्ति का शव मिला है। पड़ोसियों की सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस का कहना है कि शव करीब 3 दिन पुराना प्रतीत हो रहा था, बदबू आने पर पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी थी। मृतक की पहचान 56 वर्षीय सत्यजीत सिंह निवासी इंद्रपुरी के रूप में हुई। मृतक का 2012 में अपनी पत्नी से तलाक हो गया था। उनकी दो बेटियां बाहर रहती हैं। इस समय लकवाग्रस्त थे और घर पर ही रहते थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

# मेट्रो की ब्लू लाइन में रुकावट बने 531 दुकान-मकान हटाए जाएंगे

- 1121 करोड़ से तैयार होगा नया मेट्रो रूट
- जुलाई में शुरु होगी सुभाष नगर से एम्स तक मेट्रो
- 2027 तक 30 किमी का पूरा हो जाएगा मेट्रो नेटवर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेट्रो के करोंद से एम्स रूट के काम के साथ ब्लू लाइन का काम भी शुरु कर दिया गया है। जिसके तहत भदभदा से रत्नागिरी तक मेट्रो की ब्लू लाइन डाली जाएगी। इस रूट की जद में आने वाले 531 दुकान और मकान हटाए जाएंगे। जिसके लिए टीटी नगर और शहर एसडीएम को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसकी जद में रोशनपुरा, चिकलोद रोड, बोगदा पुल आएगा। रत्नागिरी तिराहा और गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र जैसे क्षेत्रों में भी कुछ निर्माण हटाए जाने है।

### ब्लू मेट्रो निर्माण के लिए तीन साल का समय



भदभदा से रत्नागिरी तक करीब 13 किमी लंबी ब्लू लाइन के लिए मेट्रो रेल कारेपोरेशन ने मिट्टी टेस्टिंग का काम कर लिया है। इधर सुभाष नगर से एम्स तक के रूट पर जुलाई से मेट्रो शुरु कर दी जाएगी। ब्लू मेट्रो निर्माण के लिए तीन साल की समय सीमा तय है। इसके लिए यूरोपियन इन्वेस्टमेंट बैंक से लोन लेकर निर्माण होगा। बैंक से अंतिम मंजूरी मिलने के बाद ही निर्माण एजेंसी को वर्कऑर्डर जारी किया जाएगा।

### मेट्रो की जद में आने वाले दुकानदारों को मिलेगी राशि

पुल बोगदा से करोंद तक बनाए जाने वाले मेट्रो के पहले रूट के सेकंड फेस का काम चल रहा है, लेकिन सिंधी कॉलोनी, भारत टॉकीज, नादिरा बस स्टैंड और सिंधी कॉलोनी चौराहे के बीच में आने वाली अड़चनों को अब तक दूर नहीं किया गया है, जिसकी वजह से मेट्रो का काम अटका हुआ है।

#### जल्द होगी आरा मशीनों की शिफ्टिंग

बरखेड़ी फाटक से भारत टॉकीज तक मेट्रो के रूट पर 108 आरा मशीनें हैं। करीब 48 साल में इन मशीनों की शिफ्टिंग पर 50 से ज्यादा बार चचाएं हो चुकी हैं। आठ लोकेशन भी देखी जा चुकी हैं। लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार छोटा रातीबड़ में 18 एकड़ जमीन अलॉट की गई थी। जहां साढ़े 5 करोड़ रुपए से सड़क, बिजली और पानी की सुविधाएं दी जाएगी, जिसको लेकर यहां काम शुरु कर दिया गया है।

### 4 दिन पहले 19 इलाकों में की गई थी पानी की जांच

# यूका के आसपास नहीं मिल रहा साफ पानी, जांच टीम को बताईं परेशानियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के आसपास के 42 इलाकों में भूजल प्रदूषित है। 4 दिन पहले 19 इलाकों में पानी की जांच की गई थी। बाकी बचे 23 इलाकों में मंगलवार को जांच टीम पहुंची। इस दौरान गैस पीड़ति संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। टीम कबाड़खाने, सुन्दर नगर, शाहीन कालोनी, एकता नगर के मोहल्ले में पहुंची।

टीम को रहवासी जितेंद्र टिम्बर ने अपने घर में गंदा पानी दिखाया और बाल्टी की नीचे पूरी काई जमी हुई थी। यह पानी अधिकारियों के सामने ही भरा गया। वहीं रामकली ने अपने मोहल्ले का पानी का वाल्व दिखाया जो नाले में था। श्रीराम नगर की रहवासी सुमन ने बताया की उनके यहां बिलकुल भी पानी नहीं आता। नवजीवन कालोनी की रानी ने बताया कि उनकी पानी की लाइन नाली में से है, जिसकी वजह से उनके घर जो पानी आता है वो पीने लायक नहीं है। रिसालदार की अनवरी बी ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी उनके आसपास के 12 घरों में भी कोई पानी का कनेक्शन नहीं दिया गया है और वह जहरीला पानी पीने को मजबूर है। कार्बाइड कारखाने से सटे अटल अयूब नगर के रहवासी विजय ने अपने घर के पीछे का नाला दिखाया जहां से पीने की पाइपलाइन डाली गई है और वहां का पानी भी पीने लायक नहीं है।

### 70 फीसदी से ज्यादा मोहल्लों में नहीं मिल रहा साफ पानी

भोपाल ग्रुप फॉर इंफॉर्मेशन एंड एक्शन की रचना ढिंगरा ने बताया कि फूटा मकबरा, कैंची छोला, कल्याण नगर जैसे इलाकों में अब तक नल कनेक्शन नहीं दिए गए हैं। संगठनों ने समिति को इन सभी 42 मोहल्लों की पानी की स्थिति, नाली के अभाव और गंदगी के फोटो-वीडियो के साथ एक रिपोर्ट दी। रिपोर्ट के अनुसार 70 फीसदी से ज्यादा मोहल्लों में लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा है। समिति अपनी रिपोर्ट मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन जस्टिस संजीव सचदेवा को देगी।

### किचन में छिपाकर रखता था अलग-अलग ब्रांड की शराब

# महंगी शराब की होम डिलीवरी करने वाला तस्कर धराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

शहर में घर से महंगी शराब की होम डिलीवरी करने वाले तस्कर को आबकारी टीम ने गिरफ्तार किया है। दरअसल तस्कर ने 31 मार्च से पहले सस्ते दामों में महंगी शराब खरीदकर घर में भंडारण कर लिया था। इसके बाद जब नये ठेके शुरू हुए तो महंगी शराब बाजार से कम दाम में ठिकाने लगाना शुरू कर दिया। इसकी सूचना जब आबकारी विभाग को मिली तो सोमवार को टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए उसे धर दबोचा और उसके कब्जे करीब एक लाख की अंग्रेजी शराब बरामद की है।

### आबकारी विभाग की छापामार कार्रवाई



सहायक आयुक्त आबकारी वीरेंद्र धाकड़ ने बताया कि एक अप्रैल से भोपाल व आसपास के सभी जिलों में शराब के नए ठेके होने से पुराने दुकानदारों ने शराब के पुराने स्टॉक को सस्ते दामों में बेचा जा रहा था। इस बीच मुखबिर से सूचना पर सुरेश पाटिल नाम के व्यक्ति ने घर पर अलग-अलग ब्रांड की महंगी शराब का स्टॉक कर होम डिलीवरी करना शुरु कर दी थी। जिसके आधार पर टीम ने सोमवार को खजूरीकलां, पिपलानी क्षेत्र में दबिश देते हुए 45 वर्षीय सुरेश पाटिल को पकड़कर उसके घर के किचन में बनाए गए तलघर से करीब 118.5 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक लाख रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### पाटिल के खिलाफ थानों में दर्ज हैं केस

सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि आरोपी सुरेश पाटिल आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ पहले से कई अपराध दर्ज हैं। मार्च के अंतिम दिनों में आरोपी ने बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब खरीदकर घर में भंडारण कर लिया था और वह लोगों से संपर्क कर उनको होम डिलीवरी करता था।

### बोले-पुलिस परिवार के लिए गौरव का क्षण

## पुलिस कर्मियों के यूपीएससी में चयनित बच्चों को डीजीपी ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

सिविल सर्विसेस परीक्षा 2024 (यूपीएससी) के हाल ही में घोषित परिणाम में मध्यप्रदेश पुलिस परिवार के कई बच्चों ने सफलता अर्जित की है। डीजीपी केलाश मकवाणा ने पुलिस परिवार के बच्चों को सम्मानित किया है। इस अवसर पर डीजीपी ने कहा कि गंभीरता, व्यवसायिक दक्षता, कठोर परिश्रम, ईमानदारी, संतुलित आचरण तथा सद्व्यवहार से ही आप आदर्श अधिकारी साबित होंगे। कई चीजें होंगी, जो आपको प्रलोभित करेंगी, लेकिन मन में भटकाव की स्थिति न लाएं। उन्होंने कहा कि यह पुलिस परिवार के लिए गौरवान्वित करने वाला क्षण है। पुलिस परिवार की बेटियों ने सीमित सुविधाओं के बावजूद अपने कठिन परिश्रम और लगन से सिविल सर्विसेस में चयनित होकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

### व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

## विधायक रामेश्वर ने किया सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को अक्षय तृतीया पर आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां का मंगलवार को विधायक रामेश्वर शर्मा ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र में अधिकारियों के साथ सामूहिक विवाह स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सम्मेलन की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। शर्मा ने निरीक्षण के दौरान मंच, पांडाल, भोजन, पेयजल, पार्किंग, सुरक्षा एवं दुल्हन-दूल्हों के आगमन व विदाई की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विधायक रामेश्वर ने कहा कि मप्र की भाजपा सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना आज हजारों बेटियों को सम्मान के साथ ससुराल विदा करने का माध्यम बन रही है। अक्षय तृतीया जैसे पावन पर्व पर होने वाला यह विवाह सम्मेलन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि बेटियों के सपनों को संजोने का एक सामाजिक संकल्प बना है।

## हादसे में मृत व्यक्ति के परिजन को मिलेगा 73 लाख का मुआवजा

विधिक संवाददाता ▶▶ भोपाल

व्यवसायी की रोड एक्सीडेंट में मौत पर अपर जिला न्यायाधीश प्रीति साल्वे ने मृतक के परिजन को 73 लाख की मुआवजा राशि दिए जाने के आदेश एक्सीडेंट करने वाली कार ड्रायवर, कार के मालिक और लिबर्टी जनरल इंश्योरेंस कंपनी को दिए हैं। मृतक के परिजन की ओर से दावा पेश करने वाले रणधीर सिंह ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि कुरावर में आईस्क्रीम का व्यवसाय करने वाले रफीक मंसूरी 23 दिसंबर 2022 को कार से कुरावर जा रहे थे, तभी हादसा हो गया था।

बाद में कोलार स्थित आश्रय स्थल पर भेजा गया

# घायल वृद्ध निर्धन को अस्पताल में कराया भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान के तहत टीम ने मंगलवार को एक घायल वृद्ध भिक्षुक को अस्पताल में भर्ती कराया है। यहां से स्वास्थ्य लाभ मिलने के बाद भिक्षुक को कोलार स्थित आश्रय स्थल में पुनर्वास के लिए भेजा जाएगा। इसके अलावा टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए घायल हालत में मिले भिक्षुकों की मदद की और उन्हें भी उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। टीम में लक्ष्मी नारायण आनंदम क्लब से सचिव मोहन सोनी, अयान खान, रफीक खान, भगत राम प्रजापति और सार्थक सोनी शामिल हैं। साथ ही जिला प्रशासन, सामाजिक न्याय आदि विभागों के द्वारा भी मदद उपलब्ध कराई जा रही है। क्लब के सचिव व टीम के सदस्य मोहन सोनी ने बताया कि मंगलवारा क्षेत्र में भ्रमण किया जा रहा था। इसी दौरान मंगलवार को भारत टाकीज चौराहे पर 65 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति घायल हालत में मिले, जिन्होंने कपड़ों में ही मलमूत्र त्याग दिया था।

### कैंसर हुआ तो मांगने की आई नोबत

टीम द्वारा कोलार के दामखेड़ा झुग्गी में रहने वाले 60 वर्षीय भिक्षुक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वह पहले आटो चलाते थे लेकिन कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की वजह से उनकी मांगने तक की नोवत आ गई। वहीं गांधीनगर सड़क पर बीमार मिले 74 वर्षीय भिक्षुक को उपचार के लिए चिरायु अस्पताल में भर्ती कराया है। वह अकेले रहते थे और भीख मांगकर जीवन यापन करते थे।

## स्थानीय खेल समाचार

### पिता को अपने क्रिकेटर बेटे वैभव की योग्यता पर था पूरा भरोसा

# बचपन में ही बच्चे का जौहर देख पुश्तैनी ज़मीन बेची, बेटे को क्रिकेट की एकेडमी ज्वॉइन कराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार शाम जब आईपीएल 2025 का 47वें मैच राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच चल रहा था तब एक 14 साल का बच्चा जो अभी ठीक से युवा भी नहीं हो पाया था, ताबड़तोड़ बल्लेबाजी कर रहा था। हर किसी के मन में उत्सुकतता थी कि यह बच्चा कौन है जो नामी गिरामी बॉलरों को मजे चखा रहा है। जब नाम ढूंढा तो वो निकला बिहार का रहने वाला मात्र 14 साल 32 दिन का वैभव सूर्यवंशी। कहते हैं कि पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। शायद वैभव के पिता संजीव सूर्यवंशी को नजर आ गए थे। एक पिता अपने बच्चे को सफल बनाने के लिए उनसे जो कुछ भी होता है वो सब करते हैं। पिता की ख्वाहिश होती है कि उनका बच्चा उनसे आगे निकले। वैभव के पिता पेशे से तो एक किसान हैं, लेकिन उनकी आंखों में बेटे लिए क्रिकेटर बनाने का सपना था। बिहार के समस्तीपुर जिले में पड़ने वाले छोटे से गांव ताजपुर प्रखंड के रहने वाले वैभव के पिता खेती बाड़ी काम करते थे। क्रिकेट जैसे खेल के लिए अच्छी ट्रेनिंग और कोचिंग की व्यवस्था समस्तीपुर जैसे छोटे शहर में उपलब्ध नहीं था। ऐसे में पिता ने वैभव को करीब 100 किलोमीटर दूर बिहार की राजधानी पटना में ट्रेनिंग के लिए भेजने का फैसला किया। इसके लिए पैसे भी जरूरत थी। आय का कोई बड़ा जरिया नहीं था, तो वैभव के पिता ने अपनी जमीन बेच दी। वैभव के लिए उनके पिता ने सब कुछ दांव पर लगा दिया। वह खुद अपने बेटे के लिए टिफिन पैक करते थे। वैभव 10 साल के थे तो वह अपने से बड़ी उम्र के लड़कों के साथ नेट्स प्रैक्टिस कर एक दिन में 600 से ज्यादा गेंद खेलते थे। वैभव के पिता की ये मेहनत बेकार नहीं गई। फिर क्या था पंछी को पंख मिले और आसमान दिखने लगा। जो एक बार उड़ान भरी तो बिहार के इंटर-डिस्ट्रिक्ट सीनियर टूर्नामेंट तक भी पहुंची। यहां वैभव ने अपना शादार प्रदर्शन किया था। इसके बाद बीसीसीआई के अंडर-19 वनडे चैलेंजर टूर्नामेंट का वो दिन भी आया जब वैभव की मुलाकता क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण से हो गई। हालांकि बहुत कम लोग इस बात से वाकिफ हैं कि भारत के पूर्व क्रिकेटर वीवीएस लक्ष्मण ने वैभव सूर्यवंशी के करियर में अहम भूमिका निभाई है।

### केवल 35 गेंद पर शतक जड़कर दी भविष्य की दस्तक



वैभव राजपूत (सूर्यवंशी) अपने माता पिता के साथ। फोटो : वर्ष 2020

आईपीएल 2025 के 47वें मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ बल्लेबाजी करते हुए वैभव ने केवल 35 गेंद पर ही शतक जड़ दिया। वैभव ने केवल 14 साल 23 दिन की उम्र में उन्होंने अपनी 38 गेंद और 101 रन की पारी में 7 चौके और 11 छक्के लगाकर भविष्य की दस्तक दे दी है। वैभव सूर्यवंशी ने पिछले साल सुर्खियां बटोरीं जब उन्हें राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 की नीलामी में 1.10 करोड़ में खरीदा। 14 वर्षीय इस बल्लेबाज को टूर्नामेंट की शुरुआत में ज्यादा मौके नहीं मिले, लेकिन कप्तान संजू सैमसन की चोट ने वैभव को प्लेइंग इलेवन में जगह दी। युवा होते बल्लेबाज ने इस मौके को दोनों हाथों से लपक लिया शुरुआती दो मैचों में बेहतरीन पारियों के बाद उन्होंने सोमवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ शानदार शतक जड़ा।

पुलिस लाइन मैदान पर चल रहा वीसीपीएल टी-20 कॉर्पोरेट टूर्नामेंट

## देवनानी के तूफान में उड़े गोल्डन टाइगर्स, स्कोप ने 8 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।



नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए वीसीपीएल टी-20 कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में स्कोप ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्डन टाइगर्स को 8 विकेट से हरा दिया। स्कोप के बल्लेबाज़ों ने विस्फोटक अंदाज़ में लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 12.5 ओवर में मैच समाप्त कर दिया, जबकि गेंदबाज़ों ने भी सधी हुई रणनीति से गोल्डन टाइगर्स को बांधे रखा। टॉस हारकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी गोल्डन टाइगर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही। आखिरकार टीम 139/6 के स्कोर तक पहुंची। स्कोप के खान रमीज़ ने 2 विकेट लिए और सैयद ज़मरान जावेद क़ादरी ने भी 2 विकेट झटके, जबकि मयंक जैन ने 1 विकेट लेकर रनगति को धीमा किया।

### स्कोप का जवाब, जय देवनानी का तूफान

139 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कोप के ओपनर हृदेश द्विवेदी ने 40 रन ठोककर तेज़ शुरुआत दी। उनके आउट होने के बाद आए जय देवनानी ने मैदान पर तूफान ला दिया। उन्होंने 6 चौके और 6 छक्कों की मदद से 69 रन बनाए। उन्हें मैन ऑफ द मैच रहे जय देवनानी खान रमीज़ और मोहित झावा ने मिलकर लक्ष्य को मात्र 12.5 ओवर में पूरा कर दिया। गोल्डन टाइगर्स के गेंदबाज़ों में कोई भी प्रभाव नहीं छोड़ सका।

### द्वितीय वैभव चांदेकर स्मृति विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**भोपाल।** नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर खेले गए द्वितीय वैभव चांदेकर विभागीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के रोमांचक प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में कर्मचारी इलेवन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जबलपुर डिफेंस 11 को 4 विकेट से मात दी।

#### जबलपुर डिफेंस की धमाकेदार शुरुआत

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने उतरी जबलपुर डिफेंस 11 की टीम ने शानदार शुरुआत की और 11 ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 193 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया। 194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कर्मचारी इलेवन के ओपनर अकबर सिद्दीकी ने 20 गेंदों में 32 रन बनाकर आक्रामक आगाज़ दिया, लेकिन जल्दी आउट हो गए। कर्मचारी इलेवन ने 19वें ओवर में 6 विकेट खोकर 194 रन बनाते हुए शानदार जीत दर्ज की।

## जबलपुर रॉयल लॉयंस की दहाड़ और भी तेज़



- एमपीएल टी20 के लिए किया अपनी टीम का ऐलान
- सीजन 1 में जबलपुर टीम के कप्तान रहे सारांश जैन नई टीम में आइकॉन खिलाड़ी के तौर पर शामिल

**भोपाल।** मप्र लीग टी20 के डिफेंडिंग चैंपियंस, जो पहले जबलपुर लायंस के नाम से जाने जाते थे, अब 2025 के टूर्नामेंट में जबलपुर रॉयल लायंस के रूप में हिस्सा लेंगे। लीग 27 मई से शुरू होगी। फ्रैंचाइज़ी ने नई मालिकाना हक, ईकोनेक्सिस स्पोर्ट्स, के तहत नई सीज़न में प्रवेश किया है। भले ही नाम और प्रबंधन बदल गया हो, लेकिन मिशन अब भी वही है, 'मप्र लीग के चैंपियंस बनना। 27 अप्रैल को इंदौर में हुए प्लेयर्स ड्राफ्ट में, चैंपियन टीम ने रणनीति के तहत कई बड़े खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। इनमें आइकॉन खिलाड़ी सारांश जैन भी हैं, जो पिछले साल जबलपुर टीम के कप्तान थे और टीम को खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। ड्राफ्ट में मौजूदा चैंपियंस ने राहुल बथाम, अभिषेक भंडारी और सिद्धार्थ पट्टिदार जैसे शानदार खिलाड़ियों को भी अपनी टीम में लिया, जिन्होंने पिछले घरेलू सीजन में शानदार प्रदर्शन किया था।

### दो और खिलाड़ियों के लिए होंगे ट्रायल्स

ड्राफ्ट में चुने गए 16 खिलाड़ियों के अलावा, जबलपुर में अलग से ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे, जिनके जरिए 2 और खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें जबलपुर रॉयल लॉयंस टीम में शामिल किया जाएगा। ईकोनेक्सिस का यह प्रयास स्थानीय प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने की दिशा में एक और मजबूत कदम होगा।

#### संतुलित टीम बनाने का था प्रयास

नई टीम के बारे में बात करते हुए ईकोनेक्सिस के एक पार्टनर वी कॉर्प एक्शन के प्रवक्ता ने कहा, हमारा प्रयास एक संतुलित टीम बनाने का था, जिसमें अनुभव और युवा जोश का अच्छा मिश्रण हो। ड्राफ्ट से पहले ही हमने कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार कर ली थी।



# प्रभास की 'बाहुबली' सिनेमाघरों में फिर हो रही री-रिलीज...

**मुंबई।** अभिनेता प्रभास की 'बाहुबलीः द बिगिनिंग' हिंदी सिनेमा की कालजयी फिल्मों में से एक है। एसएस राजामौली के निर्देशन में बनी यह फिल्म 10 जुलाई, 2015 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर खूब नोट छापे। अब लगभग 10 साल बाद 'बाहुबली' एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह फिल्म अक्टूबर, 2025 में सिनेमाघरों में दोबारा दस्तक देगी। निर्माताओं ने खुद इसकी पुष्टि की है। 'बाहुबली' को इस साल अक्टूबर में एक बार फिर सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'बाहुबली बड़े पर्दे पर वापस आ रहा है।

लाइफ Style



# तृप्ति माधुरी के साथ फिर करेंगी काम

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड अभिनेत्री तृप्ति डिमरी एक बार फिर माधुरी दीक्षित के साथ फिर काम करती नजर आ सकती है। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी ने अनीस बज्मी की फिल्म भूल भुलैया 3 में स्क्रीन स्पेस शेयर किया है। भूल भुलैया 3 के बाद तृप्ति और माधुरी एक कॉमेडी ड्रामा में फिर से साथ काम करने के लिए तैयार हैं। माधुरी दीक्षित और तृप्ति डिमरी विक्रम मल्होत्रा के प्रोडक्शन बैनर अबुंदंतिया एंटरटेनमेंट के लिए एक कॉमेडी ड्रामा में स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगी, जिसका नाम फिलहाल मां बहन बताया जा रहा है। यह एक नेटफ्लिक्स ओरिजिनल है और अगले महीने मुंबई में फ्लोर पर जाएगी।

इस फिल्म का निर्देशन सुरेश त्रिवेणी कर रहे हैं, जिन्हें तुम्हारी सुलु और जलसा जैसी फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है। यह फिल्म एक कॉमेडी-ड्रामा है, जो तीन किरदार पर आधारित है। इस फिल्म की सबसे खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।


खास बात है इसकी कहानी, जो एक मां और बेटी के रिश्ते को लेकर है। माधुरी जहां मां के किरदार में होंगी, वहीं तृप्ति उनकी बेटी का रोल निभाएंगी।दोनों के बीच की नोक-झोंक, प्यार, तकरार और समझदारी इस फिल्म की जान होगी। चर्चा है कि इस फिल्म में रवि किशन और कॉमेडियन धारणा दुर्गा की भी अहम भूमिका होगी।

## हॉलीवुड मसाला




# अरबपति सिंगर ने बसाया अपना गांव

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश पॉप सिंगर एड शीरन की पॉपुलैरिटी किसी से छिपी नहीं है। उनका हर गाना चार्टबस्टर साबित होता है। उनकी एक झलक पाने के लिए लोगों की लंबी-लंबी लाइनें लग जाती है। हालांकि इस समय वो अपने गाने नहीं बल्कि खुद का अलग गांव बसाने को लेकर चर्चा में हैं। हालांकि उन्होंने ये माना है कि ये 'अजीब' है लेकिन वो अपने परिवार को प्राइवेसी देना चाहते थे। दरअसल पॉप स्टार ने इंग्लैंड के सफोक में अपने घर के आस-पास की जमीन और दूसरे घरों को खरीदने में काफी पैसे खर्च किए हैं ताकि वो बड़ा एस्टेट बना सके।



# 'सिनर्स' थिएट्रिकल सिनेमा के लिए बनी गुड न्यूज...

**लॉस एंजिल्स।** माइकल बी. जॉर्डन स्टारर फिल्म 'सिनर्स' दुनिया भर के थिएटर्स में जमकर भीड़ जुटा रही है। 18 अप्रैल को थिएटर्स में रिलीज हुई इस फिल्म को डायरेक्टर रायन कूगलर ने डायरेक्ट किया है, जो इससे पहले 'ब्लैक पैंथर' फ्रैंचाइजी और 'क्रीड' जैसी फिल्में डायरेक्ट कर चुके हैं। अब उनकी नई फिल्म 'सिनर्स' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा कमाल किया है जिसने दुनिया भर के फिल्म बिजनेस एक्सपर्ट्स को सरप्राइज कर दिया है।बी. जॉर्डन की फिल्म हॉरर फिल्म की कैटेगरी में आती है और ग्लोबल बॉक्स ऑफिस पर ये कैटेगरी बहुत बड़े बॉक्स ऑफिस कलेक्शन नहीं जुटाती है। मगर हॉरर फिल्म होने के बावजूद 'सिनर्स' ने पहले वीकेंड में यूएस बॉक्स ऑफिस पर 48 मिलियन डॉलर का कलेक्शन किया था। संडे की कमाई के साथ 'सिनर्स' का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 10 दिन में 161 मिलियन डॉलर्स से ज्यादा हो चुका है।



# 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन बनेंगी शुभांगी...

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'तन्वी द ग्रेट' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।यह फिल्म इसलिए खास है, क्योंकि साल 2002 में आई फिल्म 'ओम जय जगदीश' के बाद यह अनुपम के निर्देशन में बन रही दूसरी फिल्म है। अनुपम ने न केवल फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है, बल्कि वह इसमें अभिनय भी करते नजर आएंगे। अब 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन के नाम का खुलासा हो गया है। 'तन्वी द ग्रेट' की हीरोइन का नाम शुभांगी है। अभिनेत्री काजोल ने एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शुभांगी पेश किया गया। टीजर में सिर्फ म्यूजिक के साथ तन्वी के लुक को पेश किया गया, जो काफी भावुक है। शुभांगी को अनुपम के प्रसिद्ध एक्टिंग स्कूल 'एक्टर प्रिपेयर' से चुना गया है।



# 'धमाल-4' का क्लाइमेक्स मुंबई में होगा शूट

**मुंबई।** अभिनेता अजय देवगन आने वाले समय में एक से बढ़कर एक फिल्मों में नजर आएंगे। सुपरहिट कॉमेडी फ्रैंचाइजी 'धमाल' की चौथी किस्त 'धमाल 4' भी इन्हीं में से एक है। इस फिल्म का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग अपने अंतिम चरण पर है। अब 'धमाल 4' के क्लाइमेक्स से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी सामने आ रही है। आइए जानें फिल्म का क्लाइमेक्स कब-कहां शूट किया जाएगा और इसमें अजय के साथ कौन-कौन शामिल होगा। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4' का आखिरी शेड्यूल 15 मई से मुंबई में शुरू होगा, जहां जंगल थीम वाला एक बड़ा सेट बनाया जा रहा है। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि यह शेड्यूल जून के आखिर तक पूरा हो जाएगा और इसके बाद पोस्ट-प्रोडक्शन का काम शुरू होगा।

## टीवी मसाला

# कभी जूते किए पॉलिश, बेची चाय, सब्जियों के लगाए ठेले!

**नई दिल्ली।** आज के दौर में जितने अमीर हीरो- हीरोइन हैं, उतने ही स्टैंड-अप कॉमेडियन भी होते जा रहे हैं। कपिल शर्मा और भारती सिंह को ही ले लीजिए तो वे स्टार्स से कम नहीं हैं। अपनी हंसी मजाक के जरिए ही वे करोड़ों छाप रहे हैं। बहरहाल, यहां हम एक ऐसे कॉमेडियन के बारे में बात कर रहे हैं जिसने गरीबी से उठकर अमीर बनने में लंबा संघर्ष किया है। यहां तक कि सब्जी भी बेची है और जूते भी बनाए हैं, लेकिन आज वो लग्जरी लाइफ जी रहा है।



***चाय की दुकानों में किया काम, आज है ऐश-ओ- आराम :*** जिसके बारे में हम यहां बात कर रहे हैं वो हैं सुदेश लहरी, जो कि एक भारतीय स्टैंड-अप कॉमेडियन हैं। वे टेलीविजन कॉमेडी कार्यक्रमों में दिखाई दिए हैं और स्टेज शो में प्रदर्शन किया है। सुदेश लहरी की गरीबी से अमीरी तक की कहानी एक हर किसी के लिए प्रेरणादायी है। अभिनेता-कॉमेडियन, जो कभी चाय की दुकानों, कारखानों में काम करते थे और आजीविका के लिए जूते बनाते थे। अब मुंबई में एक आलीशान अपार्टमेंट के मालिक हैं। उनकी संपत्ति में तीन बेडरूम, एक बड़ा डाइनिंग रूम, एक मॉड्यूलर किचन, एक निजी स्टूडियो, होम थिएटर और साथ ही एक बड़ा लिविंग रूम शामिल है।

### ऐसा था लहरी का बचन

इससे पहले, अर्चना पूरन सिंह के व्लॉग पर दिखाई देते हुए, सुदेश ने एक समय को याद किया था जब उन्हें अपना घर बेचना पड़ा था। बचपन को याद करते हुए सुदेश कहते हैं, 'मैंने बचपन में बहुत मेहनत की है। मैंने गरीबी देखी है। मैंने छोटी-छोटी दुकानों में काम किया है, चाय बनाई है, कई फैक्ट्रियों में काम किया है, जूते बनाए हैं। सब्जियां बेची हैं। अमीरों को झूठ नहीं बोलना पड़ता, लेकिन गरीब होने के कारण हमें अक्सर साहूकारों से पैसे मांगने पर झूठ बोलना पड़ता है। यह सब मेरे लिए एक्टिंग कोर्स की तरह काम करता है।

### परिवार ने खुद डिजाइन किया सुदेश का घर

सुदेश लहरी ने हाल ही में पिंकविला को अपने घर का दौरा कराया, जहां उन्होंने कहा कि उन्होंने और उनके परिवार ने खुद ही घर को डिजाइन किया है। अभिनेता ने मजाक में कहा, 'हमने इंटीरियर डिजाइनर को नहीं रखा, क्योंकि वे महंगे हैं। हंसते हुए उन्होंने कहा कि वो फैंस को मुंबई के शानदार नजारों की एक झलक दिखाकर अपनी 'अमीरी' दिखाना चाहते हैं, जिसका वो अपने घर से आनंद ले सकते हैं। सुदेश लहरी ने अपने घर के दौरे की शुरुआत अपने लिविंग रूम से की, जिसे हाथ से चुने गए फर्नीचर और वॉलपेपर से सजाया गया है। उसके बाद अपना खुद का बेडरूम दिखाया, जहां उन्होंने एक खास चाय कॉर्नर भी बनवाया है। आपको बता दें कि सुदेश के घर के अंदर एक स्टूडियो भी है, जहां वे अपना संगीत रिकॉर्ड करते हैं. दौरे के दौरान, उन्होंने यह भी बताया कि वे घड़ियों के शौकीन हैं।

### द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 से मिली लोकप्रियता

बता दें कि सुदेश करीब दो दशक से इंडस्ट्री में बतौर कॉमेडियन और एक्टर सक्रिय हैं। हालांकि, द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज सीजन 8 में हिस्सा लेने के बाद वे मशहूर हुए। वो कपिल शर्मा के कॉमेडी शो समेत कई अन्य कार्यक्रमों में भी नजर आते हैं।

# सबसे कमाऊ फिल्म के एटली थे निर्देशक

## 'मर्सेल' है सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म

**मुंबई।** सामंथा रुथ प्रभु की गिनती उन अभिनेत्रियों में की जाती है, जिन्होंने बॉलीवुड डेब्यू से पहले हिंदी पट्टी के दर्शकों के बीच खास पहचान हासिल कर ली है। 28 अप्रैल को सामंथा अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने 'द फैमिली मैन 2' से हिंदी दर्शकों के बीच पहचान बनाई। 'पुष्पा' के गाने 'ऊ अंतावां' ने भी उन्हें खूब शोहरत दिलाई। सामंथा ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है, लेकिन क्या आप उनकी सबसे कमाऊ फिल्म का नाम जानते हैं? सामंथा की सबसे कमाऊ फिल्म का नाम 'मर्सेल' है, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। इसका निर्देशन शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' के निर्देशक एटली ने किया था। सामंथा के साथ इस फिल्म में थलापति विजय, एस जे सूर्या और नित्या मेनन जैसे कलाकारों ने अभिनय किया था। 120 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'मर्सेल' ने बॉक्स ऑफिस पर 257 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।यह फिल्म जी5, नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर उपलब्ध है।



### कुछ ऐसा रहा सामंथा का करियर

सामंथा ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत साल 2010 में आई तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' के जरिए की थी, जिसमें वह अपने पूर्व पति और अभिनेता नागा चैतन्य के साथ नजर आई थीं। इसके बाद सामंथा ने 'बाण काठडी', 'मॉस्कोइन कावेरी', 'बृंदावनम', 'ऑटोनगर सूर्या', 'यशोदा' और 'सीथम्मा वाकिटलो सिरिमल्ले चेट्टु' जैसी फिल्मों में काम किया। पिछली बार सामंथा फिल्म 'कुशी' (2023) में नजर आई थीं। अभिनेत्री की आने वाली फिल्मों में 'शुभम' और 'मां इंति बंगाराम' शामिल हैं।

# दो बार एक ही नाम से बनीं फिल्में आखिरी वाली ने तो कमाल ही कर दिया

*मुंबई। इन दिनों सैफ अली खान फिल्म 'ज्वेल थीफ' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में सैफ के साथ अभिनेता जयदीप अहलावत नजर आ रहे हैं। इस नाम से पहले भी फिल्म बन चुकी है, जिसमें देव आनंद नजर आए थे और यह फिल्म साल 1967 में रिलीज हुई थी। एक ही नाम से 2 फिल्में बनाने का चलन बॉलीवुड में लंबे समय से चला आ रहा है। आइए आज ऐसी ही कुछ चर्चित फिल्मों के बारे में जानें।*



***'दिलवाले' :*** साल 1994 में आई फिल्म 'दिलवाले' में अजय देवगन, सुनील शेट्टी और रवीना टंडन नजर आए थे। इस फिल्म में पहले दिव्या भारती को लिया गया था, लेकिन अचानक हुई उनकी मौत के बाद इसमें रवीना को साइन किया गया। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही थी। बाद में इसी नाम से रोहित शेट्टी फिल्म लेकर आए, जिसमें शाहरुख खान, काजोल, वरुण धवन और कृति सैनन ने मुख्य भूमिका निभाई। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर औसत प्रदर्शन किया था।




***'बागी' :*** सलमान खान साल 1990 में फिल्म 'बागी' लेकर आए थे, जिसमें उनके साथ नगमा ने लीड रोल किया था। पिता सलीम खान के नक्शे कदम पर चलते हुए सलमान ने 'बागी' से बतौर स्क्रिप्ट राइटर शुरुआत कर दी थी। फिल्म लेखक जावेद सिद्दिकी के साथ मिलकर सलमान ने 'बागी' की पटकथा का जिम्मा संभाला था और बतौर लेखक अभिनेता की पहली कोशिश सफल रही थी। उधर साल 2016 में टाइगर श्रॉफ 'बागी' लेकर आए, जो बॉक्स ऑफिस पर हिट रही।



***'दोस्ताना' :*** 'दोस्ताना' नाम की फिल्म ने अलग-अलग दशक में दोस्ती और प्यार की कहानी को अलग ढंग से बयां किया। साल 1980 में राज खोसला की 'दोस्ताना' एक गंभीर एक्शन-ड्रामा थी, जिसमें अमिताभ बच्चन और शत्रुघ्न सिन्हा ने 2 दोस्तों की भूमिका निभाई थी। यह फिल्म सुपरहिट थी। दूसरी ओर 2008 में आई 'दोस्ताना' एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी थी, जिसमें अभिषेक बच्चन और जॉन अब्राहम मुख्य भूमिका में थे। ये फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी।

## खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर 'द भूतनी' का ट्रेलर दर्शकों को आया बेहद पसंद

# बॉक्स ऑफिस पर मई में होगा महामुकाबला, अजय और संजय से शुरू होगी जंग

***मुंबई।*** *जहां अप्रैल में कई बॉलीवुड और दक्षिण भारतीय फिल्मों से सिनेमाघर गुलजार रहे, वहीं मई का महीना भी सिनेप्रेमियों के लिए बेहद खास रहने वाला है, क्योंकि कई चर्चित फिल्में सिनेमाघरों का रुख करने के लिए तैयार हैं। ये वो फिल्में हैं, जिनमें दर्शकों को एक्शन से लेकर, रोमांस, रोमांस, कॉमेडी और खूब ड्रामा देखने को मिलेगा। कई सितारों की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर आमने-सामने होंगी। आइए नजर डालें मई में आने वाली चर्चित फिल्मों पर।*

**'रेड 2':** शुरुआत करते हैं 'रेड 2' से, जिसके हीरो हैं अजय देवगन और विलेन हैं रितेश देशमुख। फिल्म में इस बार अजय की पत्नी का किरदार अभिनेत्री वाणी कपूर ने निभाया है, जबकि 'रेड' में इलियाना डिक्रूज इस भूमिका में नजर आई थीं। 'रेड' पर दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों ने भी खूब प्यार लुटाया था। ऐसे में 'रेड 2' से न सिर्फ अजय, बल्कि उनके प्रशंसकों को भी बड़ी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी।




**'द भूतनी' :** एक ओर जहां अजय 1 मई को 'रेड 2' लेकर आ रहे हैं, वहीं संजय दत्त इसी दिन अपनी हॉरर कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के साथ सिनेमाघरों में आएंगे। इसमें मौनी रॉय, श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी और सनी सिंह भी दर्शकों का मनोरंजन करते दिखेंगे। खौफ, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर इस फिल्म का ट्रेलर दर्शकों को बेहद पसंद आया। अब देखना ये है कि 'रेड 2' और 'द भूतनी' में बॉक्स ऑफिस पर बाजी कौन मारती है।





### ये फिल्में भी होंगी आमने-सामने

16 मई को सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' ला रहे हैं, उसी दिन पुलकित सम्राट की 'सुस्वागतम खुशामदीद' रिलीज हो रही है। उधर 30 मई को सोनाक्षी सिन्हा और परेश रावल की फिल्म 'निकिता रॉय' और साउथ के स्टार विजय देवरकोंडा की 'किंगडम' पर्दे पर आएगी।

**'हरि हर वीरा मल्लू' :** सुपरस्टार पवन कल्याण की फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' को लेकर भी दर्शकों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। यह यूं तो तमिल भाषा की फिल्म है, लेकिन फिल्म पवन कल्याण की है, जिनकी फैन फॉलोइंग जबरदस्त है, वहीं बॉबी देओल भी इस फिल्म में हैं। फिल्म में बॉबी का एक खूंखार अवतार देखने को मिलेगा, वहीं पवन आमजन के लिए लड़ते दिखेंगे। इसका सामना 9 मई को बॉक्स ऑफिस पर 'भूल चूक माफ' से होगा।



**'भूल चूक माफ' :** अभिनेता राजकुमार राव पिछले काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'भूल चूक माफ' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री वामिका गब्बी के साथ बनी है। यह पहला मौका है, जब राजकुमार और वामिका किसी फिल्म में रोमांस करते नजर आएंगे। 'स्त्री' फ्रैंचाइजी वाले दिनेश विजान ने इस फिल्म पर पैसे लगाए हैं। सीमा पहवा भी फिल्म का हिस्सा हैं। 'भूल चूक माफ' 9 मई को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी।






# पहली भिड़ंत में पंजाब से मात खा चुकी चेन्नई को बदला चुकाने लगाना होगा दमखम

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 49वें मैच में चेन्नई सुपरकिंग्स का सामना पंजाब किंग्स से आज 30 अप्रैल को चेन्नई में होगा। पंजाब किंग्स ने अपने 9 में से 5 मैच जीते हैं और 3 में शिकस्त (बेनतीजा- 1) झेली है। वहीं, चेन्नई ने 9 में से सिर्फ 2 मैच जीते हैं और 7 में शिकस्त का सामना किया है। प्वाइंट टेबल पर श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम पंजाब किंग्स 5वें स्थान पर है। वहीं सीएसके ने सिर्फ 2 मैच जीते हैं और महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली टीम 10वें पायदान पर है। पंजाब किंग्स और सीएसके के बीच होने वाला यह मैच आज 30 अप्रैल को एमए चिदंबरम क्रिकेट स्टेडियम, चेन्नई में शाम 7.30 बजे से खेला जाएगा।

### लगभग बराबरी का रहा है मुकाबला

अब तक दोनों टीमों के बीच मैचों में कड़ा मुकाबला देखने को मिला है। आईपीएल में ये दोनों टीमें कुल 31 मैचों में आमने-सामने थी, जिसमें से 16 मैच सीएसके ने जीते और 15 मैच पंजाब ने अपने नाम किए। आईपीएल 2024 में दोनों टीमें 2 मुकाबलों में आपस में भिड़ी थी, जिसमें दोनों ने 1-1 मैच अपने नाम किए थे। आईपीएल 2025 की पहली भिड़ंत में पंजाब किंग्स ने 18 रन से जीत दर्ज की थी।

### ऐसी हो सकती है पंजाब किंग्स की टीम

बता दें कि पंजाब किंग्स का पिछला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। उस मैच में प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह ने अर्धशतक लगाए थे। इस सलामी जोड़ी ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है और पंजाब की टीम अगले मुकाबले में भी टीम से ये उम्मीद करेगी।



### ऐसे उतर सकती है धोनी ब्रिगेड

चेन्नई सुपर किंग्स की टीम इस सीजन में अब तक प्रभाव छोड़ने में असफल रही है। सीएसके को अपने आखिरी मैच में एसआरएच के खिलाफ 5 विकेट से हार मिली थी। शेख रशीद और आयुष म्हात्रे की सलामी जोड़ी एक बार फिर से मैदान पर उतर सकती है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

पंजाब किंग्स के सलामी बल्लेबाज प्रियांश ने 9 पारियों में 35.88 की औसत और 200.62 की स्ट्राइक रेट के साथ 323 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 1 अर्धशतक शामिल हैं। प्रभसिमरन ने 9 पारियों में 32.44 की औसत और 168.78 की स्ट्राइक रेट के साथ 292 रन बनाए हैं। वहीं चेन्नई सुपर किंग्स के नूर ने 9 मैचों में 17.78 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। खलील 9 मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं।

खास खबर

## आईपीएल 2028 में हो सकते हैं 94 मैच, बीसीसीआई ने योजना पर शुरू किया काम



**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसका विस्तार करने की योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत आईपीएल 2028 में कुल 94 मैच आयोजित किए जा सकते हैं। वर्तमान में आईपीएल में कुल 74 मैच कराए जा रहे हैं। हालांकि, बीसीसीआई मैचों की संख्या में बढ़ोतरी टीमों की संख्या बढ़ाए बिना ही करने पर विचार कर रही है। आईपीएल के चेयरमैन अरुण धूमल ने इसके संकेत दिए हैं।

### धूमल ने क्या दिया है बयान?

धूमल ने कहा, बीसीसीआई अगले मीडिया-राइट्स चक्र के लिए पूर्ण होम-एंड-अवे 94 मैच प्रारूप के विस्तार पर गंभीरता से विचार करेगा, जो 2028 में शुरू होगा। हम आईसीसी और बीसीसीआई से इस पर चर्चा कर रहे हैं। टी-20 क्रिकेट के प्रति प्रशंसकों की बदलती रुचि को देखते हुए हमें इस बारे में गंभीरता से बात करनी होगी। हम एक बड़ी विंडो चाहते हैं और मैचों की संख्या 74 से 84 या 94 तक ले जाना चाहते हैं।

### हर टीम को खेलने को मिलेंगे अधिक मैच- धूमल

धूमल ने कहा, हर टीम को हर टीम के खिलाफ घरेलू और बाहरी मैदान पर खेलने का पूरा मौका देने के लिए आपको 94 मैचों की जरूरत है। द्विपक्षीय क्रिकेट और आईसीसी आयोजनों के संबंध में हमारे पास जो समय और प्रतिबद्धताएं हैं, उन्हें देखते हुए यह अल्पावधि में संभव नहीं हो सकता है। हालांकि, मौजूदा परिदृश्य को देखते हुए इसकी मांग बढ़ रही है। शायद किसी समय हम इस विकल्प पर विचार करेंगे और इसे अपनाएंगे।

### इसी आईपीएल में थी 84 मैच कराने की योजना

बता दें कि आईपीएल 2025 में 84 मैचों की योजना थी, लेकिन इसमें देरी होने के कारण इस प्रारूप को अपनाया नहीं गया। आईपीएल 2008 में 8 टीमों के साथ मैचों की संख्या 59 थी, जो 2011 में 10 टीमों के साथ 74 पर पहुंच गई। हालांकि, 2012 और 2013 में 9 टीमों पर 76 मैच कराए गए। उसके बाद 2014 से 2021 तक 8 टीमों पर 60-60 मैच कराए गए और 2022 से 2024 तक 10 टीमों पर 74 मैच कराए गए।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| बेंगलुरु | 10 | 7 | 3 | 14 |
| मुंबई | 10 | 6 | 4 | 12 |
| गुजरात | 9 | 6 | 3 | 12 |
| दिल्ली | 10 | 6 | 4 | 12 |
| पंजाब | 9 | 5 | 3 | 11 |
| लखनऊ | 10 | 5 | 5 | 10 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| राजस्थान | 10 | 3 | 7 | 6 |
| हैदराबाद | 9 | 3 | 6 | 6 |
| चेन्नई | 9 | 2 | 7 | 4 |

ऑरेंज कैप | पर्पल कैप



साई सुदर्शन — 456 रन — गुजरात

जोश हेजलवुड — 18 विकेट — बेंगलुरु

# नारायण और चक्रवर्ती ने नाइट राइडर्स को दिल्ली पर 14 रन की जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती की फिरकी के जादू से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हराकर प्ले ऑफ में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। इस हार के बावजूद दिल्ली की टीम 10 मैच में 12 अंक के साथ चौथे स्थान पर बनी हुई है।

नाइट राइडर्स इतने ही मुकाबलों में नौ अंक के साथ सातवें स्थान पर है। दिल्ली की पिछले चार मैच में यह तीसरी हार है। इससे पहले अक्षर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद नारायण और गुरबाज ने तीन ओवर में 48 रन जोड़कर नाइट राइडर्स को तेज शुरुआत दिलाई। गुरबाज ने स्टार्क पर दो चौकों से शुरुआत की जबकि नारायण ने दुष्मंता चमीरा (46 रन पर एक विकेट) पर दो छक्के और एक चौका मारा जिससे ओवर में 25 रन बने। गुरबाज ने स्टार्क के अगले ओवर में भी दो चौके और एक छक्का मारा लेकिन अंतिम गेंद पर विकेटकीपर पोरेल को कैच दे बैठे। गुरबाज ने 12 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। नारायण ने मुकेश कुमार पर चौके के साथ चौथे ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया।

## जीत के साथ केकेआर की प्लेऑफ की उम्मीदों जीवंत



### दिल्ली की टीम 109 रन पर हुई ढेर

नाइट राइडर्स के 205 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम नारायण (29 रन पर तीन विकेट) और चक्रवर्ती (39 रन पर दो विकेट) की बलखाती गेंदों के सामने डु प्लेसी (62 रन, 45 गेंद, सात चौके, दो छक्के) के अर्धशतक और कप्तान अक्षर पटेल (43 रन, 23 गेंद, चार चौके, तीन छक्के) के साथ उनकी चौथे विकेट की 76 रन की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट पर 190 रन ही बना सकी।दिल्ली की ओर से डु प्लेसी और अक्षर के अलावा विपराज निगम (38 रन, 19 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) ही 20 रन के आंकड़े को हार कर पाए।

### कोलकाता ने खेली बेहतरीन पारी

नाइट राइडर्स की टीम इससे पहले अंगकृष रघुवंशी 44 रन और रिंकू सिंह 36 रन की उम्दा पारियों और दोनों के बीच पांचवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी से नौ विकेट पर 204 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचने में सफल रही। सलामी बल्लेबाजों नारायण (27) और रहमानुल्लाह गुरबाज (26) तथा कप्तान अजिंक्य रहाणे (26) ने भी उपयोगी पारियां खेली। मिचेल स्टार्क (43 रन पर तीन विकेट) दिल्ली के सबसे सफल गेंदबाज रहे। कप्तान अक्षर पटेल (27 रन पर दो विकेट) और लेग स्पिनर विपराज निगम (41 रन पर दो विकेट) ने बीच के ओवरों में प्रभावी गेंदबाजी की।

### दिल्ली टीम शुरुआत में लड़खड़ा गई

लक्ष्य का पीछा करने उतरे दिल्ली की शुरुआत खराब रही। अभिषेक पोरेल (04) ने बाएं हाथ के स्पिनर अनुकूल रॉय (27 रन पर एक विकेट) की पारी की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला लेकिन अगली गेंद पर रसेल को कैच थमा बैठे। डु प्लेसी ने वैभव अरोड़ा पर छक्का जड़ने के बाद हर्षित राणा का स्वागत तीन चौकों के साथ किया।

### स्कोर बोर्ड


| कोलकाता नाइट राइडर | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| रहमानुल्लाह का पोरेल बो स्टार्क | 26 | 12 | 5 | 1 |
| सुनील नारायण पगबाधा बो विपराज | 27 | 16 | 2 | 2 |
| अजिंक्य रहाणे पगबाधा बो अक्षर | 26 | 14 | 4 | 1 |
| अंगकृष रघुवंशी का नायर बो चमीरा | 44 | 32 | 3 | 2 |
| वेंकटेश अय्यर का विपराज बो अक्षर | 07 | 05 | 1 | 0 |
| रिंकू सिंह का स्टार्क बो विपराज | 36 | 25 | 3 | 1 |
| आंद्रे रसेल रन आउट | 17 | 09 | 2 | 1 |
| रोवमैन पावेल पगबाधा बो स्टार्क | 05 | 05 | 1 | 0 |
| अनुकूल रॉय का चमीरा बो स्टार्क | 00 | 01 | 0 | 0 |
| हर्षित राणा नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |
| वरुण चक्रवर्ती नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त:15 , कुल: 20 ओवर में 204/9 रन
विकेट पतन: 1-48, 2-85, 3-91, 4-113, 5-174, 6-177, 7-203, 8-203, 9-203
गेंदबाजी: स्टार्क 4-0-43-3, चमीरा 3-0-46-1, मुकेश 2-0-17-0 विपराज 4-0-41-2, अक्षर 4-0-27-2, कुलदीप 3-0-27-0

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक पोरेल का रसेल बो रॉय | 04 | 02 | 1 | 0 |
| फाफ डु प्लेसी का रिंकू बो नारायण | 62 | 45 | 7 | 2 |
| करुण नायर पगबाधा बो अरोड़ा | 15 | 13 | 2 | 0 |
| लोकेश राहुल रन आउट | 07 | 05 | 1 | 0 |
| अक्षर पटेल का राणा बो नारायण | 43 | 23 | 4 | 3 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो नारायण | 01 | 03 | 0 | 0 |
| विपराज निगम बो रसेल | 38 | 19 | 5 | 2 |
| आशुतोष का नारायण बो चक्रवर्ती | 07 | 06 | 0 | 1 |
| मिचेल का गुरबाज को चक्रवर्ती | 00 | 01 | 0 | 0 |
| दुष्मंता चमीरा नाबाद | 02 | 03 | 0 | 0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 01 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 10, कुल: 20 ओवर में 190/9 रन
विकेट पतन: 1-4, 2-43, 3-60, 4-136, 5-138, 6-146, 7-160, 8-160, 9-189
**गेंदबाजी:** रॉय 4-0-27-1, अरोड़ा 2-0-19-1, राणा 4-0-49-0 चक्रवर्ती 4-0-39-2, नारायण 4-0-29-3, रसेल 2-0-22-1

## ओलंपिक पदक विजेता भाकर, कुसाले म्यूनिख विश्व कप के लिए भारतीय टीम में



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक के सितारे मनु भाकर और स्वप्निल कुसाले को मंगलवार को एशियाई खेलों की मौजूदा चैंपियन पलक के साथ आठ जून से शुरू होने वाले आईएसएसएफ राइफल, पिस्टल विश्व कप के म्यूनिख चरण के लिए 23 सदस्यीय भारतीय टीम में शामिल किया गया। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने टीम की घोषणा की, जिसमें भाकर दो व्यक्तिगत स्पर्धाओं (महिलाओं की 10 मीटर और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा) में जगह बनाने वाली एकमात्र सदस्य हैं।

### प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं

टीम के कुल 13 सदस्य म्यूनिख जाने वाली टीम में भी हैं। इसमें महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन (3पी) और 25 मीटर पिस्टल प्रतियोगिताओं में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राष्ट्रीय टीम में पुरुष एयर राइफल में संदीप सिंह की वापसी हुई है। कुसाले और संदीप पेरिस खेलों में भाग लेने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा करते दिखेंगे।

## खबर संक्षेप

### आईएम विजयन को डिप्टी कमांडेंट के पद पर पदोन्नत किया गया



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार ने भारतीय फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी आई एम विजयन के लिए मालाबार स्पेशल पुलिस बटालियन में डिप्टी कमांडेंट का अतिरिक्त पद सृजित करने और खेल में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें इस पद पर नियुक्त करने का आदेश पारित किया। विजयन वर्तमान में मालाबार विशेष पुलिस बटालियन में सहायक कमांडेंट हैं। यह आदेश विजयन के पुलिस से सेवानिवृत्त होने से एक दिन पहले आया है। विजयन को पद्मश्री से सम्मानित किया गया है और वह केरल पुलिस फुटबॉल टीम के निदेशक भी हैं। वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ के तकनीकी समिति के प्रमुख भी हैं।

### सुदीरमन कपः इंडोनेशिया से हारकर बाहर हुआ भारत



**शियामेन।** लंबे समय से खराब लय में चल रहे एचएच प्रणय और ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने एक बार फिर निराश किया जिससे भारत मंगलवार को ग्रुप डी के मैच में इंडोनेशिया से 1-3 से पिछड़ने के साथ ही बीडब्ल्यूएफ सुदीरमन कप फाइनल से बाहर हो गया। भारत को इससे पहले रविवार को अपने शुरुआती मैच में डेनमार्क से 1-4 से हारने के बाद नॉकआउट चरण की दौड़ में बने रहने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। इस हार ने इंग्लैंड के खिलाफ भारत के आखिरी ग्रुप मैच को महत्वहीन बना दिया है। इंग्लैंड भी टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। अपने शुरुआती मैच में इंग्लैंड को 5-0 से हराने वाले इंडोनेशिया और डेनमार्क ने ग्रुप डी से नॉकआउट चरण में अपनी जगह पक्की की। डेनमार्क ने भी मंगलवार को इंग्लैंड को 5-0 से शिकस्त दी। डेनमार्क के खिलाफ महिला और पुरुष एकल मैच में हार का सामना करने वाले क्रमशः सिंधू और प्रणय इंडोनेशिया के अपने प्रतिद्वंद्वियों की चुनौती से पार नहीं पा सके।

दक्षिण अफ्रीका को 15 रन से हराया

# प्रतिका, हरमन, जेमिमा-स्मृति ने बरपाया कहर





एजेंसी ▶▶| कोलंबो

इस समय खेली जा रही त्रिकोणीय सीरीज 2025 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने अपने दूसरे मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम को 15 रन से हराते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कोलंबो में खेले गए मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 276/6 का स्कोर बनाया।

जवाब में दक्षिण अफ्रीकी टीम तजमीन ब्रिट्स के शतक (109) के बावजूद 261 रन पर ढेर हुई।

### भारत की अच्छी शुरुआत

भारत को प्रतिका रावल (78) और स्मृति मंधाना (36) ने अच्छी शुरुआत दिलाई। वहीं मध्यक्रम में हरमनप्रीत कौर (41) और जेमिमा रोड्रिग्स (41) ने उम्दा पारियां खेलते हुए टीम का स्कोर 250 के पार पहुंचाया। जवाब में दक्षिण अफ्रीका से लौरा वोल्वार्ड्ट (43) और शतकवीर ब्रिट्स (108) ने 140 रन की साझेदारी की। हालांकि, इन दोनों के अलावा अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने में नाकाम रही और टीम को शिकस्त मिली। भारत से स्नेह राणा ने 5 विकेट लिए।

### प्रतिका का लगातार दूसरा अर्धशतक

भारत की सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल ने त्रिकोणीय सीरीज 2025 में लगातार दूसरा अर्धशतक लगाया। उन्होंने 51 गेंदों में 78 रन की पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। इस बीच उन्होंने मंधाना के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 83 रन भी जोड़े। रावल के वनडे करियर का यह 5वां और लगातार दूसरा अर्धशतक रहा।

### स्नेह राणा ने पहली बार चटकाए 5 विकेट

भारत की जीत में स्नेह राणा की अहम भूमिका रही। इस ऑफ स्पिनर ने अपने 10 ओवर के कोटे में 43 रन देते हुए 5 विकेट लिए। उन्होंने लारा गुडाल और ब्रिट्स जैसी प्रमुख बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। यह राणा का वनडे क्रिकेट में पहला 5 विकेट हॉल रहा। उनके नाम अब 29 मैचों में 29.00 की औसत और 4.58 की इकॉनमी रेट से 37 विकेट लिए हैं।

### तजमीन का शतक

दक्षिण अफ्रीका की अनुभवी बल्लेबाज तजमीन ब्रिट्स ने अपने वनडे करियर का तीसरा शतक लगाया। उन्होंने 107 गेंदों में 109 रन की संघर्षपूर्ण पारी खेली, जिसमें 13 चौके और 3 छक्के शामिल रहे।

## नौसेना हाफ मैराथन विजेता रामेश्वर मुंजाल डोपिंग के कारण पांच साल के लिए प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** नौसेना के धावक रामेश्वर मुंजाल को मंगलवार को विश्व एथलेटिक्स की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने प्रतिबंधित पदार्थों की जांच में पॉजिटिव आने के बाद पांच साल का प्रतिबंध लगा दिया। उनके प्रतिबंध की अवधि 14 अप्रैल, 2025 (अनंतिम निलंबन की तिथि) से शुरू हुई। मुंजाल ने पिछले साल आठ दिसंबर को मुंबई में नौसेना हाफ मैराथन का खिताब जीता था। लेकिन अब उनसे यह खिताब छीन लिया गया है क्योंकि प्रतियोगिता के दौरान उनके नमूने में एरिथ्रोपीटिन और दरबेपोएटिन पाया गया था। यह दोनों प्रतिबंधित पदार्थ की सूची में आते हैं। इस 27 साल के खिलाड़ी ने तब एक घंटे नौ मिनट और तीन सेकंड के समय के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया था।



**मुंजाल ने स्वीकारा अपना अपराध :** उनके नमूने का परीक्षण नयी दिल्ली में विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में किया गया था, जिसने इस वर्ष 12 मार्च को उनकी रिपोर्ट दी थी। एआईयू ने मुंजाल की जांच रिपोर्ट की समीक्षा करने के बाद उन्हें डोपिंग में लिप्त होने की सूचना दी। मुंजाल ने सोमवार को डोपिंग रोधी नियम के उल्लंघन की बात स्वीकार कर लिया।

# रैपिड वर्ग में चितंबरम संयुक्त रूप से शीर्ष पर

एजेंसी ▶▶| वारसा

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चितंबरम ने दबाव में अच्छा प्रदर्शन करते हुए ग्रैंड शतरंज टूर के तहत आयोजित 'सुपरबेट रैपिड एंड ब्लिट्ज टूर्नामेंट' के रैपिड दौर के आखिरी गेम में फ्रांस के अलिरेजा फिरोजा को हरा कर 11 अंकों के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल कर लिया।

वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट का टिकट हासिल करने वाले चितंबरम को फिरोजा और स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव की बराबरी करने के लिए इस मुकाबले में जीत की जरूरत थी। उन्हें भाग्य का भी साथ मिला क्योंकि फ्रांस के खिलाड़ी ने थोड़ी जल्दी हार मान ली। फिरोजा के पास इस मुकाबले को बराबरी पर रोकने का मौका था।



### प्रज्ञानानंदा चौथे पायदान पर पहुंचे

आर प्रज्ञानानंदा ने अंतिम दो राउंड में रोमानिया के डेविड गैवरिल्सकू और डूडा पर जीत के साथ शानदार वापसी की और 10 अंक के साथ संयुक्त रूप से चौथे पायदान पहुंच गये। प्रज्ञानानंदा शुरुआती छह गेम के बाद पांच अंक के साथ पिछड़ रहे थे लेकिन उन्होंने वाचियर-लाग्रेव को बराबरी पर रोकने के बाद आखिरी दो गेम को जीतकर मजबूत वापसी की।

### प्वाइंट टेबल पर खिलाड़ियों की रेंक

अन्य खिलाड़ियों फ्रांस के मैक्सिम वचियर-लाग्रेव नौ अंकों के साथ उनसे बहुत पीछे नहीं हैं, जो रोमानिया के डेक बोगदान डैनियल और डुडा से एक अंक आगे हैं। गवरिलस्कू दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट में सात अंकों के साथ नौवें स्थान पर हैं, जो पूर्व विश्व चैंपियन वेसेलिन टोपालोव से दो अंक अधिक हैं। इस टूर के पहले आयोजन में ब्लिट्ज वर्ग के 18 मुकाबले अभी बाकी है।

### अरविंद ने जीत के साथ की शुरूआत

अरविंद ने दिन की शुरुआत डुडा पर जीत के साथ की। उन्हें इसके बाद आठवें दौर के मैच में वाचियर-लाग्रेव से हार का सामना करना पडा। इस हार से हालांकि उनका हौसला कम नहीं हुआ और उन्होंने फिरोजा पर जीत के साथ शीर्ष स्थान सुनिश्चित की। इस टूर में खिलाड़ियों को जीत के लिए दो अंक और ड्रॉ पर एक अंक मिलता है।

रॉयल्स ने 15.5 ओवर में जीत दर्ज कर रचा इतिहास

# राजस्थान ने सबसे तेज 200+ रन का लक्ष्य किया हासिल

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 47वें मैच में राजस्थान रॉयल्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 8 विकेट से जीत दर्ज की। जयपुर में हुए मुकाबले में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 209/4 का स्कोर बनाया। जवाब में बड़े लक्ष्य को राजस्तान ने वैभव सूर्यवंशी के शतक (101) की बदौलत रिकॉर्ड 15.5 ओवर में ही हासिल किया। ऐसे में आइए आईपीएल इतिहास में सबसे तेज 200+ रन का लक्ष्य हासिल करने वाली टीमों पर नजर डालते हैं।



### राजस्थान बनाम गुजरात (15.5 ओवर, 2025)

इस सूची में अब आरआर की टीम दूसरे नंबर पर पहुंच गई है। आईपीएल 2025 के 47वें मैच में आरआर का सामना जीटी से हुआ था। मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शुभमन गिल (84) और जोस बटलर (50*) की पारियों की बदौलत 209/4 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरआर ने सूर्यवंशी (101) और यशस्वी जायसवाल (60*) की पारियों की बदौलत 15.3 ओवर में ही 2 विकेट पर 212 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

**बेंगलुरु बनाम गुजरात (16 ओवर, 2024)**

इस सूची में रॉयल चैलेंज बेंगलोर की टीम दूसरे नंबर पर है। आईपीएल 2024 के 45वें मैच में आरसीबी का सामना जीटी से हुआ था।मैच में जीटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए साई सुदर्शन (84*) और शाहरुख खान (58) की पारियों की बदौलत 200/3 का स्कोर बनाया था। जवाब में आरसीबी ने विल जैक्स (100*) और विराट कोहली (70*) की पारियों की बदौलत 16 ओवर में ही 1 विकेट पर 206 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

**दिल्ली बनाम गुजरात (17.3 ओवर, 2017)**

इस मामले में दिल्ली कैपिटल्स की टीम चौथे पायदान पर है। आईपीएल 2017 के 42वें मैच में डीसी का सामना गुजरात लायंस से हुआ था। मैच में गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुरेश रैना (77) और दिनेश कार्तिक (65) की पारियों की बदौलत 208/7 का स्कोर बनाया था। जवाब में डीसी ने ऋषभ पंत (97) और संजू सैमसन (61) की पारियों की बदौलत 17.3 ओवर में ही 3 विकेट पर 214 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

**मुंबई बनाम बेंगलुरु (16.3 ओवर, 2023)**

इस सूची में मुंबई इंडियंस की टीम तीसरे पायदान पर है। आईपीएल 2023 के 54वें मैच में एमआई का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हुआ था। मैच में आरसीबी ने फाफ डु प्लेसिस (65) और ग्लेन मैक्सवेल (68) की पारियों की बदौलत 199/6 का स्कोर बनाया था। जवाब में एमआई ने सूर्यकुमार यादव (83) और नेहल वढेरा (52*) की पारियों की बदौलत 16.3 ओवर में ही 4 विकेट पर 200 रन बनाते हुए लक्ष्य हासिल कर लिया।

# भगोरिया, गोंड कला, नर्मदा परिक्रमा अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल

## मप्र पर्यटन बोर्ड की पहल, यूनेस्को की नोडल एजेंसी संगीत नाटक अकादमी ने राष्ट्रीय सूची में किया सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के क्रम में मप्र टूरिज्म बोर्ड की पहल पर यूनेस्को की नोडल एजेंसी संगीत नाटक अकादमी ने मप्र की तीन विरासतों को अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की राष्ट्रीय सूची में सम्मिलित किया है। इन विरासतों में भगोरिया आदिवासी नृत्य, गोंड आदिवासी चित्रकला और नर्मदा परिक्रमा शामिल हैं। आगामी वर्षों में यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की अंतरराष्ट्रीय सूची में इन्हें सम्मिलित किया जा सकता है।



### गोंड आदिवासी चित्रकला, पाटनगढ़

1400 वर्षों से अधिक समय से सहेजी गई पाटनगढ़ की गोंड आदिवसी चित्रकला प्रकृति और संस्कृति के बीच गहरे संबंधों को दर्शाती है। दीवार के भित्त चित्र हों या जीवन शैली के उत्पाद, इन सभी को जीवंत रंगों, जटिल रचनाओं और मनमोहक अभिव्यक्ति के माध्यम से तैयार किया जाता है।

### अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बनेंगे प्रमुख आकर्षण का केंद्र

प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में हम प्रदेश की सांस्कृतिक और पारंपरिक विरासतों को विश्व पटल पर पहचान दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई है। सूची में नामांकित होने से यह अंतर्राष्ट्रीय पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेंगे।



### प्राचीन काल से चली आ रही पवित्र नर्मदा परिक्रमा

भारत के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व को दर्शाती, प्राचीन काल से चली आ रही पवित्र आध्यात्मिक नर्मदा परिक्रमा तीर्थयात्रा में देवी के रूप में पूज्यनीय मां नर्मदा नदी के चारों ओर 3500 किलोमीटर नंगे पैर परिक्रमा की जाती है। यह ऐतिहासिक घाटों, मंदिरों और पवित्र शहरों से होकर गुजरती है। जिसका वर्णन महाकाव्यों और प्राचीन पवित्र ग्रंथों में मिलता है।



### भगोरिया आदिवासी नृत्य

भील जनजाति के बीच खुशी, एकता और परंपरा का एक जीवंत उत्सव भगोरिया आदिवासी नृत्य, भगोरिया हॉट का अंग है, जिसे भील समुदाय के लोग होली के त्यौहार से सात दिन पहले मनाते है। भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करने की परंपरा पर आधारित इस त्यौहार में पारंपरिक संगीत वाद्ययंत्रों की प्रस्तुति के साथ समूह नृत्य होता हैं।

### यह होती हैं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत

अमूर्त सांस्कृतिक विरासत में वे परंपराएं, प्रथाएं, ज्ञान और कौशल शामिल हैं, जो हमारे पूर्वजों से विरासत में मिले हैं और भविष्य की पीढ़ियों को दिए जाते हैं। मूर्त विरासतों में स्मारक या भौतिक कलाकृतियां शामिल होती हैं, वहीं अमूर्त सांस्कृतिक विरासत एक संस्कृति की जीवंत अभिव्यक्तियों को संदर्भित करती है। इसमें मौखिक परंपराएं, कलाएं, सामाजिक अनुष्ठान, उत्सव के कार्यक्रम, प्रकृति के बारे में ज्ञान और पारंपरिक शिल्प शामिल होते हैं।

---

## शहीद भवन में बालमन नाट्य समारोह में नाट्य व नृत्य प्रस्तुतियां आयोजित

# सामाजिक बुराइयों पर तीखा प्रहार करतीं नाट्य प्रस्तुतियां

मां नर्मदा का स्वरूप दर्शाती नृत्य प्रस्तुतियां रहीं खास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सबिंदु सिन्धु सुस्खल तरंग भंग रंजितम द्विषत्सु पाप जात जात कारि वारि संयुतम.... 'आरंभ' द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त पंक्तियों से सुज्जित मां नर्मदा अष्टकम की प्रस्तुति में मां नर्मदा को प्रणाम किया, वहीं 'उत्सव' में साल के हर महीने में मनाए जाने वाले त्यौहारों का महत्व और उन्हें मनाने का तरीका प्रतिबिंबित करती नृत्य नाटिकाएं देखने को मिली मंगलवार शाम शहीद भवन में आयोजित बालमन नाट्य समारोह में।

जिसके अंतर्गत बाल कलाकारों की पांच नाट्य व नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन जीत लिया। जिसमें पहली नाट्य प्रस्तुति 'सद्गति' की रही, जिसमें निर्देशन रचना मिश्रा का रहा। दूसरी प्रस्तुति 'जैसी करनी वैसी भरनी' में निर्देशन नमिता बनसोड़ का और तीसरी नाट्य प्रस्तुति 'लालच की हार' में निर्देशन अनुज शर्मा का रहा। वहीं चतुर्थ नृत्य नाटिका 'आरंभ' को निर्देशित पलक रामूसे ने किया एवं अंतिम नृत्य नाटिका 'उत्सव' का निर्देशन भूमिका ठाकुर ने किया।



### पंडित की बीमारी में नीच जात वाला ही आता है काम

छुआछूत की कहानी कहते 'सद्गति' नाटक में इस नाटक में दिखाया कि कैसे एक पंडित गरीब दुखिया को नहीं छूता, लेकिन जब स्वयं बीमार होता है तो नीची जात का व्यक्ति पंडित को अस्पताल पहुंचाता है। वहीं दूसरी नाट्य प्रस्तुति 'जैसी करनी वैसी भरनी' एक कंजूस सेठ और गरीब व्यक्ति की कहानी पर आधारित है जिसमें गरीब व्यक्ति सेठ को लूटता है और अंततः सेठ को अपनी गलती का अहसास होता है। वहीं तीसरी नाट्य प्रस्तुति 'लालच की हार' तेनाली राम की सूझबूझ पर आधारित है जिसमें दिखाया कि राजा की मां का देहांत होने पर सौ ब्राह्मण राजा से सोने की वस्तु मांगते है लेकिन तेनाली राम की चतुराई से ब्राह्मणों की असलियत सामने आती है।

### मकर संक्रांति, महाशिवरात्रि को दर्शाती 'उत्सव' की प्रस्तुति

वहीं नृत्य नाटिका 'आरंभ' में भूमि मंगलम की प्रस्तुति खास रही इसके बाद गणेश वंदना और मां नर्मदा अष्टकम पर आधारित प्रस्तुति के बाद नृत्य नाटिका 'उत्सव' को दर्शाया गया जिसमें साल के हर महीने में मनाए जाने वाले त्योहारों लोहड़ी, मकरसंक्रांति, महाशिवरात्रि से लेकर क्रिसमस तक के बारे में नृत्य के माध्यम से दर्शाया गया।



---

लोक संगीत और गजलों से सजी आकाशवाणी में 'स्वरांजलि' प्रस्तुति

# जरा सी बात है मुंह से निकल ना जाये कहीं....

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नजर नवाज नजर बदल ना जाए कहीं, जरा सी बात है मुंह से निकल ना जाये कहीं.... दुष्यंत कुमार की इस गजल के साथ ही जब गणेशदत्त जोशी ने बात करनी मुझे मुश्किल कभी ऐसी तो ना थी... गजल सुनाई तो श्रोता झूम उठे। लोक संगीत और गजलों की ऐसी स्वर लहरियों से सजी महफिल का आयोजन किया आकाशवाणी में आयोजित 'स्वरांजलि' प्रस्तुति में, जिसमें शहर के जाने माने गजल गायकों ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



### छूट गई नैहर की गलियां हो, कब अउबै लऊटि

वहीं बघेली लोकगीत गायक रामकिशोर त्रिपाठी ने विदाई गीत छूट गई नैहर की गलियां हो, कब अउबै लऊटि के... सुनाकर बेटी की विदाई का समय याद दिला दिया तो वहीं हरदी से रंगी है पियरिया, छुड़ाये नहीं छोटे हो... सुनाकर गांव की देहरी की याद दिलाई। कार्यक्रम का समापन रामकिशोर त्रिपाठी ने सोहर गीत कहना से आई पियरिया पियारिया लगी झालर हो..... सुनाया।

# वर्तमान समय लघुकथा का, लेकिन इसके लिए लघुकथाकारों की जिम्मेदारी भी बड़ी

## *वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ. अशोक भाटिया ने कहा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

निःसंदेह वर्तमान समय लघुकथा का है साथ ही इसका भविष्य भी उज्ज्वल है, बहुत संघर्षो के बाद लघुकथा को यह स्थान मिला है, इसको बनाये रखने के लिये, समकालीन लघुकथाकारों की जिम्मेदारी बड़ी है.... यह उदगार हैं वरिष्ठ लघुकथाकार डॉ. अशोक भाटिया के जो लघुकथा शोध केंद्र समिति द्वारा आयोजित वर्तमान लघुकथा और चुनौतियां विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में बोल रहे थे।



केंद्र की निदेशक कांता रॉय ने केंद्र के पुस्तकालय के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा केंद्र की आगामी शोध संबंधी योजनाओं से अवगत करवाया।

आयोजन में केंद्र के सचिव घनश्याम मैथिल अमृत, सुनीता प्रकाश, डॉ मौसमी परिहार, डॉ. गिरजेश सक्सेना, सेफलिका श्रीवास्तव, मधुलिका सक्सेना, चौरे सहित अनेक लघुकथाकार उपस्थित थे।

---

मानव संग्रहालय में पोस्टर चित्रों की प्रदर्शनी

# नजर आया स्वच्छ भारत अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश

## प्रतिभागियों ने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन कर बटोरी प्रशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत मंगलवार को मानव संग्रहालय में पोस्टर चित्रों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के 18 छात्रों द्वारा बनाई गई रचनात्मक पेंटिंग्स को प्रदर्शित किया गया। अपनी कलाकृतियों के माध्यम से, बच्चों ने स्वच्छ भारत की अवधारणा, पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक मुक्त राष्ट्र और व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता दोनों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रकाश डाला। प्रतिभागियों ने अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करने के साथ ही स्वच्छता के महत्व पर अधिक प्रशंसा बंटौरी। ललित कला के सहायक प्रोफेसर गोविंद विश्वकर्मा ने प्रतियोगिता का निर्णय लिया और चित्रों का मूल्यांकन किया।




# डीपीएस के साथ नवनिध हसोमल लखानी स्कूल रहा विजेता

## *'स्वर्ण संस्कृति-स्वर्णिम संस्कृति' थीम पर अंतरविद्यालयीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

युवा उत्साह और कलात्मक प्रतिभा के जीवंत प्रदर्शन में, आर्मी पब्लिक स्कूल, भोपाल ने 'स्वर्ण संस्कृति-स्वर्णिम संस्कृति' थीम पर बहुप्रतीक्षित अंतरविद्यालयीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। जो लय, गति और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के एक गतिशील संगम के रुप में नजर आई।

यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए सीमाओं को पार करने के लिए एक शानदार मंच के रूप में कार्य करती है चाहे वह रामायण की कालातीत कृपा हो या महाभारत की स्पंदित ऊर्जा, हर प्रदर्शन छात्रों के समर्पण और कलात्मक नवाचार का प्रमाण था।



### सागर पब्लिक स्कूल रहा उपविजेता

निर्णायकों के पैनल में प्रसिद्ध नृत्य पेशेवर प्रदीप कृष्णन, मंजुमणि हथवलने, कल्याणी फागरे शामिल थे। प्रतिष्ठित विजेता ट्रॉफी नवनिध हसोमल लखानी पब्लिक स्कूल और दिल्ली पब्लिक स्कूल, कोलार को प्रदान की गई, जबकि सीनियर और जूनियर दोनों श्रेणियों में सागर पब्लिक स्कूल गांधीनगर दूसरे स्थान पर रहा।

---

## दुष्यंत कुमार की 50 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर संग्रहालय में मासिक आयोजन

# अंततः मानवीय बैचेनी तक पहुंचती हैं दुष्यन्त की कविताएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यन्त कुमार संग्रहालय में मंगलवार को दुष्यंत कुमार की 50 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मासिक आयोजन के तहत दुष्यंत की कविताओं का पाठ युवा रचनाकारों , कलाकारों ने किया।






### सबसे कम व्याख्या की मांग करती दुष्यंत की कविताएं



*दुष्यन्त के कवि कर्म पर प्रकाश डालते हुएश राजेश जोशी ने कहा बहुत पहले कवि नामक एक पत्रिका निकलती थी जिसमें एक कवि और उस पर एक साहित्यकार की टिप्पणियां प्रकाशित जिसमें केदारनाथ सिंह की टिप्पणी प्रकाशित हुई थी। इस टिप्पणी में केदारनाथ ने कहा था कि दुष्यंत की कविताएं सबसे कम व्याख्या की मांग करती है। उनकी कविताएं इतनी सीधी सरल, सहज होती है कि उन्हें किसी तरह की व्याख्या की आवश्यकता नहीं होती है।*

### भावुकता प्रधान, जीवन के अनुभव से उपजी कविताएं

इस अवसर पर बलराम गुमास्ता ने कहा कि दुष्यंत की कविताएं मानवीय बेचैनी का एक रूप है और उनकी सारी समस्याएं और बेचैनी कविता के रूप में सामने आती हैं। ये कविताएं भावुकता प्रधान है और जीवन के अनुभव से उपजी हैं।

नृत्य दिवस पर नृत्य वंदना का आयोजन

# हर्ष, शोक, विरह जैसे मनोभावों की अभिव्यक्ति ने जीता मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस पर आकृति गार्डन नेहरू नगर में नृत्य वंदना का आयोजन किया गया। कथक नृत्य निर्देशक प्रियंवदा के नेतृत्व में नृत्य कलाकारों नटराज वंदना और विभिन्न शास्त्रीय और सुगम नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से हर्ष, शोक, श्रृंगार, विरह, उत्साह आदि मनोभावों की सुंदर अभिव्यक्ति दी। मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संगीतकार पं. अजय कुलकर्णी ने कहा कि नृत्य ईश्वर की आराधना का सशक्त माध्यम है। इसमें जीवन के सभी रंग हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930